जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, गुरुवार 25 मई, 2023

67 Years of trust

SINCE ओसवाल 1956
OSWAL SOAP GROUP

*हर रिश्ते का रखे ख्याल...*

## शुद्ध, सेहतमंद और बेहतरीन स्वाद
## हमारी परम्परा, हमारी पहचान




धनिया पाउडर मिर्ची पाउडर हल्दी पाउडर

ओसवाल मसाले देते हैं स्वाद और सुगंध के साथ शुद्धता का पूरा भरोसा। इन मसालों को उच्च क्वालिटी और मानकों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, साथ ही ये एगमार्क प्रमाणित भी है, जिससे आपको मिले बिना मिलावट 100% शुद्ध मसाले।

**100g, 200g, 500g एवं 1kg के पैक में उपलब्ध**

## ओसवाल है, तो शुद्धता की पूरी गारंटी है।

भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA

मसाले खरीदते समय एगमार्क का निशान ज़रूर देखें।





MercuryDesign.in

नकली माल से सावधान

ओसवाल सोप ग्रुप

अधिक जानकारी के लिए
+91 91161 71956, 96802 01956 पर कॉल करें

विपणन :
उत्तम चंद देसराज

**अब घर बैठे मँगवाएं ओसवाल उत्पाद**

**OswalSoap.com** पर जाएं या स्कैन करें और **ओसवाल एप** डाउनलोड करें

GET IT ON Google Play


ओसवाल सोप ग्रुप
OSWAL SOAP GROUP
SINCE
ओसवाल
1956
हर रिश्ते का रखे ख्याल...
6 करोड़ परिवारों का विश्वास
जब अपने घर का हो सवाल, तो सिर्फ ओसवाल
क्वालिटी प्रोडक्ट्स की विशाल श्रृंखला
ओसवाल सोप
1kg
डिशवॉश टब
1kg
व्हाइट सोप
1kg
वॉशिंग पाउडर
1kg
डिटर्जेंट पाउडर
100g
नहाने का साबुन
75g
ग्लिसरिन बाथ सोप
250ml
लिक्विड हैंड वॉश
500ml
लिक्विड डिशवॉश
1Ltr.
डिटर्जेंट लिक्विड
1Ltr.
टॉयलेट क्लीनर
1kg
देसी खांड
1kg
चाय पत्ती
250g
डस्ट चाय
800g
पोहा
1kg
जीरा
1kg
OSWAL ROCK SALT
सैंधा नमक
1kg
OSWAL BLACK SALT
काला नमक
1kg
बासमती चावल
500g
हल्दी पाउडर
1kg
मिर्च पाउडर
500g
धनिया पाउडर
1Ltr. 5Ltr.
कच्ची घानी तेल
1Ltr. 5Ltr.
रिफाइंड सोयाबीन तेल
1Ltr.
रिफाइंड सोयाबीन तेल पाउच
5Ltr. 1Ltr.
मूंगफली तेल
50g
अगरबत्ती
घास की झाड़ू
1kg
CHANA DAL
चना दाल
1kg
MOONG DAL
मूंग दाल
1kg
HARI MOONG DAL
हरी मूंग दाल
1kg
KABULI CHANA
काबुली चना
1kg
TOOR DAL
तूअर दाल
1kg
URAD DHULI DAL
उड़द धुली दाल
अब घर बैठे मँगवाए ओसवाल उत्पाद
ओसवाल रिटेल शॉप्स की जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें
Follow us on :
OswalSoap.com
अधिक जानकारी के लिए
+91 9116171956, 9680201956 पर कॉल करें
Marketed by Uttam Chand Desraj
नकली माल से सावधान
स्कैन करें और ओसवाल के उत्पाद खरीदें।
GET IT ON Google Play

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBIT




Scorch Earth Policy of Pratap

Villagers breached their own water-reservoirs before abandoning, to prevent enemy forces access to food, fodder and water.

FITNESS: Healthy Habits

Yes, Your Water Can Go Bad

Water doesn't rot or spoil like many foods, but there's definitely a shelf life.



*पिछले कुछ दिनों की झुलसाती तेज गर्मी से जयपुरवासियों को बुधवार को बड़ी राहत मिली। राजधानी में बुधवार दोपहर 12 बजे से देर रात तक तेज बारिश का दौर चलता रहा। ऐसा लगा मानो ''सावन की झड़ी लगी हो''। तूफानी हवाओं के साथ शहर में कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे। करीब चार घंटे में ही दिन का तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 17 डिग्री पर आ पहुंचा। झमाझम बारिश के कारण जयपुर का मौसम एकदम खुशनुमा हो गया। हालांकि, बारिश के कारण शहर में जगह-जगह सड़कों पर पानी भर गया, जिससे लोगों को कुछ परेशानियाँ भी उठानी पड़ी। शाम साढ़े पांच बजे तक मौसम विभाग ने जयपुर शहर में 13.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की। जयपुर के नजदीक जोबनेर, कालवाड़, फुलेरा, सांभर व रेनवाल में भी तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई।*

# 'प्रजातंत्र की आत्मा, खींच कर, संसद से निकाली गई है'

## 'अतः हम नये संसद भवन को महत्वहीन मानते हैं, और उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करेंगे'

- 19 विपक्षी पार्टियों ने नये संसद-भवन के बारे में एक संयुक्त वक्तव्य देकर बायकाट की घोषणा की।
- विपक्ष के अनुसार, ''संविधान की धारा 79 में यह भी स्पष्ट लिखा है कि, भारत के राष्ट्रपति व संसद के दोनों सदन मिलकर संसद का गठन होता है।
- ''राष्ट्रपति के देश के राष्ट्राध्यक्ष ही नहीं हैं, बल्कि संसद का अभिन्न अंग हैं। राष्ट्रपति, संसद के सत्रों को आहूत करते हैं, तथा सत्रावसान करते हैं, तथा संसद को संबोधित करते हैं। तथा संसद द्वारा पारित विधेयकों को स्वीकृत करके लागू करते हैं। संसद बिना राष्ट्रपति के काम नहीं कर सकती।''
- ''अतः प्र.मंत्री द्वारा स्वयं नये संसद भवन का उद्घाटन करना, देश के राष्ट्रपति की अवहेलना व अपमान है।''
- पर, चार गैर भाजपा विपक्षी पार्टियां इस बहिष्कार में शामिल नहीं हैं। उड़ीसा की बी.जे.डी., तेलंगाना की बी.आर.एस., आंध्र की वाय.एस.आर. सी.पी., तथा उत्तर प्रदेश की बसपा, विपक्ष की घोषणा के पक्ष में खड़ी नहीं हुई।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 मई। देश में लोकतंत्र की हालत पर दुखभरी टिप्पणी करते हुये, 19 विपक्षी दलों, जिनमें कांग्रेस भी शामिल हैं, ने आज एक संयुक्त वक्तव्य जारी कर दिया। वक्तव्य में घोषणा कर दी कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रविवार को किये जा रहे नये संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करेंगे।

विपक्षी दलों ने एक संयुक्त घोषणा में कहा, ''जब संसद से लोकतंत्र की आत्मा ही खींच कर निकाल दी गई है तो हमें इस नये भवन का कोई मूल्य नज़र नहीं आता। हम नये संसद भवन के उद्घाटन के बहिष्कार के अपने सामूहिक निर्णय की घोषणा करते हैं।''

इस वक्तव्य को जारी करने वाले दल हैं- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, द्रमुक, आम आदमी पार्टी, शिव सेना (यू.बी.टी.), समाजवादी पार्टी, कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, झारखंड मुक्ति मोर्चा, केरल कांग्रेस (मणि), विदुथलाई चिरुथाइगल काची, राष्ट्रीय लोक दल, तृणमूल कांग्रेस, जनता दल (यूनाइटेड), नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी, कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी), राष्ट्रीय जनता दल, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, नैशनल कॉन्फ्रेंस, रिवॉल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी तथा एम.डी.एम.के., मुनेत्र कणगम।

एक वक्तव्य में पार्टियों ने कहा कि नये संसद भवन का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण अवसर है। पार्टियों ने कहा, ''हमारी यह मान्यता है कि सरकार लोकतंत्र के लिये संकट पैदा कर रही है तथा जिस स्वैच्छाचारी तरीके से यह संसद भवन बनवाया गया था, उस तरीके की निन्दा के बावजूद, हम मतभेदों को भुलाने तथा इस अवसर को पूरा महत्व देने के लिये खुले मन से तैयार थे। किन्तु, प्रधानमंत्री का यह निर्णय कि वे राष्ट्रपति मुर्मू को पूरी तरह नज़र अदांज करते हुए नये संसद भवन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

# 'मणिपुर के जातीय दंगों के लिये भाजपा पूर्णतया जिम्मेवार'

## 'कांग्रेस ने यह भी कहा कि, प्र.मंत्री व गृह मंत्री कर्नाटक के चुनाव में पूर्णतया व्यस्त थे, अतः मणिपुर में भाजपा के मु.मंत्री, ने मेईती व कुकी पार्टियों का ध्रुवीकरण करवाया'

- कांग्रेस के प्रवक्ता अजॉय कुमार ने भाजपा पर यह आरोप लगाया और कहा, ये दोनों जातियां दशकों से साथ-साथ, शांति से रहती आई हैं।
- पर, मणिपुर के मु.मंत्री ने दोनों जातियों में द्वेष फैलाकर दंगों को हवा दी।

-जाल खंबाता
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 मई। कांग्रेस ने मणिपुर में इतनी भारी हिंसा भड़काने के लिए सीधे तौर पर भाजपा और केन्द्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। कांग्रेस ने कहा जब मणिपुर हिंसा की आग में जल रहा था तब प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह कर्नाटक में चुनावी सभाओं में व्यस्त थे।

कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. अजय कुमार ने एक प्रैसा कॉन्फ्रैंस में कहा कि मणिपुर के दो समुदायों के बीच कभी भी इतनी भारी हिंसा नहीं हुई। इन दोनों समुदायों को भाजपा ने ध्रुवीकृत किया है। कुमार ने कहा कि मेईती और कुकी समुदायों में पहले कभी भी ऐसी हिंसा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मणिुपर के मुख्यमंत्री जनता को बांट रहे हैं, उन्होंने कुकी लोगों को जंगल छोड़ने को मजबूर किया, चर्च नष्ट किए, उन्होंने चिंता जताई कि वहां राजनैतिक नेताओं के हाथ में कुछ भी नहीं रहा है, दोनों समुदायों के अतिवादी तत्व अपनी मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेता आतंकवादियों की तरह बात कर रहे हैं। हिंसा की शुआत 5 मई को हुई थी पर 70 शव अभी भी इम्फाल अस्पताल के मुर्दाघर में पड़े हैं। कुमार ने कहा, मणिपुर संवेदनशील राज्य है। वर्ष 2016 में भी वहां ऐसी हिंसा हुई थी तब भी चन्द्रपुर अस्पताल के मुर्दा घर मे दस शव पूरे 100 दिन तक पड़े रहे, कोई उन्हें लेने नहीं आया।

उन्होंने कहा कि डरे सहमे लोगों का पुनर्वास किया जाए क्योंकि इम्फाल को छोड़कर कहीं भी सुरक्षा का दावा नहीं किया जा सकता है। कुमार ने कहा कि महासचिव मुकुल वासनिक एवं पूर्व मुख्यमंत्री इबोबी सिंह के नेतृत्व वाले हमारे प्रतिनिधि मंडल वाले हमारे पूर्व मुख्यमंत्री इबोबी सिंह के नेतृत्व वाले हमारे प्रतिनिधि मंडल ने देखा कि राहत शिविरों में सरकार और व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है।

कुमार ने कहा कि मरने वालों के परिवारों को न्यूनतम 20 लाख रु. और गंभीर रुप से घायलों को 5 लाख रु. और मामूली घायलों को एक लाख रु. का हर्जाना दिया जाए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि प्रधानमंत्री व गृहमंत्री तुरंत दोनों समुदायों के नेताओं से बात करें। उन्होंने कहा कि मीडिया समस्या की गंभीरता को समझे जहां 54,000 लोग विस्थापित हो गए है और जिनके पुनर्वास की जरुरत है।

# उद्धव ने भी केजरीवाल को पूर्ण समर्थन दिया

- उद्धव ठाकरे ने केजरीवाल से कहा है कि, दिल्ली के संबंध में पारित अध्यादेश के मसले पर संसद में शिव सेना आम आदमी पार्टी का साथ देगी।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 मई। उद्धव ठाकरे ने कहा है कि ''देश और लोकतंत्र को बचाने के लिए हम सब साथ हैं।'' इसके एक दिन पहले ममता बनर्जी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आश्वासन दिया थाकि तृणमूल कांग्रेस राज्यसभा में केन्द्र के अध्यादेश का विरोध करेगी।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरने ने बुधवार को दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार को समर्थन दिया और केन्द्र के अध्यादेश का विरोध किया जिसमें राष्ट्रीय राजधानी के सभी अफसरों की नियुक्ति व तबादले में राज्यपाल की भूमिका अंतिम मानी गई है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रेल वैगन पहिये बनाने के लिये नया प्लान्ट लगेगा

## एक हजार करोड़ की लागत से बनने वाले इस प्लांट में प्रतिवर्ष 2,00,000 पहिये बनेंगे

- एशिया का यह सबसे बड़ा प्लांट रेलवे की पहियों की ''डिमांड'' की अगले बीस वर्ष तक सप्लाई कर सकेगा, तथा नई प्रतिष्ठित हाई स्पीड ट्रेन्स जैसे वंदे भारत व मुम्बई-अहमदाबाद के लिये प्रस्तावित हाई-स्पीड ट्रेन्स के पहियों की डिमांड की भी पूर्ति करेगा।

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 मई। रेल के पहियों के निर्माण एवं निर्यात में छलांग लगाने की रणनीति के तहत, भारत में गत सप्ताह ''रामकृष्ण फोर्जिंग्स'' तथा ''टीटागढ़ वैगन्स'' के साथ संयुक्त रूप से अनुबंध कर लिया है कि वे 2,00,000 फोर्ज्ड व्हील्स की वार्षिक उत्पादन-क्षमता प्राप्त करने की व्यवस्था करें। जॉइंट वैन्चर (जे.वी.) कंपनी इस फैक्ट्री, जो अपनी किस्म की एशिया की सबसे बड़ी फैक्ट्री होगी, बनाने के लिये करीब 1,000 करोड़ रू. का निवेश करेगी। अनुबंध की शर्तों के अनुसार, यह फैक्ट्री, जो अपेक्षानुसार, 2025 तक काम शुरु कर देगी, अगले 20 वर्ष तक भारतीय रेलवे को 80,000 पहिये प्रतिवर्ष सप्लाई करेगी।

रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने हाल ही में कहा था कि इस टेन्डर का उद्देश्य इंडियन रेलवे (आई.आर.) ककी आयात-निर्भरता को कम करना है। उन्होंने आगे कहा कि इस प्लांट द्वारा निर्मित पहियें का उपयोग सेमी-हाई स्पीड ''वंदे भारत'' ट्रेनों तथा मुम्बई-अहमदाबार हाई स्पीड ट्रेन में किया जायेगा।

पिछले वर्षों में, आई.आर. की पहियों की आवश्यकता को बेंगलुरु तथा बेला में स्थित व्हील निर्माण करने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के दो प्लांट काफी हद तक पूरा करते रहे हैं। किन्तु आई.आर. के पास फोर्ज्ड व्हील्स की कमी रही है तथा इस आवश्यकता की पूर्ति पिछले वर्षों में अधिकांशतः पूर्वी यूरोपीय देशों से पहियों के आयात से की जाती रही है। निजी कम्पनियों को रेल-व्हील-निर्माण क्षेत्र प्रवेश देने की आई आर की पहल, बड़े पैमाने पर व्हील-निर्माण करने के घोषित लक्ष्यों के कारण की गई है, जिससे कि देश रेल पहियों के मार्केट में एक बड़ा निर्यातक बन सकें।

रेल के पहियों की जरूरत 2022 के बाद बहुत बढ़ी है क्योंकि आई आर ने 90,000 वैगन बनाने तथा 400 वन्दे भारत से भी हाई स्पीड ट्रेनों के निर्माण के बहुत बड़े अनुबल्प दे दिये थे। इसके अलावा, ईएमयू, ईएमडी लोकोमोटिवों, मेट्रो ट्रेनों तथा कोचों की संख्या भी बढ़ा दी गई थी।

रोचक बात यह है कि तीन वर्ष के विलम्ब के बाद, राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आर आई एन एल) जो

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'नैक्सा एवरग्रीन केस के आरोपियों का अपराधिक रिकॉर्ड पेश किया जाए'

जयपुर, 24 मई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश में हजारों लोगों से 2700 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी करने के प्रकरण में आरोपियों का संपूर्ण आपराधिक रिकॉर्ड एक सप्ताह में पेश करने के आदेश दिए है। जस्टिस उमाशंकर व्यास की एकलपीठ ने यह आदेश आरोपी ठग रणवीर सिंह बिजारणिया व अन्य आरोपियों की ओर से दायर जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

जमानत याचिका में कहा गया है कि, प्रकरण में आरोप पत्र पेश हो चुका है और याचिकाकर्ताओं का शिकायतकर्ता से राजीनामा हो गया है, ऐसे में उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। इस मामले में झोटवाड़ा थाने में पांच सौ से अधिक पीड़ितों की ओर से दर्ज एफ.आई.आर. में परिवादी पक्ष से अधिवक्ता राजेश चौधरी पेश हुए। उन्होंने अदालत को बताया कि

- राजस्थान हाई कोर्ट ने 2700 करोड़ के इस ठगी केस के आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि, इन आरोपियों का अपराधिक रिकॉर्ड एक सप्ताह में पेश किया जाए।

आरोपियों ने हजारों लोगों से कई हजार करोड़ रुपए की ठगी की है। ऐसे में उन्हें जमानत नहीं दी जाए। इस पर याचिकाकर्ता के वकील एसएस होरा ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि, प्रकरण सीकर से जुड़ी एफ.आई.आर. का है और शिकायतकर्ताओं का उससे राजीनामा हो गया है। ऐसे में अधिवक्ता राजेश चौधरी को इस प्रकरण में पक्ष रखने का अधिकार नहीं है। इस पर अदालत ने एक सप्ताह में आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड पेश करने के आदेश दिए हैं।

गौरतलब है कि, सेना से रिटायर रणवीर सिंह व अन्य आरोपियों पर आरोप है कि, उन्होंने प्रदेश के हजारों लोगों को गुजरात की धोलेरा सिटी में जमीन में निवेश करने पर भारी-भरकम रिटर्न का झांसा दिया। आरोपियों ने चौदह माह में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'हमको जे.डी.ए. से पट्टा नहीं मिल रहा, इसलिए हमको बिजली के कनैक्शन भी नहीं मिल रहें'

## सुनवाई के दौरान वकीलों ने खुला आरोप लगाया कि, जे.डी.ए. पट्टे इसलिए नहीं दे रही क्योंकि पट्टों के वितरण कैंप नहीं लग रहे और पट्टा वितरण कैंप आयोजित कराने के लिए अधिकारियों की जेब गरम नहीं की गई

- वकीलों के इस स्पष्ट आरोप से अदालत स्तब्ध रह गई।
- न्यायाधीश ने सुनवाई खत्म कर फैसला सुरक्षित किया।

- यादवेन्द्र शर्मा -

जयपुर, 24 मई। जयपुर। राजस्थान हाई कोर्ट में, पृथ्वीराज नगर योजना क्षेत्र में, सहकारी समिति द्वारा काटे गए पट्टों के मालिकों को बिजली कनैक्शन नहीं दिए जाने के संबंध में दायर याचिकाओं पर सुनवाई हुई। अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखा है और सभी सम्बंधित पक्षों को तीन दिन का समय दिया है, जिसके भीतर वह अदालत में उन लिखित तथ्यों को प्रस्तुत कर सकते हैं, जिन पर बहस नहीं हो पाई थी।

सुनवाई के दौरान न्यायमित्र पी.एन. भंडारी ने अदालत को पुनः बताया कि यह मामला जे.डी.ए. से जुड़ा हुआ नहीं है और ना ही पट्टे आवंटित करने से संबंधित है। उन्होंने अदालत को बताया कि यह मामला केवल बिजली कनैक्शन से जुड़ा हुआ है, जिसे सुप्रीम कोर्ट भी मौलिक अधिकार घोषित कर चुकी हैं।

उन्होंने अदालत को बताया कि बिजली विभाग यह जाँचने में सक्षम नहीं है कि, जिस उपभोक्ता को बिजली कनैक्शन आवंटित किया जा रहा है, वह जिस भूमि पर काबिज़ है, उस भूमि का वह मालिक है कि नहीं। उन्होंने कहा कि भूमि का मालिकाना हक जाँचने परखने के लिए अलग-अलग संस्थाएं व संगठन मौजूद हैं। अदालत को इस तथ्य से भी अवगत कराया गया कि अगर डिस्कॉम ने किसी अतिक्रमणकारी के पक्ष में बिजली कनेक्शन जारी कर भी दिया, तो भी जे.डी.ए. तथा अन्य संस्थाए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही का अधिकार रखती हैं और उसे कभी भी हटा सकती हैं। उन्होंने बताया कि केवल बिजली कनेक्शन से जमीन का मालिकाना हक तय नहीं किया जा सकता। बहस के दौरान यह मुद्दा भी सामने आया था कि विवादित भूमि पर काबिज़ व्यक्ति के हक में बिजली कनैक्शन दिया जाए, तो क्या वर्तमान नियमों के अंतर्गत, जिस पार्टी को कनैक्शन मिल रहा है, तो क्या जे.डी.ए. से पट्टा आवंटन करवाने का उसका दावा और मज़बूत हो जाता है?

सुनवाई के दौरान प्रताप नगर क्षेत्र में सहकारी समिति द्वारा काटी गई एक कॉलोनी के निवासी की ओर से भी पक्ष रखा गया था, कि राजस्थान हाई कोर्ट द्वारा वर्ष 2013 के सुगमसिंह मामले में दिए गए आदेश की वजह से विद्युत विभाग उक्त कॉलोनियों के निवासियों को बिजली कनेक्शन जारी नहीं कर पा रही। क्योंकि अदालत ने बिजली कनैक्शन केवल उन लोगों के पक्ष में जारी करने के आदेश दिये थे जिनके पास जे.डी.ए. पट्टे हैं। याचिकाकर्ता के वकील प्रहलाद शर्मा ने कहा कि वर्ष 2010 में राजस्थान हाई कोर्ट ने आदेश पारित किए थे जिसके तहत पृथ्वीराज नगर योजना की 11000 बीघा से भी अधिक भूमि को सरकार की भूमि घोषित कर दिया गया था और उक्त भूमि को 1974 के शहरी भूमि के डिस्पोज़ल से संबंधित नियमों के तहत ही विकसित या प्लान किया जा सकता है।

उन्होंने अदालत में कहा कि हाई कोर्ट के 2010 आदेशों की अवहेलना करते हुए जे.डी.ए. अधिकारियों ने उनकी कॉलोनी का नियम करने के लिए 13 साल में एक भी भी कैंप नहीं लगाया। उन्होंने कहा कि जब तक कॉलोनी के निवासी अपने स्थानीय डेप्यूटी कमिश्नर (डी.सी.) को पैसे नहीं खिलाते, तब तक जे.डी.ए. कॉलोनी का नियमन करने के लिए कैंप नहीं लगाती। उन्होंने कहा कि वह इस आरोप के संबंध में कोई सबूत पेश नहीं कर सकते, ''परन्तु अदालत स्वयं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पार्सल नहीं पहुंचा, कार्गो कंपनी पर 25,000 रू. का जुर्माना

जयपुर, 24 मई (का.सं.)। जिला उपभोक्ता आयोग जयपुर-द्वितीय ने गंतव्य जगह पर साडी के पार्सल के नहीं पहुंचने व इसके गुम होने को सेवादोष

- जिला उपभोक्ता आयोग द्वितीय ने पार्सल नहीं पहुंचाने व गुम होने को सेवा दोष माना और विजय एंड कार्गो टूर एंड ट्रैवल्स पर जुर्माना लगाया व परिवादी को सेवा शुल्क (9,450 रू.) ब्याज सहित लौटाने के भी आदेश दिए।

करार देते हुए विजय एंड कार्गो टूर एंड ट्रेवल्स, जयपुर व उसके प्रबंधक डीएस पूनिया पर 25 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। वहीं आयोग ने पार्सल की राशि 9,450 रुपए भी परिवादी को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी

# घरों में पार्किंग की गंभीर होती समस्या

भले ही यह बात थोड़ी अजीब अवश्य लगे पर अब शहरों में घरेलू या यों कहें कि निजी चौपहिया वाहनों की पार्किंग की समस्या गंभीर होती जा रही है। यह भी सही है कि यह समस्या केवल और केवल हमारे महानगरों की ही नहीं अपितु दुनिया के अधिकांश देशों के सामने तेजी से विस्तारित होती जा रही है। दुनिया के देश चौपहिया वाहनों की पार्किंग समस्या से दो–चार हो रहे हैं और इस समस्या के समाधान के लिए अनेक विकल्पों पर मंथन कर रहे हैं। यहां तक कि पार्किंग शुल्क से अच्छी–खासा आय होने लगी है। अकेले भारत की ही बात करें तो देश में करीब पांच करोड़ कारें चलन में हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार दिल्ली में उपलब्ध कारों की पार्किंग के लिए ही चार हजार से अधिक फुटवाल के मैदानों जितनी जगह की आवश्यकता है। अगर दिल्ली की ही पार्किंग से आय की बात करें तो यह कोई 9800 करोड़ से अधिक की हो जाती है। देश के किसी भी कोने में किसी भी शहर की गलियों में निकल जाएं तो देखेंगे कि गलियों में घरों के बाहर सड़क की आधी जगह तो कारों के पार्किंग से ही सटी होती हैं। यानी कि एक ही घर में एक से अधिक कार/वाहन होना अब आम होता जा रहा है। किसी भी शहर में आफिस या बाजार खुलने बंद होने के समय तो जाम लग जाना आम होता जा रहा है। यह सब तो तब है जब देश में आबादी की तुलना में यह माना जा रहा है कि कारों की संख्या कम है। आने वाले सालों में कारों की संख्या में इजाफा ही होगा। इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती। यातायात के हालात यह होते जा रहे हैं कि कई बार तो चंद कदमों की दूरी पार करने में ही लंबा समय लग जाता है।

दरअसल इस सबके अनेक कारणों में से उपनगर विकसित करने पर ध्यान नहीं देना, व्यस्ततम स्थानों पर ही बहुमंजिला इमारतें बनाने की छूट देना, शहरी सार्वजनिक यातायात तंत्र का विकसित नहीं होना, वाहनों की खरीद सहज होना और वाहनों की पार्किंग के लिए दूरगामी योजना का अभाव होना भी एक माना जा सकता है। अब तो हालात यहां तक होने लगे हैं कि पार्किंग को लेकर झगड़ा या यों कहें कि जानलेवा विवाद होना तक आम होता जा रहा हैं। रोडरेज की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ने लगी हैं। दरअसल चौपहिया वाहनों की जिस तरह से सुगम ऋण सुविधा व पैसों के तेजी से बढ़ते प्रवाह के कारण सहज पहुंच हुई है उसका एक सकारात्मक परिणाम यह सामने आया हैं कि जिस तरह से अमीर गरीब सभी के लिए मोबाइल आम होता जा रहा हैं ठीक उसी तरह से चौपहिया वाहन आम होता जा रहा हैं। जहां तक पैसों वालों का प्रश्न है तो उनके घरों में एक से अधिक वाहन होना तो सामान्य बात है। तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी है कि थोड़ी सी भी अच्छी माली हालत वाले लोग अब मंहगी और यूएसवी एमएसवी वाहनों की और शिफ्ट करते जा रहे हैं। किसी भी शहर की गलियों में आधा फुटपात तो वाहनों की पार्किंग के कारण ही देखा जा सकता है। लोगों के सोच या डिमांड में भी अंतर आया है और अब लोग छोटी कार लेना पसंद ही नहीं करते। नैनों जैसी छोटी कार के परिणाम हमारे सामने हैं। घर में जगह नहीं होने के कारण सड़कों पर ही गाड़ियां खड़ी करनी पड़ती है।

**दरअसल इस सबके अनेक कारणों में से उपनगर विकसित करने पर ध्यान नहीं देना, व्यस्ततम स्थानों पर ही बहुमंजिला इमारतें बनाने की छूट देना, शहरी सार्वजनिक यातायात तंत्र का विकसित नहीं होना, वाहनों की खरीद सहज होना और वाहनों की पार्किंग के लिए दूरगामी योजना का अभाव होना भी एक माना जा सकता है।**

अंतरराष्ट्रीय उर्जा एजेंसी की माने तो 2050 तक दुनिया के देशों में केवल और केवल कारों की पार्किंग के लिए ही 80 हजार वर्ग किलोमीटर स्थान की आवश्यकता होगी। यानी इतनी जगह कि छोटा–मोटा देश से आसानी से इस जगह में समा सके। हांलाकि पुराने कबाड़ को लेकर दुनिया के देशों की सरकारें योजनाएं बना रही हैं पर यह भी अपने आप में एक समस्या बनती जा रही है। खैर इस पर अलग से बहस हो सकती है। पर सवाल वहीं का वहीं है कि कार कारोबार में अभी तेजी आनी ही है। ऐसे में शहरी विकास संस्थाओं और योजना नियंताओं को निजी कारों की पार्किंग को लेकर ठोस कार्ययोजना तैयार करनी ही होगी। मजे की बात यह है कि अब कार बाजार इलेक्ट्रिक कारों में शिफ्ट होता जा रहा है, ऐसे में चार्जिंग स्टेशनों के लिए भी जगह तलाशनी ही होगी। क्योंकि देर सबेर कारों का यह कारोबार ईवी में ही शिफ्ट होना है। यदि पार्किंग स्थलों पर ही चार्जिंग की व्यवस्था होगी तो समस्या का थोड़ा समाधान देखा जा सकेगा।

दरअसल अब समय आ गया है जब किराए के मकानों की तरह किराए के पार्किंग स्थल बनाए जाएं और वहीं पर कारों से संबंधित आवश्यक आवश्यकताओं की भी पूर्ति हो सके। जैसे हवा–पानी, सामान्य रिपेयर, साफ–सफाई, चार्जिंग आदि की सुविधाएं हो। इस तरह की पेड पार्किंग स्थानों पर ऑटोमेटिक बहुमंजिला पार्किंग व्यवस्था हो तो और भी अधिक सुविधाजनक हो सकती है। बहु मंजिला इमारतों और माल्स में भी पार्किंग की अधिक सुविधा होना समय की मांग हो गई है। दरअसल इस सबके लिए समय रहते दूरगामी नीति बनानी होगी ताकि समस्या सुरसा के मुंह की तरह बढ़ नहीं जाएं। वास्तुकारों और नियोजकों के लिए यह अपने आप में चुनौतीपूर्ण काम हो गया है। सवाल यह भी होगा कि किराए की पार्किंग व्यवस्था सस्ती व सहज उपलब्धता वाली भी होनी चाहिए। यहां किराए की पार्किंग व्यवस्था से आशय कहीं भी यह नहीं निकाला जाना चाहिए कि बाजारों या सार्वजनिक स्थानों पर कुछ समय के लिए जाने वालों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था बल्कि यह समस्या आवासीय कालोनियों के वाहनों को लेकर आने वाली है और उसी को लेकर भी चिंता की आज ही बड़ी आवश्यकता हो गई हैं। इसे नकारा या यों कहें कि आंख मूंदा नहीं जा सकता। अब कोलोनाइजरों को भी इस दिशा में पहले से ही रोडमेप बनाकर चलना होगा नहीं तो आने वाले समय में यह एक और नई समस्या दस्तक देने वाली है।

–अतिथि सम्पादक,
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
( वरिष्ठ लेखक )

## राशिफल गुरूवार 25 मई, 2023



पंडित अनिल शर्मा

ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, षष्ठि तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, पुष्य नक्षत्र सांय 5:53 तक, वृद्धि योग सांय 6:07 तक, कौलव करण सांय 4:10 तक, चन्द्रमा आज कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–वृष, चन्द्रमा–कर्क, मंगल–कर्क, बुध–मेष, गुरू–मेष, शुक्र–मिथुन, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग और गुरू पुष्य योग सूर्योदय से सांय 5:33 तक है। रवियोग आज सांय 5:33 तक है। रात्रि 8:59 से पुनः आरम्भ होगा।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:20 तक, चर 10:43 से 12:24 तक, लाभ–अमृत 12:24 से 3:46 तक, शुभ 5:23 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:39, सूर्यास्त 7:08

### मेष



परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। घर–परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### वृष



परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### मिथुन



व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### कर्क



मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

### सिंह



घर–परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में आपसी वाद–विवाद बढ़ सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।

### कन्या



आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

### तुला



व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

### वृश्चिक



परिवार में शुभ–मांगलिक संदेश प्राप्त हो सकते हैं। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। शुभ कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

### धनु



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### मकर




परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कुंभ



विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

### मीन



व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा।

# उत्तरप्रदेश के भदोही से जोधपुर के सालावास में आई सालावास दरी



पन्नालाल मेघवाल

उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में दरी बनाने का काम बड़े पैमाने पर किया जाता था। लगभग 50 वर्ष पूर्व श्याम अहूजा भदोही से जोधपुर से 35 किलोमीटर दूर सालावास गांव आए। उन्होंने यहां आकर दरी बनाने का हस्त–उद्योग स्थापित किया। सर्वप्रथम सालावास में कूसाराम, मालाराम, भोलाराम, भगवान प्रजापत आदि ने दरी बुनाई का कार्य सीखा। इसके बाद सालावास में लगभग 100 घरों में सालावास दरी बुनने का कार्य होने लगा। सालावास में ऐसी नायाब दरियां बनने लगी कि यहां की दरी देश–विदेश में प्रसिद्ध हो गई। परिणाम स्वरूप नागौर, बीकानेर, जोधपुर, जालौर जिलों में भी ये दरियाँ बनाई जाने लगी। यहां की दरियां भी सालावास दरी के नाम से प्रसिद्ध हैं। सालावास दरी लकड़ी व लोहे के हाथ से बने लूम पर बुनी जाती है। ज्यों–ज्यों बुनाई के धागे की पंक्ति पूरी होती है उसे लकड़ी के बने पंजे से आगे खिसकाया जाता है। पंजे के उपयोग के कारण इसे पंजा दरी भी कहते है।

सालावास की दरी सूती धागे से ही बनाई जाती है, लेकिन विशेष मांग पर यहां ऊनी एवं सिल्क के धागे से भी बनाई जाती है। सालावास दरी मुख्यत: हाथ की तकनीक से बने मोटे धागों से ताणा' पर बुनाई करके बनाई जाती है। यह दरी 'सालावास' ग्राम में प्रजापत समुदाय के बुनकरों द्वारा बनाई जाती है। इसलिए इसे 'सालावास' दरी के नाम से जाना जाता है।

सालावास दरी बुनाई के लिए अधिक संसाधनों की आवश्यकता नहीं होती है। मात्र दो मोटी किस्म की बल्लियां दरी की लम्बाई चौडाई अनुसार आड़ी लगाई जाती है। मोटे धागों की लडियों को उसके पास छोटी किस्म की बल्लियों पर 'ताणा' बाधां जाता है। यह लम्बवत दिशा में बल्ली से दूसरी बल्ली पर लपेटा जाता है। इन बल्लियों के चारो सिरों की लकड़ी को खूटों से कसकर बांधा जाता है, जिन्हें 'तीनीया' कहते हैं।

दरी बनाने वाला बुनकर 'ताणा' के ऊपर 'भौ' बनाता है। यह दो लकडियों का बना होता है जो 'ताणे' के ऊपर छत से लटका रहता है। उसमें विभिन्न तरह के रंगीन धागों को ताणे में फसाते हुए डिजाईन बनाई जाती है। 'भौ' ऊपर से नीचे की ओर अर्थात दरी को ऊपर से नीचे तक वांछित डिजाईनों में बुनकर द्वारा बुनी जाती है।



वर्तमान में मशीनों द्वारा दरी बुनाई एवं इस उद्योग को व्यापारियों द्वारा अपने हाथ में लेने के कारण सालावास दरी बुनाई के शिल्पकारों को आर्थिक मंदी के दौर से गुजरना पड़ रहा है। पहले सालावास में बड़े पैमाने पर हस्त निर्मित दरियां बनाई जाती थी, लेकिन अब यह कार्य सीमित परिवार ही कर रहे हैं।

–पन्नालाल मेघवाल,
वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार।

# रणथम्भौर में दो शावकों के साथ दिखी ''बाघिन टी-69''

**सवाई माधोपुर,** (निसं)। रणथम्भौर नेशनल पार्क के खंडार क्षेत्र में बाघिन टी-69 कुछ दिन पूर्व अपने दो शावकों के साथ नजर आई।

यह बाघिन 24 मई को फिर वन कर्मियों को नजर आई। यह बाघिन टी-30 की बेटी है। जिसकी उम्र लगभग 12 वर्ष है। बाघिन टी-69 चौथी बार मां बनी है। बाघिन टी-69 के मां बनने से वन्यजीव प्रेमियों में खुशी का माहौल है।

डी.एफ.ओ. मोहित गुप्ता ने बताया कि वन विभाग के फिल्ड स्टाफ को दोनों शावकों की कड़ी सुरक्षा एवं मॉनिटरिंग के निर्देश दिए है। दोनों शावक 2 दो माह के बताये गए है। दूसरी तरफ वन विभाग ने इन की कड़ी सुरक्षा कर दी है।



बाघिन टी-69 रणम्भौर के खंडार क्षेत्र में दो शावकों के साथ वन कर्मियों को दिखाई दी।

## आंदोलन की तैयारी जोरों पर

**चूरू,** (कासं)। अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में सावनी सहित बकाया बीमा क्लेम को लेकर किसान सभा जिलेभर में पिछले 1 साल से आंदोलन पर है, लेकिन जिला कलेक्टर के साथ चक्का जाम के बाद हुए समझौते में बीमा क्लेम क्रॉप कटिंग के आधार पर देने की सहमति बनी, लेकिन बीमा कंपनी व सरकारें किसान के बीमा क्लेम को हड़पना चाहती है। किसान सभा के जिलाध्यक्ष इंद्राज सिंह ने बताया कि 2017 से अब तक करोड़ों अरबों रुपए किसानों के बकाया पड़े हैं। इसको लेकर किसान सभा जिला मुख्यालय चूरू कलेक्ट्रेट पर 2 जून को जिले के किसान पैदल मार्च कर कलेक्ट्री पहुंचेंगे, जिले का यह ऐतिहासिक आंदोलन होगा। किसान सभा के तहसील उपाध्यक्ष रामकृष्ण छिंपा ने बताया कि 2 जून को जिला कलेक्ट्रेट का अनिश्चितकालीन घेराव किया जाएगा।

# पानी की समस्या को लेकर लोगों का जलदाय विभाग कार्यालय पर प्रदर्शन

**चिड़ावा,** (निसं)। लंबे समय से पेयजल समस्या से जूझ रहे शहर के वार्ड 38 में भगतों का मोहल्ला निवासी वार्डवासियों ने एक बार फिर जलदाय कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। गुस्साए वार्डवासियों ने बताया कि उनके वार्ड में लंबे समय से पेयजल समस्या है।

- **अधिकारियों और कर्मियों ने जल्द समस्या का स्थायी समाधान का आश्वासन दिया**

हफ्तेभर पहले अधिकारियों को मिलकर बताया था कि भगतों के मोहल्ले में पुरानी राजकीय प्राथमिक स्कूल के पास चार माह से पानी नहीं आ रहा। 17 मई को अधिकारियों ने पांच दिन में समस्या का समाधान करने की बात कही। लेकिन अब तक सुध नहीं ली।



चिड़ावा शहर के वार्ड 38 में भगतों का मौहल्ला निवासियों ने जलदाय कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

वार्डवासियों के आक्रोश को देखते हुए अधिकारियों और कर्मियों ने वार्डवासियों का गुस्सा शांत करवाया और जल्द से जल्द समस्या का स्थायी समाधान का आश्वासन दिया। वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड में बने ट्यूबवेल में और पाइप लाइन डालने की आवश्यकता है। इससे पानी की सप्लाई सुचारू हो सकेगी। अधिकारियों ने मौका देखकर जल्द कार्यवाही का भरोसा दिया। जिसके बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ।

इस दौरान वार्ड के मनजीत, राहुल, कुणाल, अमित, अशोक, नत्थुराम, नरेंद्र, अंकित, भीमसिंह, मंगलचंद, अजय कुमार, ऋतिक, जीवनी, अनिता, विमला, राजबाला, रेखा, सावित्री, दुर्गा, सुमित्रा, चमेली, सुनीता सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

# 56 लाख रुपये खर्च के बावजूद पहली बरसात में ही टपकने लगी चिकित्सालय की छत

**सुजानगढ़,** (निसं)। मौसम की पहली बरसात ने नव उद्घाटित श्री दुर्गादत फतेहपुरिया राजकीय मातृ एवं शिशु चिकित्सालय के जीर्णोद्धार एवं नवनिर्माण की पोल खोल कर रख दी।

- **दो दिन पहले विधायक ने किया था मातृ एवं शिशु चिकित्सालय का लोकार्पण**

जीर्णोद्धार एवं नवनिर्माण के बाद दो दिन पहले 22 मई सोमवार को ही विधायक मनोज मेघवाल ने मातृ एवं शिशु चिकित्सालय का लोकार्पण किया था। इस अवसर पर आयोजित समारोह में पीएमओ डॉ. सुरेश कालानी ने बताया कि विधायक कोटे के 35 लाख एवं भामाशाह फतेहपुरिया परिवार के 21 लाख यानि की कुल 56 लाख रूपये की लागत से जीर्णोद्धार करवाया गया है। लेकिन अफसोस की बात है कि जीर्णोद्धार एवं नवनिर्माण पर 56 लाख रूपये खर्च करने के बाद भी पहली बरसात में ही अस्पताल की छत टपकने लगी है।

बुधवार को हुई भारी बरसात के बाद एमसीएच के एनबीएसयु यानि की न्यू बोर्न स्टेबलाइजिंग युनिट की छत टपकने लगी। युनिट में नवजात शिशुओं के लिए रखी लाखों रूपए की मशीनों एवं डीप फ्रिजरों को छत से टपकने वाले पानी से बचाने के लिए स्टाफ के पास कोई साधन नहीं थे। स्टाफ ने अपनी व्यवस्थानुसार एक डीप फ्रिज पर एक ट्रे रख रखी थी, जिसके भर जाने पर उसे ही बार–बार खाली कर किसी प्रकार काम चलाया जा रहा था। वहीं अस्पताल के बाहर चारों तरफ पानी भरने से अस्पताल में मरीजों के आवागमन का रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया।

गांव जीली की महिलाओं ने बताया कि चिकित्सकों ने उन्हे सुबह ही छुट्टी दे दी, लेकिन अस्पताल प्रशासन द्वारा घर भेजने का साधन नहीं उपलब्ध करवाने के कारण उन्हे यहां मजबूरन रूकना पड रहा है।

एमसीएच को शुरू करने के लिए करीब दो साल पहले जब प्रयास शुरू हुए तो नगरपरिषद सभापति एवं आयुक्त द्वारा ठरडा रोड से अस्पताल तक सडक बनाने का वादा किया गया था, लेकिन यह दुर्भाग्य है कि जीर्णोद्धार के बाद उद्घाटन होकर अस्पताल तो शुरू हो चूका है, लेकिन यह सडक अभी तक कागजों से जमीन पर नहीं उतरी है। सडक नहीं होने तथा जल भराव के कारण अस्पताल तक एक भी वाहन के नहीं पंहूच पाने से अस्पताल में भर्ती मरीज एवं उनके परिजन परेशान हो रहे हैं।



सुजानगढ़ में नव उद्घाटित श्री दुर्गादत फतेहपुरिया राजकीय मातृ एवं शिशु चिकित्सालय के न्यू बोर्न स्टेबलाइजिंग यूनिट की छत टपकने लग गई।

# कांग्रेस के साथ-साथ बीजेपी पार्षद और चेयरमैन के निशाने पर रहेंगी महापौर?

## करीब सवा साल बाद ग्रेटर निगम में साधारण सभा की चौथी बैठक आज

-कार्यालय संवाददाता-

- 78 लाख रु. के विवादित भुगतान के एजेण्डे से खफा हैं अधिकांश पार्षद
- निगम द्वारा विकसित शवदाह गृह व श्मशान घाट में निःशुल्क गौकाष्ठ देने, ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन बनाने, खेल अकादमी और ग्रेटर निगम मुख्यालय पर बेसमेंट पार्किंग का मुद्दा भी प्रमुख

**जयपुर**। ग्रेटर नगर निगम के पहले बोर्ड की चतुर्थ साधारण सभा (बोर्ड बैठक) 25 मई को होगी। करीब एक साल बाद हो रही बैठक में महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर कांग्रेसी पार्षदों के साथ अपनों (भाजपा पार्षदों) के भी निशाने पर रहेगी।

बैठक में करीब डेढ़ दर्जन प्रस्तावों पर चर्चा होगी। इसमें कई प्रस्तावों को लेकर भाजपा पार्षदों ने आपत्ति दर्ज करवाई है। इनमें सबसे ज्यादा नाराजगी 78 लाख रुपये के विवादित भुगतान का एजेण्डा बोर्ड मीटिंग में रखे जाने पर है। इस पर पूर्व मेयर शील धाबाई से लेकर उपमहापौर पुनीत कर्णावट तक आपत्ति जता चुके हैं।

ग्रेटर नगर निगम की चतुर्थ बोर्ड बैठक निगम के स्वामी विवेकानंद सभासद भवन में होगी। इसमें प्रमुख रूप से जयपुर ग्रेटर नगर निगम अपनी खुद की खेल अकादमी खोलने के प्रस्ताव सहित ग्रीन बॉन्ड जारी करने, ग्रेटर निगम क्षेत्र के सभी सामुदायिक केन्द्र अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त करने के प्रस्ताव शामिल है। वहीं निगम का खुद का अत्याधुनिक सुविधा युक्त ऑडिटोरियम बनाने का भी प्रस्ताव रखा गया है। अमृत योजना के तहत सभी जोन क्षेत्र की क्षितग्रस्त सीवर लाइनों को बदलने एवं नई सीवर लाइन के कार्य की स्वीकृति ली जाएगी।

नगर निगम ग्रेटर जयपुर के सामुदायिक केंद्रों को अत्याधुनिक सुविधाओं के अनुरूप विकसित करने पर चर्चा होगी। नगर निगम ग्रेटर के सामुदायिक केंद्रों में गर्मी के दिनों में विश्राम स्थल बनाने के संबंध में विचार-विमर्श किया जाएगा। निगम के विकसित शवदाह गृह व श्मशान घाट में निगम द्वारा निःशुल्क गोकाष्ठ उपलब्ध कराई जाएगी।

नगर निगम ग्रेटर के सर्किल, डिवाइडर, तिराहा, चौराहा आदि का विकास एवं संधारण कार्य विकास समितियों, संस्थाओं, कंपनियों के माध्यम से करवाने के संबंध में चर्चा होगी। नगर निगम ग्रेटर जयपुर मुख्यालय कैंपस के गार्डन एरिया में बेसमेंट पार्किंग विकसित करने के संबंध में चर्चा होगी।

## इंदौर की तर्ज पर ग्रीन बॉन्ड से रकम जुटाने की तैयारी!

**जयपुर**। इंदौर नगर निगम की तर्ज पर अब ग्रेटर नगर निगम भी ग्रीन बॉन्ड लॉन्च करने का प्रस्ताव गुरूवार को होने वाली बोर्ड मीटिंग में रखेगा। इसके तहत देहलावास एसटीपी पर शहरवासी निवेश कर सकेंगे। निवेश के हिसाब से निवेशकों को इस प्रोजेक्ट में भागीदार बनाया जाएगा।

दरअसल, इंदौर नगर निगम ने इस वर्ष 244 करोड़ रुपए का ग्रीन बॉन्ड जारी किया था। बाजार से निगम को 300 करोड़ रुपए मिल गए। इसी तर्ज पर ग्रेटर नगर निगम ने भी काम शुरू किया है। निगम की साधारण सभा में प्रस्ताव पारित होने के बाद इसकी कार्ययोजना बनाई जाएगी। इसमें बॉन्ड की राशि तय होगी और एक व्यक्ति कितने बॉन्ड खरीद सकेगा, यह भी तय होगा। ग्रेटर नगर निगम का दावा है कि ग्रीन बॉन्ड के मामले में इंदौर के बाद जयपुर दूसरा और एसटीपी मामले में देश में पहला शहर होगा।

बताया जा रहा है कि देहलावास में तीन एसटीपी पर 272 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस प्रोजेक्ट के तहत सीवरेज को ट्रीट करने के बाद री-यूज, बॉयो गैस और सोलर प्लांट के माध्यम से विद्युत उत्पादन किया जाएगा। इससे जो आय होगी उसे निवेशकों में बांटा जाएगा। इन एस.टी.पी. पर 23000 नॉर्मल क्यूबिक मीटर बायोगैस का प्रतिदिन उत्पादन होगा। इसमें से 6500 नॉर्मल क्यूबिक मीटर गैस एक कम्पनी को दी जाएगी और शेष गैस से विद्युत उत्पादन किया जाएगा।

# शिकायतें सुनने के बजाय पार्षदों को 'पार्टी एकता' का पाठ पढ़ाया

## ग्रेटर निगम की साधारण सभा की बैठक से एक दिन पूर्व बीजेपी ऑफिस में हुई बैठक



बीजेपी मुख्यालय में बुधवार शाम को प्री-बोर्ड मीटिंग बुलाई गई, जिसमें पूर्व मेयर शील धाबाई से लेकर तमाम चेयरमैन और पार्षद शामिल हुए।

-कार्यालय संवाददाता-

- पार्षद सुरेश रैगर व मदन लाल को बोलने से रोका तो उन्होंने इस्तीफा देने की बात कह दी, बाद में समझाकर शांत किया
- पार्षद रणवीर राजावत ने महापौर पर भेदभाव करने और तवज्जो न देने का आरोप लगाया

**जयपुर**। ग्रेटर निगम में सवा साल बाद आज बोर्ड मीटिंग होगी। बीजेपी पार्षदों और चेयरमैनों की नाराजगी को भांपते हुए बुधवार शाम 4 बजे पार्टी मुख्यालय पर प्री-बोर्ड बैठक बुलाई गई। भाजपा जयपुर प्रभारी नारायण पंचारिया, जिलाध्यक्ष राघव शर्मा, महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने यह बैठक ली। पूर्व मेयर शील धाबाई से लेकर तमाम चेयरमैन और पार्षद बैठक में पहुंचे, लेकिन उनकी समस्याएं और शिकायतें सुनने के बजाय संगठन के नेताओं ने भी 'पार्टी एकता' का पाठ पढ़ाकर उन्हें चुप करवा दिया।

सूत्रों की मानें तो महापौर डॉ. सौम्या ने बोर्ड मीटिंग के लिए जो एजेण्डा तय किए हैं, उन्हें लेकर पूर्व महापौर शील धाबाई से लेकर उपमहापौर पुनीत कर्णावट तक आपत्ति जता चुके हैं। कई चेयरमैन और पार्षद खुलकर तो नहीं बोल रहे, लेकिन वे महापौर की कार्यशैली से बेहद खफा है।

बुधवार को जब बैठक हुई तो पार्षद रणवीर राजावत ने महापौर डॉ. सौम्या पर पार्षदों के फोन नहीं उठाने और सिर्फ गिने-चुने वार्डों में ही विकास कार्य करने का आरोप लगाया, जिस पर उन्हें संगठन के नेताओं ने मिल-जुलकर काम करने की नसीहत दी, जिसे लेकर राजावत खफा हो गए। इस बीच पार्षद मदनलाल और सुरेश रैगर ने भी अपने वार्ड के मुद्दे और शिकायतें रखनी चाही, लेकिन संगठन के नेताओं ने उन्हें बोलने तक नहीं दिया। जिस पर नाराज हुए दोनों पार्षदों ने अपने इस्तीफे देने की बात कही। हालांकि बाद में उन्हें समझाकर शांत करवा दिया गया।

पार्टी के नेताओं ने पार्षदों की शिकायतें और नाराजगी के कारण जानने के बजाय सिर्फ महापौर की तरफदारी की। उन्होंने कहा कि बोर्ड मीटिंग में बीजेपी के पार्षदों को एकता दिखानी है, विपक्ष किसी भी स्थिति में भाजपा पर हावी नहीं हो, उनकी इस बात पर पार्षदों ने हामी तो भरी, लेकिन यह एकता का पाठ कितना सफल होगा, इसकी हकीकत बोर्ड मीटिंग में ही उजागर होगी।

# वेदप्रकाश यादव फिर दो दिन के रिमांड पर

- योजना भवन में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के बेसमेंट की अलमारी में 2.31 करोड़ रुपए और एक किलो सोना मिलने का मामला
- मामले में गिरफ्तार संयुक्त निदेशक वेदप्रकाश को एसीबी ने तीन दिन की रिमांड अवधि पूरी होने पर कोर्ट में पेश किया।
- सूत्रों के अनुसार आरोपी ने उदयपुर और गुरूग्राम की कंपनियों से रिश्वत ली थी

**जयपुर** (कासं)। योजना भवन में स्थित सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के बेसमेंट की अलमारी में 2.31 करोड़ रुपए और एक किलो सोना मिलने के मामले में गिरफ्तार संयुक्त निदेशक वेदप्रकाश यादव को बुधवार को एसीबी ने कोर्ट में पेश कर फिर पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड लिया।

आरोपी वेदप्रकाश की तीन दिन की रिमांड अवधि खत्म होने पर आज सुबह एसीबी की टीम उसे लेकर कोर्ट पहुंची। जहां एसीबी ने आरोपी से और पूछताछ करने के लिए कोर्ट से रिमांड अवधि बढ़ाने का आग्रह किया। एसीबी ने तर्क दिया कि वेद प्रकाश सवालों का जवाब सही से नहीं दे रहा है। जांच में सहयोग भी नहीं कर रहा है।

बार-बार बयान बदल रहा है। इस अदालत ने उसे दो दिन के रिमांड पर भेज दिया। सूत्रों के अनुसासर आरोपी वेदप्रकाश ने उदयपुर और गुरूग्राम के ठेकेदारों से रिश्वत की रकम ली थी। इस संबंध में एसीबी ने उदयपुर की कंपनी के प्रतिनिधी से भी पूछताछ की है। वहीं अब गुरूग्राम की कंपनी के प्रतिनिधियों को नोटिस देकर मामले में पूछताछ के लिए बुलाने की तैयारी है। इन दोनों कंपनियों के प्रतिनिधियों को सामने बिठाकर आरोपी वेदप्रकाश से पूछताछ की जाएगी। सूत्रों के अनुसार वेदप्रकाश ने गुरूग्राम की कंपनी से 30 लाख रुपए की रकम रिश्वत के तौर पर ली थी।

वहीं एसीबी वेदप्रकाश से डीओआईटी की ओर से उसकी स्वीकृति से पिछले 5 साल में जो भी खरीदारी की गई है, उन कम्पनियों की जानकारी मांग रही है, लेकिन वह कोई जानकारी नहीं दे रहा है। इसके अलावा वह अपने आवास और घर से मिले मोबाइल, लैपटॉप और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के भी पासवर्ड एसीबी को नहीं दे रहा है।इस पर सभी उपकरणों को एसीबी ने एफएसएल के पास भेजे हैं।

गौरतलब है कि शुक्रवार को योजना भवन में स्थित सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के बेसमेंट में बने स्टोर में रखी एक अलमारी में दो बैगों में 2.31 करोड़ की नकदी के साथ 1 किलो सोना बरामद किया गया था। इसके बाद पुलिस ने विभागीय कर्मचारियों से पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शनिवार शाम को उसे गिरफ्तार लिया था।

## सार-समाचार

### 'स्किज़ोफ़्रेनिया' पर जागरूक किया



**जयपुर**। अजमेर रोड स्थित ईएसआई मॉडल हॉस्पिटल में मनोरोग विभाग की ओर से विश्व स्किज़ोफ़्रेनिया दिवस पर आमजन के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. अखिलेश जैन ने आमजन को ऑडिओ विजुअल प्रेजेंटेशन के जरिये बीमारी के लक्षण और इलाज के बारे में बताया। इस दौरान इस बीमारी को लेकर होने वाली भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर डॉ. अशोक सैनी ने पैम्फलेट्स के जरिये श्रोताओं की शंका का समाधान भी किया। लगभग 200 लोगों ने कार्यक्रम का लाभ उठाया। स्किज़ोफ़्रेनिया एक मनोरोग है। जो किसी व्यक्ति में मानसिक विकार के बारे में बताता है। इस विकार से ग्रस्त व्यक्ति को वास्तविकता या फिर अपनी बात जाहिर करने में परेशानी होती है और ये सामाजिक व व्यावसायिक दोनों ही प्रकार से परेशानी का सामना करते हैं। स्किज़ोफ़्रेनिया से पीड़ित व्यक्ति आम तौर पर बिना सोचे समझे कुछ भी कहने और भ्रम जैसी दुविधा में जीते हैं।

### सी.ए.दीक्षांत समारोह 27 मई को

**जयपुर**, (का.सं.)। दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट ऑफ इण्डिया की सेन्ट्रल इण्डिया रीजनल काउंसिल के द्वारा जयपुर में 27 मई को दीक्षांत समारोह का आयोजन मानसरोवर के टैगौर इन्टरनेशनल स्कूल कैम्पस में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में संस्थान के द्वारा लगभग 1400 नये सी.ए.सदस्यों को मैम्बरशिप सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा। इस कार्यक्रम में 1400 नये सी.ए. सदस्यों को मैम्बरशिप सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा। इस कार्यक्रम में 1400 नये सीए सदस्यों के परिजन भी कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रमम के मुख्य अतिथि विधायक वसुन्धरा राजे एवं सांसद सी.पी.जोशी होंगे।

### सोने के हार के लिए महिला की हत्या

**जयपुर**। सेज थाना इलाके के कालवाड़ा में एक महिला की उसके घर में ही हत्या कर दी गई। महिला की पहचान 55 वर्षीय विमाला देवी के रूप में हुई हैं। सुबह महिला के घर पर दूध लेने के लिए आने वालों ने पलंग पर महिला का शव देखा तो पुलिस को सूचना दी।हत्या की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची सेज थाना पुलिस ने एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया। एसीपी बगरू अनिल शर्मा ने बताया कि बुधवार सुबह कालवाड़ा में रहने वाली 55वर्षीय विमला देवी अपने ही घर में मृत मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा तो महिला का बिस्तर खून से सना हुआ था। जिस पर एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार विमला देवी के दो बेटियां और चार लड़के हैं। चारों लड़के निवारू स्थित मकान में रहते हैं। दो बेटियों की कुछ माह पूर्व ही शादी कर दी। महिला यहां पर अकेली रह कर दूध-छांछ बेट कर जीवन जी रही थी। देर रात अज्ञात बदमाश लूट की नीयत से महिला के पास पहुंचा और उस पर किसी धारधार हथियार से हमला कर दिया। जिसके बाद आरोपी महिला के गले में पहने हुए एक हार को लूट ले गया। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया हैं।

### बारिश में भी जारी रहा अनशन

**जयपुर**। राजधानी के शहीद स्मारक पर अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर मंत्रालयिक एकता मंच की ओर से चल रहा क्रमिक अनशन बुधवार को 70वें दिन भी जारी रहा। आज तेज आंधी और बारिश में भी बीमा विभाग के प्रेमशंकर भारद्वाज के नेतृत्व में छोटेलाल मीणा, रवि कुमार, भवर सिंह राजावत, सांबरलाल मीणा क्रमिक अनशन पर बैठे रहे। भारी बारिश के कारण अनशन स्थल पर गद्दे आदि भीग गए और तेज से टेंट उखड़ गया। पर इसके बावजूद अनशनकारी डटे रहे। मंत्रालयिक एकता मंच के प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि मंत्रालयिक कर्मचारियों की ओर से अपनी प्रमुख मांगों सहायक प्रशासनिक अधिकारी को ग्रेड पे 4200 व कनिष्ठ सहायक को आरंभिक वेतन 25500 किए जाने की प्रमुख मांगों के साथ 6 सूत्री मांग पत्र के समर्थन में 16 मार्च से शहीद स्मारक पर क्रमिक अनशन किया जा रहा है। आज अनशन कर्ताओं के समर्थन में राजेश पारीक, गजेंद्र सिंह राठौड़, सुरेश धाभाई, महेन्द्र सिंह धायल, देवेन्द्र सिंह नरूका, महेंद्र शर्मा, पंकज सोनी, अब्दुल करीम मौजूद थे।

### ए.एन.एम. प्रथम वर्ष का परिणाम जारी

**जयपुर**। राजस्थान नसिंग कौंसिल ने बुधवार को ए एन एम प्रथम वर्ष मुख्य परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। कौंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. शशिकांत शर्मा ने बताया कि यह परीक्षा मार्च में आयोजित की गई थी। परीक्षा का परिणाम कौंसिल की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

## संक्षिप्त

### रमेश खत्री की कहानी के नाट्य रूपान्तरण का मंचन कल

**जयपुर**, (का.सं.)। हंस पत्रिका के नवंबर 2014 में प्रकाशित जयपुर के रमेश खत्री की कहानी "क्या तुम वाकई चली जाओगी" का नाट्यय रूपान्तरण "दो किनारे" शीर्षक से आशीष मौर्य ने किया है। इसका मंचन 26 मई 2023 को जवाहस्त्र काला केन्द्र जयपुर के रंगयन में थिएट्रोन नाट्य संस्था द्वारा किया जायेगा। पहले भी इस नाटक का मंचन बलिसिंह प्रेक्षागृह लखनऊ, त्रिवेणी नाट्यय महोत्सव, पटना तथा इंडिया इंटरनेशनल परफार्मिंग आर्ट फेस्टिवल के अंतर्गत श्रीराम सेंटर देहली में भी हो चुका है। इस उपलब्धि के लिए डॉ. हेतु भारद्वाज, ऋतुराज, डॉ दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, रत्नकुमार सांभरिया, हरिराम मीना, प्रेमचंद गाँधी, डॉ. सत्यनाराण ने उन्हें बधाई दी है।

### प्रदेश में खुलेंगे 70 उप-स्वास्थ्य केन्द्र

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए 70 नवीन उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इनके संचालन के लिए प्रत्येक उप-स्वास्थ्य केन्द्र में एक महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता का पद सृजित किया जाएगा। इनमें सीकर में 11, नागौर में 9, अलवर एवं करौली में 6-6, सवाई माधोपुर में पांच, भीलवाड़ा एवं टोंक में चार-चार, जयपुर, चूरू एवं राजसमन्द में तीन-तीन, चित्तौड़गढ़, दौसा, जालोर, झुंझुनूं, कोटा एवं उदयपुर में दो-दो तथा अजमेर, बारां, भरतपुर एवं पाली में एक-एक उप-स्वास्थ्य केन्द्र खुलेंगे।

### 50 विद्यालयों में कृषि संकाय

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रदेश के 50 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कृषि संकाय शुरू होगा। इनमें पढ़ाने के लिए प्रति विद्यालय एक-एक कृषि व्याख्याता के नवीन पदों का भी सृजन किया गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संकाय खोलने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।

## सिविल सेवा परीक्षा में जयपुर की भाविका थानवी की 100वीं रैंक



**जयपुर**, (का.सं.)। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा-2022 के फाइनल रिजल्ट में मानसरोवर एसएफएस स्थित आईसीजी की स्टूडेंट रहीं भाविका थानवी ने जनरल कैटेगरी में ऑल इंडिया 100वीं रैंक हासिल की है। भाविका ने यह कामयाबी दूसरी दफा में हासिल की है। पहली बार वे सिविल परीक्षा में प्रिलिम्स क्वालीफाई नहीं कर पाई थीं। इस दौरान ऑनलाइन कोचिंग भी की थी। सिविल सेवा परीक्षा में दूसरी बार बिना कोचिंग के सेल्फ स्टडी से कामयाबी हासिल हुई। भाविका ने साइकोलॉजी से ग्रेजुएट किया है। यही सब्जेक्ट उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा के लिए भी सलेक्ट किया।

डॉक्टर फैमिली बैकग्राउंड से भाविका ने बताया कि सिविल सेवा परीक्षा का ख्याल ग्रेजुएशन कंप्लीट करने के बाद आया। फिर पैनडेमिक कोविड-19 के दरम्यान स्टडी का काफी वक्त मिला। फिर गूगल पर आईएएस अधिकारियों की गाइडेंस काफी हेल्पफुल रही। भाविका ने बताया कि दूसरे अटेम्प्ट में 100वीं रैंक हासिल करने से वे काफी खुश हूं।

## फ्रिनग्रोथ को-ऑपरेटिव बैंक का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित







**जयपुर**, (का.सं.)। फ्रिनग्रोथ को ऑपरेटिव बैंक का प्रदेश स्तर का सम्मेलन बुधवार को संपन्न हुआ, इसमें मुख्य वक्ता सी.आई.टी.यु. के उपाध्यक्ष रविंद्र शुक्ला रहे और सम्मेलन का संचालन प्रदेश बेफी के महा सचिव जी.एन. पारीक ने किया। जिसमें अन्य वक्ता गोपी शुक्ला अध्यक्ष युको बैंक, यूनियन बैंक के महासचिव और अध्यक्ष राम सिंह राठौर आर.बी.आई पूर्व सचिव रमेश यादव मौजूद रहे और यूनियन के प्रदेश महा सचिव सतीश कुमार यादव ने इनका आभार व्यक्त किया एवं अधिवेशन की सफलता के लिए बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात भोजन अवकाश के बाद नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें चुनाव में अध्यक्ष पद पर गुनीराम मीणा उपाध्यकक्ष पद पर राकेश कुमार और नवनीत दुबे महासचिव पद पर सतीश कुमार यादव उपमहासचिव पद पर चन्दन सिंह यादव सचिव पद पर शिवशंकर मीणा सहायक सचिव धीर सिंह कोषाध्यक्ष पद पर महेन्द्र सिंह यादव सहायक कोषाध्यक्ष पद पर अंकित कुमार शर्मा चुने गये इसमें महासचिव पद पर सतीश कुमार यादव पिछले तीस वर्षों से लगातार निर्विरोध निर्वाचित हो रहे हैं।

## जगतपुरा क्षेत्र में कचरा उठाएंगे 35 नए हूपर्स



महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बुधवार को विधिवत पूजन करने के बाद जगतपुरा जोन के लिए 35 नए हूपर्स को रवाना किया।

**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर जयपुर नगर निगम के बेड़े में बुधवार को 35 नए हूपर शामिल हुए। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने जगतपुरा जोन के लिए 35 नए हूपर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नए हूपर से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में गीला-सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र करेंगे। इसके साथ ही हूपर अब बायोवेस्ट भी उठाएंगे।

नगर निगम की ओर से जगतपुरा जोन एरिया में जो 35 हूपर संचालित किए है। उसमें नई व्यवस्था बायोवेस्ट कचरा कलेक्शन की भी रखी है। जयपुर में पहली बार हूपरों पर घरों से निकलने वाले बायोवेस्ट को अलग से लेने के लिए गाड़ियों पर दो अलग से बॉक्स लगाए गए है।

इसमें एक बॉक्स में सेनिटरी कचरा, जबकि दूसरे में अन्य घातक अपशिष्ट चीजों को रखा जाएगा। इस मौके पर महापौर सौम्या गुर्जर ने बताया कि जल्द ही विद्याधर नगर और मानसरोवर जोन क्षेत्र के लिए भी नए हूपर शामिल होंगे।

## आर.यू.एच.एस. व जोधपुर एम्स में लगेगी वैक्सीन

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश में अब दो सेंटर्स का येलो फीवर की वैक्सिन के लिए चयन किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार जयपुर स्थित आरयूएचएस हॉस्पिटल और जोधपुर स्थित एम्स में येलो फीवर की वैक्सिन लगाई जाएगी। इसके अलावा दूसरी जगह वैक्सिन लगाई गई तो उसे अमान्य माना जाएगा।

दुनियाभर में 42 देशों में येलो फीवर का खतरा मंडरा रहा है। ऐसे में उन देशों की यात्रा करने से पहले येलो फीवर की वैक्सिन लगाना जरूरी है। इस वैक्सिन के लगने के बाद ही उन देशों की यात्रा की जा सकती है। अफ्रीका, केन्या, अल्जीरिया, घाना, नाइजीरिया, इथोपिया, सूडान, लीबिया और युगांडा समेत कई देशों की यात्रा पर जाने से पहले येलो फीवर का टीका लगवाना जरुरी होता है। वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र जारी होने के बाद ही इन देशों की यात्रा का वीजा मिलता है। एक बार डोज लगने के बाद दस साल तक दूसरी डोज की जरुरत नहीं पड़ती है। येलो फीवर यह एक प्रजाति के मच्छर से फैलता है। रोग के नाम में येलो शब्द पीलिया की ओर संकेत करता है जो कुछ रोगियों को प्रभावित करता है। इसमें बुखार, सिर दर्द, मुंह, नाक, कान और पेट में रक्त स्त्राव, पीलिया समेत कई लक्षण देखे जाते हैं।

## फरार अपराधियों पर ईनाम की राशि बढ़ाई

**जयपुर**, (कासं)। प्रदेश में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए राज्य सरकार द्वारा पुरस्कार राशि में वृद्धि की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। पुलिस महानिदेशक अब एक लाख के स्थान पर 5 लाख रुपये तक के इनाम की रकम की घोषणा कर सकेंगे। एडीजी, रेंज आईजी, कमिश्नर और जिला एसपी की अधिकृत राशि में भी बढ़ोतरी की गई है।

पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि अपराधियों के बारे में सूचना देने वाले और गिरफ्तार करने वाले को पुरस्कार स्वरूप दिए जाने वाली अधिकृत राशि में वृद्धि किए जाने के संबंध में राज्य सरकार की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिली है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 29 मई 1997 तत्पश्चात 27 अगस्त 2008 और करीब 8 साल पहले 5 अगस्त 2013 को इनाम की राशि में बढ़ोतरी की गई थी। इसके अनुसार अब पुलिस महानिदेशक पुलिस 1 लाख के स्थान पर 5 लाख, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध और एटीएस व एसओजी 50 हजार के स्थान पर 1 लाख, रेंज आईजी और कमिश्नर 10 हजार के स्थान पर 50 हजार और जिला एसपी 5 हजार के स्थान पर 25 हजार रुपये तक के इनाम की राशि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले और गिरफ्तार करने वाले को देने के लिए अधिकृत किए गए हैं।

## मंत्रालयिककर्मियों पर टैंट गिरा

**जयपुर** ( कासं )। मानसरोवर स्थित शिप्रा पथ ग्राउंड में मंत्रालयिक कर्मचारियों के धरने पर बुधवार को तेज आंधी के कारण टैंट गिर पड़ा, जिसमें कई कई कर्मचारी घायल हो गए जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

राजस्थान मंत्रालय कर्मचारी के प्रदेश अध्यक्ष राज सिंह ने बताया कि तेज आंधी तूफान में पूरा टेंट गिर गया था, इससे कई कर्मचारियों को चोटें आई है। एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हुआ है, उसके सिर में 7 टांके आए हैं, जिसे नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

कर्मचारी संघ की प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र दाधीच का कहना है कि टेंट पूरी तरह तहस-नहस हो चुका है इसके बावजूद भी कर्मचारियों में जोश की कोई कमी नहीं है रात भर में टेंट को दुरुस्त करके कल सुबह महापड़ाव पूर्ववत जारी रहेगा।



## Steel is More Elastic Than Rubber

We generally understand that material is elastic if it is stretchable and regains its shape quickly when the stretching force is removed. According to physics, elasticity is the property of a material to regain its shape after deformation. You might not believe that steel is elastic in nature but physics dictates that it actually is. In fact, steel is very more elastic than rubber. This is the reason why it is used for making bridges and buildings. When deformed, it can quickly regain its original shape, better than rubber.

#FITNESS

# Healthy Habits

It may be in your best interest to trade five minutes of scrolling in favour of one of the five science-backed, health-boosting activities listed below.



If you feel like you don't have enough time for daily self-care beyond the basics, you aren't alone. Many people cite their busy schedules as barriers to having healthier lifestyles.

But what if you only needed five minutes?

Believe it or not, there are quick, practical activities you can do in five minutes or less to make a measurable positive impact on your health and wellness.

If you're still not convinced you can find the time, consider reclaiming those minutes from a less productive, time-consuming activity. How often do you check social media accounts, mindlessly scrolling through posts only to look up and realize five, 10 or even 20 minutes have passed?



Mawa Makhane Kheer.

With excessive social media use linked to negative mental health implications, if you're one of the 7 in 10 who use social media, it may be in your best interest to trade five minutes of scrolling in favour of one of the five science-backed, health-boosting activities listed below.

### Focus On Your Breath

Want to reduce stress and boost your physical and mental health almost immediately? Take a breathing break. Simply pause and spend a few minutes taking long, deep breaths in and out of your nose.

Better yet, it doesn't even require a full five minutes to begin reaping the wellness benefits. In as little as 90 seconds, deep breathing stimulates a physiological relaxation response that inhibits stress hormone production, lowers blood pressure and decreases heart rate, according to research. Consistently working on breathing better can also improve posture and decrease pain.

### Move Your Body

Being sedentary, specifically prolonged sitting, is not only detrimental to your physical health but also your mental well-being, increasing your risk of both death and depression. Moving your body for even five minutes at a time can make a difference. In fact, a 2020 study found that just 11 minutes of exercise every day, done in any increments, increases your life span.

### Connect With A Friend

Take five minutes to feel seen and heard each day - and return the favour for someone else. If you can't meet up with a friend or loved one in person, screen time can actually work in your favour by enabling video chatting. It's always better to talk in person, but socializing in any way that helps you feel supported can ward off loneliness and feelings of isolation, which are associated with declining cognitive skills, depression, heart attack, stroke and early death.

If scheduling makes it difficult to connect with friends daily, make a point to strike up conversations with others as you run errands.

### Prep Healthy Snacks

Have you ever been watching TV and wanted a snack but didn't want to take the time to wash the fresh fruit in your fridge, so you grabbed a bag of chips instead? I know I have. Accessibility is a significant factor in our ability to make healthy choices, so taking five minutes to prep fresh foods for snacking can be impactful.

You've likely heard nutritionists and fitness influencers alike touting the benefits of weekly meal prep, where you make all the meals for your week on one day. Although that sounds great in theory and is convenient throughout the week, it can be logistically demanding and time-consuming.


Spending only five minutes every other day or so to wash and cut up some of your favourite fresh fruits and vegetables is less intimidating and serves as a good entry point to larger-scale meal prep.

### Take A Quick Stroll

Research has shown that 10,000 steps a day can reduce your risk of cancer, heart disease and early death, but newer research has found that any amount of walking helps. So just one five-minute walk around your neighbourhood or inside your office building has health-boosting benefits.

Taking it a step further (pun intended), walking for five minutes every 30 minutes produces an immediate measurable reduction in both blood pressure and blood sugar, according to a recent study.

Unlike lofty resolutions for better health, such as giving up cheese or chocolate forever, the five-minute activities listed above are more practical. With consistent practice, they can become sustainable healthy habits that will deliver wellness-boosting benefits over your lifetime – a potentially longer lifetime because of those five-minute habits!



Akbar tried to extract peaceful submission from Pratap on at least three occasions between 1573 and 1575, and three successive emissaries were sent by him to Maharana Pratap. But they could not convince Maharana Pratap to change his mind. Eventually, Akbar decided to force the submission of Mewar. By this time Akbar had dealt with several of the outstanding problems plaguing his governance, including the Afghans of eastern India, Rao Chandrasen of Marwar (who had been forced out of Jodhpur, Bhadrajun, and eventually Siwana), and the rebellious Mirza brothers who had been crushed both in western U.P. and later Gujarat.

# Scorch Earth Policy of Pratap (...2)



War Painting Art Haldighati Scene.

Dr. Rima Hooja
*An archaeologist, historian, writer & a distinguished academician*

#VALOUR

Chakrapani Mishra is described as belonging to a Mathur Navsavare Chobe brahmin family, that held the ancestral title of 'Mishra'. Chakrapani's immediate ancestors had served in the Mewar courts of Rana Kumbha and Rana Raimal. Chakrapani Mishra himself served at the court of Maharana Pratap. We know of two other texts by Chakrapani - namely the 'Rajya-abhishekha-paddhati' and 'Muhurtamala'. The former was composed at Maharana Pratap's coronation at Gogunda, and predated the 'Vishva-Vallabha' by at least five years.

Chakrapani Mishra's 'Vishva-Vallabha' is in the overall tradition of India's 'Vriksha-ayurveda' texts, and is divided into nine chapters (or ullasa). One sub-section focuses on how to test the ground in search of water, and check sources of water on the basis of types of soil, rocks and vegetation. Another explains how to classify tracts into categories such as 'Anup', 'Jangala', 'Mishra', and 'Parvatiya, watered by many rivers, or else categorized as open wilderness with scarcity of water, or as well-forested land etc. Another section looks at the digging of different types of wells, step-wells, tanks, ponds and other water structures. Yet another details methods of blasting hard rocks using burning wood, or through using specific chemical compounds mixed with water. There are descriptions for preparing hardened chisels for use as digging tools. Methods for purifying alkaline and hard water through the addition of herbs, vegetation or chemicals form a part of the text too, as do methods of testing various types of soils in order to decide the most suitable types of trees, plants and creepers.

### Forced Submission of Mewar

Yet another section of the treatise provides details on the correct ways of watering, sprinkling and otherwise irrigating different kinds of trees, shrubs, plants and grasses as per specific climatic conditions, as also the process of plantations, care of seeds quality, and suggestions for reviving destroyed orchards and gardens, etc. Protection of plants and trees from climatic extremes and disasters like fire, frost, gusty winds, weeds, predators, diseases and insects, and of providing suitable supports to creepers and plants forms part of Chakrapani Mishra's text, along with ways of making and using a range of protections that range from pesticide to spells and incantations. Other sections look at different manures and fertilizers and the proper way of their use; diagnosis of vegetation related ailments and treatment; ways of plant grafting and altering colours, taste, flowering etc of plants and creepers; and other types of agriculture-connected issues.

It was, and remains, a work of value – and obviously its practical application had been hoped for, when it was commissioned. To an extent, this did happen in the changed circumstances that Pratap's Mewar found itself in. Thus, small terraced land-holdings in narrow hilly valleys were farmed in different areas, water sources discovered and water-structures built on an urgent basis in the hilly tracts previously not used for plough agriculture, even as fertile farming tracts were abandoned in the vulnerable plains of Mewar.




Mughal-Rajput War.



Akbar and Maharana Pratap.

Coming now to Maharana Pratap's policies and problems from 1576 onwards: Akbar tried to extract peaceful submission from Pratap on at least three occasions between 1573 and 1575, and three successive emissaries were sent by him to Maharana Pratap. But they could not convince Maharana Pratap to change his mind. Eventually, Akbar decided to force the submission of Mewar. By this time Akbar had dealt with several of the outstanding problems plaguing his governance, including the Afghans of eastern India, Rao Chandrasen of Marwar (who had been forced out of Jodhpur, Bhadrajun, and eventually Siwana), and the rebellious Mirza brothers who had been crushed both in western U.P. and later Gujarat.

The Mughal forces were given the command to advance against Mewar on 3rd April, 1576. There were many wings and units to the vast Imperial army, and its commanders and warriors were already well-known for the battle-hardiness. Akbar appointed prince Man Singh Kachchwaha from Amber as Commander-in-Chief. Among other commanders and battle veterans were Asaf Khan, Baliyazi Khan, Shah Ghazi Khan, Raja Jagan Nath Kachchwaha, Rao Khangar, Madho Singh, Rao Loonkaran, Tabrizi, Mujahid Beg Khan, Syed Hashim Baraha etc. Also present was the chronicler Abdul Qadir Badayuni, who would leave an eye-witness account of the campaign against Maharana Pratap, written in Persian.

Meanwhile, from early 1572 onwards, Maharana Pratap had been consolidating his position and marshalling his resources (much like his father had tried to do after quitting Chittor fort). He had strengthened his hold over the Chhappan and Godwar parts of Mewar, and improved fortifications in the Aravalli ranges. Bhils were actively invited to give support and assistance as needed, and Mewar's southern borders with Sirohi and Gujarat policed with greater gusto than before. Furthermore, communities habitually living in the Chittor and Mandalgarh area plains were encouraged to leave those areas and settle in less vulnerable tracts of hilly Mewar.

Along with this, vast tracts of the countryside, stretching up to near Chittor, were burnt and left unploughed by Maharana Pratap's orders, so that the Mughal forces could not depend on local supplies of food or fodder. With rain-fed agriculture, Pratap's Mewar had traditionally known two crops a year, and despite occasional famine years, Mewar was self-sufficient with its locally grown wheat, maize, sugar cane, cotton, millets and vegetables, supplemented by edible items that came in through the trade routes. The latter included small amounts of rock salt (patthar ka namak) from the far-distant mountains to the north-west of the Sub-Continent, and other types of salt from Sambhar and Sindh (Saindhva namak).

All of that changed with the scorched earth policy that was adopted as the Mughal army advanced. This called for all crops to be destroyed, wells and water-bodies filled with earth and rubble, gardens and orchards laid waste, and villages, hamlets and settlements in the path of the Mughal marching forces abandoned. As a consequence, areas that lay in the path of the marching Mughal forces were abandoned in the plains between Chittor and Udaipur. Villagers breached their own irrigation tanks, water-reservoirs and ponds, before abandoning villages along with their cattle and all moveables, to prevent enemy forces access to food, fodder and water. There was to be no agriculture production, nor fodder or water for the Mughal forces to access.

### Traditional Orders


Around the end of May, the Mughal army left Mandalgarh and marched in the direction of Gogunda, 16 miles north-east of Udaipur. Gogunda lies close to the valley now famous by the name of Haldighati, some 17 miles north of Udaipur, so called because the local rocks have eroded to give a turmeric yellow colour to the soil. At that time, the ghati was a very narrow pass or defile, strategically located at the neck of a hill, within a densely forested area. (It was artificially widened for road traffic and popular movement in the mid- 20th century).

On reaching the vicinity of the village of Molela, situated on the banks of the river Banas, the Imperial forces camped on the south bank of the river Banas. Maharana Pratap had the support of Afghan chief, Hakim Khan Sur, and of the Bhils of the Bhomat area of Mewar. All passes of the hilly terrain had been fortified, and vast tracts of Mewari countryside had been burnt and laid to waste at his order.

> Along with this, vast tracts of the countryside, stretching up to near Chittor, were burnt and left unploughed by Maharana Pratap's orders, so that the Mughal forces could not depend on local supplies of food or fodder. With rain-fed agriculture, Pratap's Mewar had traditionally known two crops a year, and despite occasional famine years, Mewar was self-sufficient with its locally grown wheat, maize, sugar cane, cotton, millets and vegetables.

Pratap and his army moved to Khamnor, a village near the entrance to the Haldighati pass. All was now set for the forthcoming battle, which we today know by the name of the 'Battle of Haldighati', fought in June, 1576, on the 2ndSudi of Jyestha month of V.S 1633.

According to the contemporaneous account of Badayuni, there was a total of five thousand cavalry under Man Singh at the battle, though some later writings, like the 'Nainsi's Khyat' by Muhnot Nainsi, who was one of neighbouring Marwar's later period ministers, maintain that Man Singh commanded forty thousand soldiers. A still later 19th century work, the 'Vir Vinod', by Kaviraj Shyamaldas stated that the Mughal troops numbered 80,000. Maharana Pratap is said to have had over three thousand warriors, including Bhils, fighting for him. Here again, sources differ on the actual numbers involved. On the basis of various compiled sources, one of Rajasthan's 20th century historians, the late Professor G.N. Sharma stated that Maharana Pratap Singh faced the Mughal army at the head of 3,000 horsemen, 2,000 infantry, 150 elephants, and 100 miscellaneous men who served as drummers, trumpeteers and pick-men.



Battle Of Haldighati.

There were several skirmishes and encounters, before the sanguine battle in the heat of June. On the basis of Mughal and Rajasthani accounts, G.N. Sharma has described the battle formations of Maharana Pratap in his book, Mewar and the Mughal Emperors (1962). Pratap used the traditional order of Harawal (van, or front attacking formation of an army), Chandrawal (rear), Vama-Parshva (left wing) and Dakshin-Parshva (right wing), besides the central main body. It is said that Maharana Pratap had assembled his forces on both sides of a narrow pass, where the thickly forested hill-pass was so narrow that two riders could barely pass side by side.

### The Gory Battle

The two armies came together at the plain of Rati-Talai (since called 'Rakt-Talai' or 'Lake of Blood' in commemoration of the gory battle), close to the narrow pass of Haldighati. According to Abul Fazl, the pitched battle between the two opposing armies was fought besides the village of Khamnor, while the eye-witness Badayuni stated that it took place near Gogunda. On the basis of information made available to him during the opening years of the 19th century, Lt. Col. James Tod attempted his own description of the confrontation between the Mughal and Mewar armies, which he named as the 'Battle of Haldighati'. Compiling available information, 20th century historians believe that the major fighting took place at the pass, and near the area still known as 'Badshah Bagh'.

The battle was fiercely fought. Abul Fazl noted that in the thick of the battle it was difficult to distinguish between friend and foe. In the initial stages the Mughal vanguard was hit hard, and its forces forced to retreat. Subsequently, they rallied again. The elephant forces also clashed, and when the mahout of Mewar's lead elephant Ram Prasad fell to an arrow, the Mughal elephants' mahouts captured Mewar's elephant Ram Prasad.

The fighting brought Maharana Pratap and Prince Man Singh face-to-face. Seizing an opportunity, Maharana Pratap flung his spear at Man Singh who was seated on an elephant. The spear missed Man Singh and pierced the body of the elephant's mahout instead. At the same time, a sword held in the trunk of Man Singh's elephant grievously wounded Chetak's fore-legs. Mughal troops surrounded the Maharana, and he was hard-pressed as he fought his way through. In the heat of the battle, Mahtar Khan spread the rumour that the Emperor Akbar himself was approaching, leading a large contingent of the Imperial Army (though in reality Akbar was not present at any stage of the fighting at Haldighati).

***To be continued...***

rajeshsharma1049@gmail.com



The strategy of Rana Pratap that stunned the Mughal army.

#CHEMISTRY

# Yes, Your Water Can Go Bad



Whether from tap, a pitcher, or a bottle, there's definitely a point when you shouldn't drink that water.

We all know that food and drinks can go bad. Your refrigerator likely has items right now that were once wholesome food and is now...not wholesome, and no longer food. But one basic component of our lives that might seem immune to that spoilage is water.

It's a pretty fundamental compound, after all, and doesn't contain anything other than a bunch of hydrogen and oxygen, so there doesn't seem to be anything in there that other organisms could defile.

When your leftover mint chutney goes bad, it makes sense, but water seems so impervious that noticing an expiration date on a bottle of water seems kind of ludicrous.

But it's not completely wrong. Water doesn't rot or spoil like many foods, but there's definitely a shelf life.

### When Tap Water Goes Bad

Water that comes out of your faucet has most likely been treated with chlorine, which helps keep it free from microorganisms that can do you harm. But that water will react with the carbon dioxide in the air continuously, lowering the pH of the water, making it more acidic, which will can make it taste funny.

Additionally, uncovered water will collect dust and other stuff from the air, adding to the unpleasantness. Eventually, this process could even make you sick-although the water would have to sit there a very long time before it became dangerous as opposed to just gross.

At the same time, that chlorine that was added is off-gassing and leeching away, making the water more inviting to organisms.

The executive summary is that a glass of tap water left out overnight might taste weird, but is probably okay to drink from a health point of view. But water that sits out for a very long time should probably be avoided-especially if there are obvious signs of things, you know, living in it.

### When Bottled Water Goes Bad

Commercially bottled water lasts longer than exposed water, but it will eventually go bad. The water is pure when bottled, and the plastic (mostly) prevents microorganisms from getting in there-but the plastic itself is the problem.




The plastic isn't totally impenetrable, so the water will very slowly react with the air outside the bottle, evaporating and providing a slim-but-not-zero chance of contamination.

More importantly, chemicals from the plastic can slowly leech into the water-a process sped up by exposure to heat and the sun. These chemicals can be dangerous in large amounts, but there probably isn't enough of them in an old bottle of water to hurt you-but it will hurt the taste. This is why old bottled water sometimes has that "plastic" taste to it.

The rule of thumb on bottled water is that it's fine for about two years-if it remains sealed and stored in a cool, shaded place. Once that bottle is opened, the clock speeds up, because you're part of the equation.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# जमीन विवाद में दो पक्ष भिड़े, 10-15 राउंड फायरिंग की

## आरोपियों ने एक लग्जरी कार को आग के हवाले करने के साथ कुछ लोगों को कार से भी कुचलने की कोशिश की

- मारपीट में करीब आठ लोग घायल, पुलिस मौके पर पहुंची तब तक हमलावर पक्ष मौके से फरार हो चुका था
- अचानक हुए हमले में महिलाओं को सबसे ज्यादा चोट लगी, भागने का मौका भी नहीं मिला

**अलवर/भिवाडी, (निसं)।** जमीन विवाद में भिड़े दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक-दूसरे पर 10-15 राउंड फायरिंग कर दी। आरोपियों ने एक लग्जरी कार को आग के हवाले करने के साथ कुछ लोगों को कार से भी कुचलने की कोशिश की। इस मारपीट में करीब 8 लोग घायल हो गए। इधर सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तब तक हमलावर पक्ष मौके से फरार हो चुका था। घटना अलवर के भिवाडी के यूआईडी फेज थर्ड थाना क्षेत्र के बनबन गांव में बुधवार दोपहर 12 बजे की है। घायलों को थाना क्षेत्र के टपूकडा सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) में भर्ती कराया गया था। जहां से सभी को भिवाडी के अलवर बाइपास स्थित एसएस हॉस्पिटल में रेफर किया गया है।

भिवाडी के डिप्टी सुजीत शंकर ने बताया कि अभी किसी भी पक्ष की ओर से मामला दर्ज नहीं किया गया है। वहीं, गांव में पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। इस मामले में पीड़ित पक्ष के खिजुरिवास गांव (यूआईटी फेज थर्ड थाना) के निवासी पूर्ण सिंह यादव (50) ने बताया कि उनके तीन भाइयों अजीत यादव, धनीराम यादव और श्रीराम यादव ने मिलकर बनबन गांव में 100 बीघा जमीन खरीदी थी। वे खुद पेशे से एडवोकेट हैं। इसी जमीन पर दूसरे पक्ष पार्षद सूबे सिंह भी दावा कर रहे थे कि उनकी जमीन का कुछ हिस्सा (आधा बीघा) उनकी जमीन में आ रहा है। इसी बात को लेकर इन दो पक्षों में लंबे समय से विवाद चल रहा था। पूर्ण सिंह ने बताया कि बुधवार को पार्षद सूबे सिंह के लोग 4 से 5 गाड़ियों में भरकर बनबन गांव पहुंचे और यहां आते ही खेत में काम कर रही महिलाओं पर हमला कर दिया। जब महिलाओं ने इसका विरोध किया तो उन लोगों ने वहीं पर महिलाओं को पीटना शुरू कर दिया और गाड़ी को दौडाते हुए गाड़ी चढाने का प्रयास किया। इस दौरान बीच-बचाव में आए पुरुषों को भी लाठियों से पीटा। इस हमले में 8 लोग गंभीर घायल हो गए। अचानक हुए हमले में महिलाओं को सबसे ज्यादा चोट लगी हैं। खेत में काम रही महिलाओं को भागने का मौका भी नहीं मिला।

पूर्ण सिंह का आरोप है कि सूबे सिंह के लोगों ने करीब 10 से 15 राउंड फायरिंग कर दी और वहां से फरार हो गए। इस दौरान उनकी फॉर्च्यूनर कार का टायर मिट्टी में फंस गया तो सबूत मिटाने के लिए जाते-जाते कार में आग लगा दी।

भिवाडी डिप्टी ने बताया कि अभी पता नहीं चल पाया है कि हमलावर कौन थे और कहां से आए थे। वहीं इस हमले में संतरा देवी (50) पत्नी धनीराम यादव, कृष्णा (50) पत्नी पुराण सिंह, संतोष देवी (45) पत्नी अभय राम, पिंकी (32) पत्नी राहुल, मीना देवी (34) पत्नी कमल यादव, हंस राम (60) पुत्र रामकरण, इंद्रजीत (28) पुत्र रमेश यादव शामिल हैं। ये सभी लोग खिजुरिवास गांव के रहने वाले हैं।


## पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

**अजमेर, (कासं)।** आदर्श नगर थाना पुलिस ने बुधवार को आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए देशी पिस्टल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में युवक ने पिस्टल तीस हजार रुपए में एमपी से खरीदना बताया। पुलिस ने युवक को अदालत में पेश कर दो दिन की रिमांड पर लिया है। पुलिस युवक से पूछताछ में जुटी है।

आदर्श नगर थाना पुलिस के अनुसार एसपी चूनाराम जाट के निर्देश पर अवैध हथियारों की तस्करी व तस्करों के खिलाफ थानों में विशेष टीम का गठन कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आदर्श पुलिस को सूचना मिली थी कि पालरा रीको एरिया में एक युवक लूट के इरादे से घूम रहा है, जिसके पास देशी पिस्टल है। सूचना पर पुलिस ने दबिश की कार्यवाही अंजाम देते हुए मौके से जिला नागौर निवासी प्रदीप कुमार पुत्र ओमप्रकाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी पिस्टल बरामद कर जप्त कर ली। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी ने मध्यप्रदेश से 30 हजार में देशी पिस्टल को अपने शौक के लिए खरीदा था। पुलिस ने बुधवार को आरोपी युवक को अदालत में पेश कर दो दिन की रिमांड पर लिया। पुलिस युवक से पूछताछ में जुटी है।

# शादी में आई महिला की अज्ञात लोगों ने हत्या की

## महिला का शव गांव के बाहर खेत में खून से सनी हालत में मिला




पुलिस ने वारदात स्थल का बारिकी से निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** ज़िले के बागौर थाना क्षेत्र के मदनपुरा गांव में बुआ के घर शादी में आई महिला की बीती रात अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। महिला का शव गांव के बाहर खेत में खून से सनी हालत में मिला। महिला के सिर व शरीर पर चोटों के निशान मिले हैं।

पुलिस के अनुसार, रायपुर थाना इलाके में रहने वाली मैना कंवर (25) पत्नी महेंद्रसिंह राजपूत का पीहर बिजौलियां थाना इलाके में हैं। वह, अपनी बुआ के यहां मदनपुरा में शादी समारोह में शरीक होने आई थी। मंगलवार की रात क़रीब 8 बजे मैना घर से फ़ोन पर बात करती हुई निकली और कुछ देर बाद अचानक लापता हो गई। महाराष्ट्र में काम कर रहे पति ने जब मैना को फ़ोन किया तो फ़ोन बंद आया। इस पर उसने परिजनों से जानकारी कि तब मैना के घर से लापता होने बात सामने आई। परिजनों में मैना की संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल पाया। इस बीच, बुधवार सुबह शौच के लिए गांव से बाहर गये ग्रामीणों ने खेत में महिला की लाश देखी। महिला का शव खून से सना हुआ था। उसके सिर व गाल पर चोट के निशान थे। ग्रामीणों ने इसकी सूचना गांव वालों को दी। ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गये। महिला की पहचान लापता मैना कंवर के रूप में हुई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने वारदात स्थल का बारिकी से निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया।

## बूंदाबांदी से मौसम हुआ ठण्डा

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ उपखंड क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण मौसम परिवर्तनशील है। वहीं सुबह से ही बादलों की आवाजाही एवं तेज आंधी के थपेडों के साथ हल्की बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। जो शाम 6.30 बजे एक बार फिर तेज हवा के झोंकों के साथ शहर सादुलपुर सहित भाकरां, खैरू बडी, ढाणी खुडानी, बीराण सहित ग्रामीण अंचल के गांवों में हल्की रिमझिम बारिश का दौर शुरू हुआ, जो काफी देर तक चलता रहा। बीच-बीच में तेज ठंडी हवाएं चलने से मौसम ठंडा हो गया। इसके साथ ही ठंड होने से भीषण गर्मी से परेशान लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली। देर शाम तक मेघ गर्जना व रूक-रूक कर बुंदाबांदी का दौर जारी रहा।

# लाखों रुपए का डुप्लीकेट माल बरामद

## एप्पल कंपनी का चार्जर, इयरफोन, डाटा केबल सहित करीब 35 से 40 लाख रुपए का डुप्लीकेट माल बरामद

- कॉपीराइट एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

**अजमेर, (कासं)।** क्लॉक टावर थाना क्षेत्र के केसरगंज स्थित गणपति मोबाइल पॉइंट शॉप पर कॉपीराइट एक्ट के तहत बुधवार को कार्रवाई अंजाम दी। दुकान से एप्पल कंपनी का चार्जर, इयरफोन, डाटा केबल सहित करीब 35 से 40 लाख रुपए का डुप्लीकेट माल बरामद किया। कार्रवाई कॉपीराइट एक्ट के तहत की गई है।

भारत में एप्पल ब्रांड का काम करने वाली नोएडा के साईं कृष्णा एसोसिएट के कंपनी के प्रतिनिधि नीरज दहिया और गोविंद कसाणा को सूचना मिली थी कि अजमेर के केसरगंज स्थित गणपति मोबाइल एसेसरी पॉइंट पर एप्पल कंपनी के नाम से नकली माल बेचा जा रहा है। जिस पर उन्होंने क्लॉक टावर थाना को अजमेर में मोबाइल की दुकान में एप्पल कंपनी की डुप्लीकेट एसेसरीज बेचे जाने की शिकायत की थी। पुलिस उपनिरीक्षक केसाराम की अध्यक्षता में टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने बुधवार को मिलकर कार्रवाई अंजाम दी, जिसमें जिसमें दुकान से भारी मात्रा में नकली माल जब्त किया गया।

टीम प्रतिनिधियों ने बताया कि यह कार्रवाई कॉपीराइट एक्ट के तहत की गई है। जब्त किए गए माल की कीमत करीब 35 से 40 लाख रुपए आंकी जा रही है। वहीं क्लॉक टावर के उपनिरीक्षक केसाराम ने बताया कि साईं कृष्णा एसोसिएट की सूचना पर गणपति मोबाइल पहुंचकर कंपनी का नकली माल जब्त किया है, आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**मोबाइल शॉप संचालकों ने बंद की दुकान :** क्लॉक टावर थाना पुलिस की केसरगंज क्षेत्र में संचालित गणपति मोबाइल शॉमप पर छापेमार कार्यवाही की सूचना मिलते ही शहर के अन्य क्षेत्र में संचालित मोबाइल की दुकानों के संचालिकों ने अपनी दुकानें बंद कर दी। केसरगंज पड़ाव डिग्गी चौक सहित कई अन्य जगह मोबाइल दुकान शाम से पहले ही बंद हो गई।

## शिक्षक के सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना

**भीलवाड़ा, (निसं)।** ज़िले के फुलियां कला उपखंड मुख्यालय पर स्थित एक शिक्षक के सूने मकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए कमरों में रखी अलमारियों के ताले तोड़कर दो लाख पिच्चयासी हजार रुपए की नकदी सहित सोने-चांदी के गहने पार कर लिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे के रघुनाथ मंदिर के समीप रहने वाले शिक्षक धर्मेन्द्र सोनी पत्नी सहित 21 मई को उदयपुर गए हुए थे। मकान को सूना देखकर चोरों ने 22-23 मई की मध्यरात्रि मे मकान के मेन गेट से घुसकर दो कमरों मे रखी दो अलमारियों के ताले तोड़कर उनमें रखे लाखों रुपए कीमत के गहने चोरी कर ले गए। चोरी की वारदात का पता उस समय लगा जब बीती रात दूसरे मौहल्ले मे रहने वाली शिक्षक सोनी की मां आशा सोनी उधर से गुजर रही थी। वारदात का पता चलने पर मां ने शिक्षक को फोन पर सूचना दी। वहीं सूचना मिलने पर फूलियाकलां थानाधिकारी दलपतसिंह मय जाब्ता मौके पर पंहुचे तथा जांच में जुटे। सूने मकान मे चोरी की वारदात होने पर मकान के बाहर मौहल्लेवासी एकत्रित हो गए। मकान मे चोरी की सूचना पर गांव पहुंच मकान मालिक धर्मेन्द्र सोनी ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट मे बताया कि चोरों ने मकान के एक कमरे मे रखी अलमारी से पैतीस हजार रुपए नकद तथा सोने चांदी के आभूषण एवं दुसरे कमरे मे रखे पलंग के बाक्स से ढाई लाख रुपए नकदी एंव सोने चांदी के आभूषण अज्ञात चोर चुरा ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

## बेटे को बचाने पहुंचे पिता की मौत

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** गंज गांव में पुत्र के साथ मारपीट कर रहे लोगों से छुड़ाने पहुंचे पिता की मारपीट के दौरान मौत हो गई। पुलिस में गांव गंज के मोहित पुत्र सुभाष सैनी सहित चार लोगों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कराया गया है। सूचना मिलने पर एडिशनल एसपी डीएसपी जगदीश बेनीवाल थाना अधिकारी अमित चौधरी मौके पर पहुंचे। गांव गंज निवासी खिल्लू पुत्र सुरेश सैनी ने पुलिस में मामला दर्ज कराते हुए बताया है कि वह दोपहर में घर पर था फोन कर बुलाया और नगर पालिका के पास मारपीट कर बाइक पर बैठाकर जेल के पास ले गए। मोहित सैनी सहित चार लोग और थे। मारपीट का पता लगने पर मेरे पिता सुरेश सैनी भी वहां आ गए उनके साथ भी मारपीट की और नाले में पटक दिया।

## शिक्षा अधिकारी को आठ हजार की रिश्वत लेते पकड़ा

**भरतपुर, (निसं)।** धौलपुर एसीबी की टीम ने उप अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्रवाई करते हुए एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एलिमेंट्री एज्युकेशन ऑफिसर सुनील अग्रवाल को 8 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। एडीईईओ सुनील अग्रवाल ने एक टीचर से उसकी नौकरी से सम्बंधित आदेश निकालने के लिए रिश्वत मांगी थी। जिसके बाद परिवादी ने एडीईईओ सुनील अग्रवाल की शिकायत जयपुर एसीबी में की थी।

जयपुर एसीबी के द्वारा शिकायत धौलपुर एसीबी में भेजी गई। जिस पर एसीबी धौलपुर की टीम ने मामले का सत्यापन कराया। जांच में मामला सहीं पाए जाने पर बुधवार को एसीबी के द्वारा कार्यवाही की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवादी जयपुर में थर्ड ग्रेड टीचर की नौकरी करता था। वह कोर्ट के आदेश पर भरतपुर आ गया। डीओ रामेश्वर दयाल बंसल ने 28 अगस्त 2022 को एक उसकी नौकरी से सम्बंधित एक लेटर निकाला, जिसमें टीचर को उसका प्रोविजनल पीरियड दोबारा सर्व करने के लिए कहा गया। वह आदेश दोबारा 10 मई 2023 को निकाला गया। तब थर्ड ग्रेड टीचर दोनों आदेश लेकर प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचा। जहां उसने एडीईईओ सुनील अग्रवाल को दोनों ऑर्डर दिखाए। एडीईईओ सुनील अग्रवाल ने कहा कि वह संशोधित आदेश निकाल देंगे। उसकी एवज में उसे 8 हजार रुपये चाहिए। क्योंकि कार्यालय की कुर्सियां खराब हो गईं हैं उन्हें नई कुर्सी लानी है। जिसके बाद परिवादी ने जयपुर एसीबी में शिकायत की।वह शिकायत 19 मई को धौलपुर एसीबी पहुंची। जिसके बाद परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया गया। सत्यापन सही पाने जाने पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरविजन में एसीबी की धौलपुर ईकाई के उप अधीक्षक पुलिस सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एसीबी की टीम ने षिकायत का सत्यापन कर ट्रैप की कार्यवाही करते हुए एडीईईओ सुनील अग्रवाल को 8 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

## दो गिरफ्तार

**सादुलपुर, (निसं)।** हमीरवास थाना पुलिस ने बुधवार को गश्त के दौरान आईपीएल के क्रिकेट मैच पर सट्टा की खाईवाली करने के आरोप में 6 मोबाईल फोन, एक लैपटॉप व बिना नम्बरी मार्सल गाडी को जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में बडी सफलता हासिल की है। प्रकरण अनुसार पुलिस महानिरीक्षक बीकानेर, रैंज बीकानेर एवं जिला पुलिस अधीक्षक चूरू के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत हमीरवास थानाधिकारी राधेश्याम उपनिरीक्षक ने मय पुलिस जाब्ते के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ अशोक बुटोलिया, वृताधिकारी वृत राजगढ ओमप्रकाश गोदारा के निकटतम सुपरविजन में कार्यवाही करते हुए आईपीएल लीग में चेन्नई बनाम गुजरात के बीच चल रहे क्रिकेट मैच पर बिना नम्बरी मार्सल गाडी में सटटे की खाईवाली करने के आरोप में शशिकांत उर्फ चिन्नू पुत्र अरूण कुमार निवासी मलसीसर जिला झुन्झुनूं व मुकेश पुत्र संतकुमार निवासी मलसीसर जिला झुन्झुनूं को गिरफ्तार किया और 6 मोबाईल फोन, एक लैपटॉप, एक डायरी एवं बिना नम्बरी मार्सल गाडी जब्त की। वहीं हमीरवास थाने में मामला दर्ज किया गया है।

# जन संवाद कार्यक्रम में पूर्व सभापति और पार्षद में तनातनी

- राधेश्याम चौहान के सवाल पर पूर्व सभापति राकेश भाटी बोले-तू जांच अधिकारी है क्या?
- पाली जिला परिषद सभागार में ए.सी.बी. का जन संवाद आयोजित किया था

**पाली, (नि.सं.)।** पाली के जिला परिषद सभागार में बुधवार को ए.सी.बी. का जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बीजेपी, कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ सैकड़ों शहरवासियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसीबी के आईजी सवाई सिंह गोदारा कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बता रहे थे। इस दौरान पूर्व सभापति राकेश भाटी और पार्षद राधेश्याम चौहान में तनातनी हो गई।

जानकारी के अनुसार पार्षद राधेश्याम चौहान ने उनसे पूछा कि एसीबी में नगर परिषद सभापति और उनके पति राकेश भाटी के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई थी। डीएलबी से उसकी जांच के आदेश भी हो चुके है फिर अभी तक एसीबी ने जांच शुरू क्यों नहीं की। वे जवाब देते इससे पहले पूर्व सभापति राकेश भाटी खड़े हो गए और बोले कि तुम जांच अधिकारी हो क्या जो ऐसे सवाल कर रहे हो। यह एसीबी का जन संवाद कार्यक्रम है। मैं दोषी हूं तो राजनीति छोड़ दूंगा वरना तू राजनीति छोड़ देना। इस दौरान सभापति रेखा भाटी और दूसरे पक्ष के जीतू राजपुरोहित, पार्षद नरेश मेहता भी खड़े हो गए। जिससे माहौल गर्मा किया। ऐसे में एसीबी के अधिकारियों ने उन्हें शांत किया। मामला बढ़ता देख आखिर धन्यवाद देकर इस जन संवाद कार्यक्रम को समाप्त करने की घोषणा करनी पड़ी।

**गत वर्ष करवाई थी शिकायत :** 29 अगस्त 2022 को एसीबी में नगर परिषद सभापति और उनके पार्षद पति राकेश भाटी के खिलाफ शिकायत दी गई थी। इसमें अभी तक क्या कार्रवाई हुई यह सवाल एसीबी आईजी से पार्षद राधेश्याम चौहान ने पूछा था। इस पर दोनों में तनातनी हो गई।

राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्टाचार मुक्त जन जागरूकता अभियान प्रदेश में शुरू किया गया। इसको लेकर बुधवार को पाली के जिला परिषद सभागार में एसीबी की ओर से जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें लोगों को एसीबी के कार्य के बारे में बताया और उनके टोल फ्री नंबर 1064 और वाट्सअप नंबर 9413502834 के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान प्रेस से एसीबी के आईजी सवाई सिंह गोदारा ने कहा कि देश में महाराष्ट्र के बाद राजस्थान की एसीबी ने सबसे ज्यादा भ्रष्टाचारियों को पकड़ा है। उन्होंने कहा कि आमजन से अवैध रूप से रिश्वत मांगकर उन्हें परेशान करने वाले लोक सेवकों के सलाखों के पीछे पहुंचाना उनका काम है।

## इनामी अपराधी गिरफ्तार



पुलिस ने पांच हजार रूपये के ईनामी बदमाश महावीर बावरिया को पकड़ा।

**फुलेरा, (निसं)।** जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ. राजीव पचार द्वारा जिले में नकबजनी, चोरी की वारदातों की रोकथाम, बदमाशों की धरपकड़, अवैध कारोबारियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए रेनवाल थाने के 5 हजार रुपये के इनामी अपराधी महावीर उर्फ काना बावरिया को गिरफ्तार किया है। फुलेरा थानाधिकारी हनुमान सहाय ने बताया कि 21 फरवरी को माच्छरखानी में स्थित बी आर इण्डियन ऑयल पेट्रोल पम्प पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रात्रि के समय बंद कमरे का ताला तोड़कर नकबजनी की वारदात कर पैसे चोरी कर ले गए थे। जिसके सम्बंध में परिवादी श्रवण जाखड़ निवासी माच्घरखानी ने थाने पर मामला दर्ज करवाया गया था। पुलिस की गठित टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीसीटीवी फुटेज चेक किये एवं संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जाकर आसूचना सलंग्न कर अभियुक्त महावीर उर्फ काना बावरिया पुत्र गोपाल हनुमान जाति बावरिया निवासी सुखालपुरा थाना क्षेत्र रेनवाल को गिरफ्तार किया है।

# राजसमंद में महाराणा प्रताप की प्रतिमा हटाने पर विवाद

## पुलिस ने 35-40 लोगों के खिलाफ दर्ज किया मामला

- उग्र हुए शहरवासी तीन दिन में मूर्ति नहीं लगाने पर दी उग्र आंदोलन चेतावनी

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर महाराणा प्रताप जयंती पर शहरवासियों ने कलेक्ट्रेट के पास महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित की थी जिसे प्रशासन द्वारा मंगलवार अर्द्ध रात्रि को रात के अंधेरे में चोरी छिपे हटाकर नगर परिषद में खडी कर दी। प्रताप की प्रतिमा हटाने के विरोध में शहरवासी उग्र हो गए और नगर परिषद में पहुंचे गए। जहां पर प्रताप के जयकारे लगाए हुए विरोध प्रदर्शन किया। शहरवासियों ने चेतावनी दी कि अगर तीन दिन में महाराणा प्रताप की प्रतिमा नहीं लगाई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। राजसमंद में महाराणा प्रताप की प्रतिमा को हटाने को लेकर बुधवार को विवाद हो गया। माहौल इतना गरमा गया कि प्रतिमा हटाने को लेकर नगर परिषद के चेयरमैन अशोक टांक से कुछ युवक उलझ गए। विवाद इतना बढ गया कि मौके पर मौजूद नगर परिषद आयुक्त जनार्दन शर्मा और डिप्टी बेनी प्रसाद मीणा ने बिच बचाव कर मामला शांत करवाया। इससे पहले चौराह से मूर्ति गायब होने की सूचना पर बुधवार सुबह भरत पालीवाल, महेन्द्रसिंह चौहान, लिलेश खत्री, अशोक रांका, महेन्द्र कोठारी विकास, प्रतिपक्ष नेता हिम्मत कुमावत, गिरीराज पालीवाल, गिरीश पालीवाल, प्रकाश जांगीड, अनील कुमावत, नर्बदाशंकर पालीवाल, कमलेश पालीवाल सहित शहरवासी जिला परिषद के बाहर एकत्रित होना शुरू हो गए। जिस पर राजनगर थाना अधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में पुलिस बल पहुंच गया।

गौरतलब है कि कलेक्ट्रेट के बाहर चौराहे पर महाराणा प्रताप सर्किल बनाने और अश्वारूढ प्रतिमा स्थापित करने को लेकर लंबे समय से मांग चल रही थी। इसी बिच 22 मई सोमवार सायं को महाराणा प्रताप जयंती पर शहर के कुछ लोगों ने महाराणा प्रताप की प्रतीकात्मक प्रतिमा भी लगा दी। इसके बाद 23 मई की रात अचानक 100 फीट की प्रतिमा गायब हो गई।

इधर, बिना स्वीकृति के मुख्य मार्ग स्थित सार्वजनिक चौराहे पर महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित करने के मामले में नगर परिषद की ओर से दी गई शिकायत पर राजनगर पुलिस थाने ने कार्यवाही करते हुए 35-40 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। शहरवासियों का कहना है कि प्रताप की कर्म और जन्म स्थली जिला मुख्यालय पर प्रतिमा नहीं होना, सभी के लिए शर्म की बात है। इसके बाद 23 मई को प्रशासन द्वारा प्रताप की प्रतिमा को हटाकर नगर परिषद में खडी कर दी। सुबह प्रताप की प्रतिमा नहीं मिलने पर बडी संख्या में शहवासी नगर परिषद पहुंचे गए, जहां पर प्रताप के जयकारों के बीच इसका पुरजोर विरोध प्रदर्शन किया। अब बिना अनुमति प्रताप की प्रतिमा लगाने का मामला राजसमंद पुलिस तक पहुंच गया है। नगर परिषद राजसमंद के सहायक अभियंता शंकरलाल चंगेरीवाल ने रिपोर्ट देकर बिना अनुमति प्रताप प्रतिमा लगाए जाने को लेकर राजनगर थाने में मामला दर्ज करवाया है।

सभापति टांक मौजूद शहरवासियों से वार्ता कर मामले में अनभिज्ञाता जताते हुए मामले की जानकारी ली। जिस पर उन्होंने बताया कि प्रतिमा स्थापित वाले स्थल पर न्यायालय में स्थगन आदेश है। उन्होंने उचित कार्यवाही का आश्वासन देते हुए आक्रोशित लोगों से समझाईश कर शांत करवाया। शहरवासियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए चेतावनी दी कि अगर तीन दिन के अंदर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा को स्थापित नहीं किया तो शहरवासियों की ओर से उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## मजदूर पर किया हमला

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले के गजसिंहपुर इलाके के गांव 53 एफ में खेत में काम करते समय खेत मजदूरों में झगड़े का मामला सामने आया है। इसमें एक मजदूर के भाई ने अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करवाया है। मामले की जांच एएसआई रामप्रताप कर रहे हैं। घायल मजदूर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इस संबंध में घायल के भाई ने मंगलवार देर रात गजसिंहपुर थाने में मामला दर्ज करवाया।

गजसिंहपुर पुलिस स्टेशन से मिली जानकारी के अनुसार विवाद खेत में खाळे की खुदाई के दौरान हुआ। गांव 53 एफ जोरावरपुरा का सियाराम गांव में खेत में मजदूरी कर रहा था। इसी समय खेत में रूडाराम पुत्र किशनाराम नायक भी मजदूरी कर रहा था। ये लोग आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान दोनों का किसी बात पर विवाद हो गया। खाळा खोदने के दौरान रूड़ाराम के हाथ में फावड़ा था। गुस्से में आकर रूड़ाराम ने सियाराम पर हमला कर दिया। इससे सियाराम के गर्दन पर चोट आई। उसे तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 75.40 लाख की धोखाधड़ी मामले में महिला गिरफ़्तार

## पुलिस का कहना है कि महिला का पति फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है

- पुलिस ने महिला को न्यायालय में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर की सुभाष नगर थाना पुलिस ने 75 लाख 40 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि महिला का पति फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

सुभाषनगर पुलिस ने बताया कि लिंक रोड़, शास्त्रीनगर निवासी डॉक्टर निशा माहेश्वरी ने पुलिस अधीक्षक को 17 जनवरी को एक शिकायत दी। इस शिकायत पर 18 जनवरी को कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। डॉक्टर निशा ने शिकायत में बताया था कि शिव प्रकाश अजमेरा व इसकी पत्नी सुशीला अजमेरा दोनों परिवादिया के घर आकर गिड़गिड़ाने लगे कि हमें रुपयों की आवश्यकता है। आप हमें रुपये दे दो हमारी जिंदगी बच जाएगी। इस पर डॉक्टर निशा ने बचत के 20 लाख इन दोनों को दिए। फिर विश्वास करके टुकड़ों में 75 लाख 40,000 रूपये कुल इन लोगों को दिए। इन रुपयों के बदले आरोपित अजमेरा ने चेक चिट्टी दे दी, जिसमें जरूरत पड़ने पर रुपये वापस देने का वादा किया। बैंक में पता करने पर अकाउंट में पर्याप्त रुपए नहीं होने की जानकारी मिली। डॉक्टर निशा ने रिपोर्ट में आरोप लगाया कि 2020 से आज तक जब भी दुकान घर पर रुपए मांगने जाते हैं तो आरोपित जान से मारने की धमकियाँ देते हैं।

इस शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस ने जांच की। इस बीच, डॉक्टर निशा ने पुलिस अधीक्षक को परिवाद पेश कर कहा कि उन्हें इस मामले में कोतवाली पुलिस से न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है। ऐसे में इस मामले की जांच सुभाषनगर थाना अधिकारी नंदलाल रिणवा से करवाई जाये। इस परिवाद पर पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच 10 मई को कोतवाली पुलिस से सुभाषनगर थाना अधिकारी को सौंप दी। 12 मई को पुलिस को फाइल मिली। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरु की। पुलिस ने इस मामले की जांच के बाद आरसी व्यास कॉलोनी निवासी सुशीला पत्नी शिव प्रकाश अजमेरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने महिला को न्यायालय में पेश कर पूछताछ व राशि बरामदगी के लिए 3 दिन रिमांड पर लिया है।पुलिस ने यह भी बताया कि शिवप्रकाश फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

# प्रदेश में कई स्थानों पर बरसात के साथ हुई ओलावृष्टि

## आंधी के साथ बरसात होने व ओले गिरने से तापमान में आई गिरावट, लोगों को गर्मी से राहत मिली

**फुलेरा,** (निसं)। फुलेरा कस्बा सहित आस-पास के क्षेत्र में पिछले करीब एक सप्ताह से तापक्रम 44 डिग्री से ऊपर पहुंच चुका था। लू के थपेड़ों से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित था वहीं क्षेत्र की अधिकतम व्यस्त रहने वाली

■ नौतपा पर बारिश से फिरा पानी, भयंकर गर्मी से मिली राहत

सड़कें दोपहर तक सुनसान सी नजर आने लगी थी। इसके चलते क्षेत्र में चारों ओर गर्मी का लॉकडाउन सा नजारा देखा जा रहा था। इसी बीच बुधवार को करीब 11:15 तेज आंधी के साथ हवा में ठंडक का एहसास होने लगा धीरे-धीरे आकाश में घने काले बादल मण्डराने लगे और करीब एक बजे पूरा अकाश काले बादलों से आच्छादित हो गया और मेघ गर्जना के साथ बूंदा-बांदी शुरू हो गई। साथ ही देखते ही देखते मध्यम गति


आकाश में अचानक छाये हुए बादल।

की वर्षा होने लगी।

मौसम में अचानक ठण्डक के बढ़ने से तापक्रम में एकदम गिरावट आ गई। वहीं तापक्रम 44 डिग्री से लुढ़ककर 24 डिग्री पर आ गया। इसके चलते तापक्रम में गिरावट होने से एक बार तो लोगों ने पंखा कूलर भी बन्द कर दिया। साथ ही पूरे दिन पसीने से भीगा रहने वाले बदन में ठण्डी हवाओं के झोंकों से स्फूर्ति की आने लगी। जबकि इसके पहले क्षेत्र में गर्मी से बेहाल लोगों को कूलर, एसी भी फैल होते नजर आ रहे थे। अचानक हुई बारिश ने नोतपा पर पानी फेर दिया। इसके साथ ही लोगों को भयंकर गर्मी से राहत मिली है।

## बरसात के साथ ओले गिरने से हुआ नुकसान

**करौली/सपोटरा,** (निसं)। सपोटरा उपखंड क्षेत्र में बुधवार दोपहर को मौसम का मिजाज बदलने से क्षेत्र में धूल भरी आंधी चलते के साथ अचानक तेज हवा के साथ बारिश हुई। क्षेत्र में बारिश के करीब 15 मिनट तक जमकर ओलावृष्टि भी हुई। क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि से क्षेत्र के लोगों को नुकसान उठाना पड़ा। क्षेत्र में चली तेज हवा से कहीं पेड़ उखड़ गये तो कहीं पर विद्युत के तार टूट गए। ऐसे में ग्राम पंचायत गज्जूपुरा के गांव गज्जूपुरा की झोपडी में तेज हवा से विद्युत पोल से 33 केवी के बिजली तार टूट गए गज्जूपुरा गांव में पेड के टूटने से बाबूलाल पुत्र श्रीफूल मीना की एक भैंस मर गई। सपोटरा पंचायत समिति परिसर में एक विशाल पेड के गिरने से पंचायत


करौली क्षेत्र में बुधवार को हुई ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान हुआ।

समिति व पोस्ट ऑफिस का भवन भी बाल बाल बचा। सपोटरा क्षेत्र के चौडागांव, औडच, बीलबाड की झोपडी, जीरोता, जोडली, मांगरोल, सपोटरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में करीबन 15 मिनट तक ओले गिरे।

## बीकानेर में बरसात होने से तापमान में आई गिरावट

**बीकानेर,** (निसं)। मौसम विभाग की भविष्यवाणी एक बार फिर सही साबित हो रही है। बीकानेर शहर में बुधवार दोपहर बादलों ने डेरा डालना शुरू कर दिया, जबकि श्रीडूंगरगढ़ के कई गांवों में झमाझम बारिश के साथ ओले भी गिरे हैं। शाम को बीकानेर में भी तेज बारिश हुई। श्रीडूंगरगढ़ व लूणकरनसर में भी बारिश ने मौसम सुहाना कर दिया। श्रीडूंगरगढ़ के कई गांवों में दोपहर में ही बारिश शुरू हो गई। शुरूआत में रिमझिम हुई और बाद में ओलों के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। श्रीडूंगरगढ़ कस्बे के साथ ही आसपास के गांवों में अच्छी बारिश हुई है। हालांकि इस बारिश से किसानों को कुछ खास लाभ नहीं होने वाला है लेकिन मौसम में ठंडक होने से तापमान में गिरावट हुई है। बीकानेर शहर में दो बजे तक तेज धूप रही लेकिन इसके बाद बादलवाही शुरू हो गई। साढ़े तीन बजे के आसपास कुछ बूंदाबांदी ने गर्मी से राहत के संकेत दिए हैं।

मौसम विभाग ने बीकानेर में 25 व 26 मई को बारिश की उम्मीद जताई थी। इससे पहले ही संभाग के कई शहरों व कस्बों में बारिश हुई है। बीकानेर से जयपुर रोड पर स्थित हाइवे पर भी बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। बीकानेर में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, जिसमें आज गिरावट आने की उम्मीद की जा रही है। खासकर रात के न्यूनतम तापमान में अब कमी आ सकती है। न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो अब दो से तीन डिग्री कम हो सकता है।

सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करने के साथ ही गुरुवार शाम से नौतपा शुरू हो जाएगा। वैसे तो नौतपा 8 जून तक है लेकिन नौ दिन ज्यादा तपने का सिलसिला दो जून तक चलेगा। शुरूआती दो दिन में तापमान कम रह सकता है, लेकिन इसके बाद पारे में बढ़ोतरी तय मानी जा रही है।

ज्योतिषयों का मानना है कि अगर नौतपा में बारिश होती है तो ये अच्छे मानसून के संकेत नहीं है। हालांकि आज होने वाली बारिश इसका हिस्सा नहीं है। नौतपा कल शाम से शुरू होगा और इसके बाद अगर बारिश आती है तो ये आगे के लिए खराब संकेत है। ज्योतिषाचार्य का कहना है कि नोतपा में बारिश को नोतपा का गलना कहते हैं और इसका असर मानसून पर पड़ता है।

## मूसलाधार बारिश से किसानों के चेहरे खिले

### लालसोट एवं रामगढ़ उपखंड क्षेत्र में कई जगहों पर तेज अंधड़ के साथ हुई बारिश

**रतनगढ़,** (निसं)। रतनगढ़ क्षेत्र में बुधवार को मौसम का मिजाज बदल गया। प्रचंड गर्मी की मार से त्रस्त लोगों को क्षेत्र में बुधवार से देर शाम तक चली बारिश के दौर से निजात मिली। सुबह के समय हल्की बारिश हुई और उसके बाद धूप निकल गई तथा तेज गर्मी का अहसास हुआ। दोपहर के बाद तेज हवाएं चली और थोड़ी देर बाद बारिश का दौर पुनः शुरू हुआ, जो रूक-रूककर देर शाम तक जारी रहा। क्षेत्र में शाम को सवा पांच बजे तक 25 एमएम बारिश दर्ज की गई। बारिश होने से स्टेशन सड़क मार्ग, सराफ कुआ, पोस्ट ऑफिस सड़क मार्ग सहित कई निचले भूभाग जलमग्ध हो गए, जिससे लोगों को आवागमन असुविधा का सामना करना पड़ा। वर्तमान में हुई बारिश क्षेत्र में नरमे की फसल को जीवनदान देगी। क्योंकि किसानों ने नरमे की बुवाई का कार्य 10 दिन पहले ही पूरा कर लिया था। वहीं हाल ही में हुई बारिश के बाद मूंगफली व बाजरे की बुवाई का कार्य किसान शुरू करेंगे। समाचार लिखे जाने तक बारिश का दौर जारी था।

**लालसोट/रामगढ़ पचवार संवाददाता के अनुसार:** उपखंड क्षेत्र में बुधवार दोपहर को बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि के बाद विगत दिनों से भीषण गर्मी एवं लू के थपेड़ों की मार झेल रहे लोगों को राहत मिली है। वहीं तापमान में वृद्धि होने के साथ कूलर व एसी भी जवाब देने लगे थे एवं गर्म हवा दे रहे थे। इस भीषण गर्मी से एक तरफ जहां आम जनजीवन अस्त व्यस्त था तो दूसरी ओर बेजुबान जानवर भी काफी व्याकुल नजर आ रहे थे। जहां बुधवार को दोपहर बाद तेज अंधड़ के साथ हुई बारिश से गर्मी से राहत मिली एवं मौसम सुहावना हो गया। बुधवार को दोपहर बाद लालसोट एवं रामगढ़ उपखंड क्षेत्र के कई जगहों पर तेज अंधड़ के साथ आई बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से लोगों को काफी हद तक भीषण गर्मी से राहत मिली है। दो दिन से सूरज ज्यादा आग उगल रहा था एवं हवा भी गरम चलने के चलते झुलसाने वाले थपेड़े भीषण गर्मी का एहसास करा रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार आए बुधवार को आए तेज अंधड़ में कई जगहों पर कच्चे टीन टप्पर उड़ने के साथ कई पेड़ भी धराशाई हुए हैं।

**श्रीमाधोपुर संवाददाता के अनुसार:** क्षेत्र के लोगों को झुलसा देने वाली गर्मी के बाद बुधवार को राहत मिली है। सुबह से आसमान में काले बादल दिखाई देने लगे। क्षेत्र में हल्की बारिश के समाचार मिले हैं। वहीं क्षेत्र के कई गांव में अच्छी बारिश भी हुई है। आसमान में छाए काले बादल और हल्की बारिश के चलते तापमान नीचे आ गया, वहीं ठंडी हवाओं ने मौसम सुहाना बना हुआ है। सुबह से ही हल्की बारिश का दौर शुरू हुआ। वहीं मौसम के पलटी खाने और हल्की बरसात शुरू होने से बाजारों के साथ की सड़कों पर भी आवागमन कम ही दिखाई दिया। किसानों की जाने तो कहीं कहीं बुवाई-जुताई हो गई है। इसके लिए यह बरसात काफी अच्छी है।

**बीदासर संवाददाता के अनुसार:** कस्बे व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले बुधवार को जमकर बरसात हुई। अल सुबह से ही आसमान में बादलों का उमड़ना शुरु हो गया। वहीं दोपहर साढ़े 12 बजे बाद बारिश का दौर शुरू हुआ और करीब एक घण्टे तक जमकर बरसात हुई। इसके बाद देर शाम तक रुक रुक कर कभी हल्की तो कभी तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर चला।

बारिश के कारण कस्बे मे वाल्मीकि बस्ती, मेघवाल बस्ती, शिव चौक, बडौदा बैंक रोड़, नेक नगर रोड़, गंगा माता मंदिर मार्ग सहित अनेक निचले ईलाकों व गली मोहल्लों में पानी भर गया। जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं बारिश के दौरान कस्बे की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप्प हो गई और दोपहर 1 बजे बन्द हूई विद्युत आपूर्ति देर शाम तक भी बहाल नहीं की जा सकी। बरसात से घरों व दुकानों में बरसाती पानी घुस गया।

# पी.एम. की सभा के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सभा स्थल की पूजा-अर्चना की

## भ्रष्ट लोगों को आरपीएससी का सदस्य बनाया गया जिससे प्रदेश का युवा आज अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है : सी.पी.जोशी

**अजमेर/जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 31 मई को अजमेर में होने वाली आम सभा को लेकर कायड़ विश्राम स्थली पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी ने विधिवत पूजा अर्चना कर पुरोहितों द्वारा भूमि का शुद्धिकरण व आगामी कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रार्थना की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जोशी ने कहा कि भारत सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूरे होने पर आयोजित होने वाले महा जनसंपर्क अभियान का श्रीगणेश अजमेर की ऐतिहासिक धरती से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। अजमेर सांस्कृतिक ओर संगठनात्मक दृष्टि से बहुत मजबूत है, अजमेर में जिला कार्यसमिति का शुभारंभ मां भारती, श्यामा प्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन व वन्दे मातरम के साथ हुआ।

जोशी ने कार्यसमिति में कहा कि अब प्रदेश की जनता ने तय कर लिया है कि अब कांग्रेस सरकार के कुशासन से त्रस्त होकर कांग्रेस को हमेशा के लिए हटा कर प्रदेश को राहत देनी है। जोशी ने कहा कि कांग्रेस के कुशासन मे आज अपराध मे राजस्थान एक नंबर पर हो गया है, महंगाई प्रदेश मे चरम पर है, राजस्थान का युवा भटक रहा है, जिस


भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी ने अजमेर में सभा स्थल का पूजन किया।

प्रकार आरपीएससी जैसी संस्था की पवित्रता पर सवाल खड़े हुए है, भ्रष्ट लोगों को आरपीएससी का सदस्य बनाया गया। प्रदेश का युवा आज अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है, सरकार ने युवाओं के सपने को रौंदने का कार्य किया है। आज राजस्थान के युवा कमर कस के बैठा है, बोर्ड के जारोली को बर्खास्त किया गया, जारोली ने कहा कि इसके तार ऊपर तक जुड़े हुए हैं तो आखिर क्यों जांच नहीं की जा रही है? क्यों सिर्फ मोहरों को पकड़ा जा रहा है।


समापन सत्र संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने रखा और कहा कि कायसमिति हमारी पार्टी मे हमारे कार्यों की समीक्षा व आगामी कार्यक्रमो को लेकर विस्तृत चर्चा को लेकर की जाती है, हम भाजपा मे अपने परिवार के सदस्य के रूप मे है, प्रत्येक कार्यक्रमो को इस प्रकार करे जैसे हमारे घर परिवार मे कार्य है।

जिला कार्यसमिति मे शहर जिला अजमेर के सांसद, विधायक, महापौर, उप महापौर, सभापति, उप सभापति, विधानसभा प्रत्याशी,जिला के प्रदेश पदाधिकारी,पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व निकाय अध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य,प्रधान, जिला परिषद सदस्य, जिला पदाधिकारी,

■ 31 मई को प्रधानमंत्री मोदी अजमेर में जनसभा करेंगे

जिला कार्यसमिति सदस्य, कार्यसमिति स्थाई सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्य, सभी मोर्चों के जिलाध्यक्ष एवं जिला महामंत्री, पार्टी के मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, प्रकोष्ठों एवं विभागों के जिला संयोजक, पार्षदगण, विभिन्न अभियानों के जिला संयोजक अपेक्षित रहे। स्वागत भाषण भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रमेश ने दिया। राजनैतिक प्रस्ताव पूर्व जिलाध्यक्ष अरविन्द यादव ने रखा। शहर जिला अजमेर के सभी मंडलों की मंडल कार्यसमिति 25,26 मई को आयोजित की जायेगी। आगामी आमसभा को सुव्यवस्थित रुप से आयोजित करने के लिए पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों,जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन के साथ बैठक की,जिससे व्यवस्थाएं सुलभता के साथ क्रियान्वित हो सके। कार्यक्रमों में सांसद भागीरथ चौधरी, विधायक वासुदेव देवनानी, अनिता भदेल, महापौर ब्रजलता हाड़ा, दिनेश राठौड़, उपमहापौर नीरज जैन, प्रदेश मंत्री अशोक सैनी भादरा, श्रवण सिंह राव सहित आदि मौजूद थे।

## भगवान परशुराम की शोभायात्रा के दौरान हुआ विवाद


शोभायात्रा के दौरान विवाद होने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

**जुरहरा** (निस)। कस्बे में बुधवार को भगवान परशुराम की शोभायात्रा स्थानीय ब्राह्मण समाज ने धूमधाम से निकाली। कस्बे के पुराने रामलीला मैदान से बैंडबाजों के साथ आरंभ हुई शोभायात्रा कस्बे के मैन बाजार, चौपडा बाजार से होते हुए बस स्टैंड पर पहुंची। जहां किसी बात को लेकर ब्राह्मण समाज के युवकों व बस स्टैंड पर ही मौजूद कुछ लोगों से कहासुनी हो गई।

इस घटना से मेले में अफरा-तफरी मच गई व शोभायात्रा को बस स्टैंड पर ही रोक दिया। कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में बुरी तरह मारपीट हो गई जिसके चलते कई युवकों को चोटें

■ जुरहरा कस्बे के बाजार हुए बन्द, लोगों को आई चोटें

आई हैं जिनको कस्बे के राजकीय किरोड़ीलाल स्वर्णकार अस्पताल में भर्ती कराया। मारपीट की घटना की सूचना मिलते ही कस्बे के सभी बाजार बंद हो गए और काफी संख्या में कस्बेवासी बस स्टैंड पर एकत्रित हो गए। बस स्टैंड पर एकत्रित हुए भीड़ ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए नारेबाजी की। घटना की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी व डीएसपी पुलिस जाप्तों के साथ मौके पर पहुंचे और शोभायात्रा में शामिल झांकियों को दोबारा से शुरू कराने की कोशिश की। लेकिन ब्राह्मण समाज के लोग आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे और करीब दो घंटे तक कस्बे के बस स्टैंड पर ही ब्राह्मण समाज के लोगों व पुलिस के बीच नोकझोंक होती रही। जिससे तनाव की स्थिति बन गई। काफी देर की मशक्कत व समझाइश के बाद शोभायात्रा को पुनः चालू कराया जा सका। जिसके बाद शोभायात्रा अपने गंतव्य स्थान नए रामलीला मैदान में पहुंची। शोभायात्रा मेले में मारपीट के बारे में जब जुरहरा थानाधिकारी जयप्रकाश सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि किसी भी पक्ष के द्वारा कोई मामला दर्ज नहीं कराया गया है।

# हम बचपन में पारले-जी बिस्किट को तरसते थे, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को सोने के बिस्किट मिले हैं : सतीश पूनिया

**जोधपुर/जयपुर।** भाजपा जोधपुर देहात उत्तर की जिला कार्यसमिति बैठक को राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष व भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने संबोधित करते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के विजय संकल्प में जुटने का आव्हान किया और कहा कि कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल है, किसानों, युवाओं और बहन-बेटियों से वादाखिलाफी की है, ऐसे में प्रदेश की जनता भाजपा की तरफ उम्मीदों से देख रही है और आशीर्वाद देकर भाजपा की सरकार बनाने को संकल्पित है।

डॉ. पूनिया के साथ पूर्व मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, जोधपुर देहात उत्तर जिला अध्यक्ष मनोहर पालीवाल, विधायक पब्बाराम विश्नोई, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री शैलाराम सारण, पूर्व विधायक बाबूसिंह राठौड़, जोधपुर देहात दक्षिण जिला अध्यक्ष जगराम विश्नोई, जोधपुर शहर जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सालेचा इत्यादि उपस्थित रहे। इसके बाद सतीश पूनियां ने पूर्व विधायक भैराराम सियोल की माताजी के आकस्मिक निधन पर ओसियां पहुंचकर स्वर्गीय माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया।

इससे पहले डॉ. पूनिया ने जोधपुर सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुये कांग्रेस शासन में जड़ें जमा चुके भ्रष्टाचार के मुद्दे पर निशाना साधते हुये कहा कि, सचिवालय के भवन में


भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने प्रेस वार्ता की।

इतनी बड़ी मात्रा में कैश और सोना मिलना राज्य की कांग्रेस सरकार की छवि पर सवाल खड़े करता है, जिससे राजस्थान की छवि कलंकित हुई है।

डॉ. पूनिया ने कहा कि हम बचपन में अलमारी में पारले-जी बिस्किट को तरसते थे और यहां कांग्रेस राज में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को सोने के बिस्किट मिले हैं। कांग्रेस में भ्रष्टाचार कोई नई बात नहीं है, केन्द्र में भी कांग्रेस

■ 'राज्य सरकार महिलाओं को निशुल्क मोबाइल वितरण करने की बात कह रही, सचिवालय की अलमारी में जो करोड़ों का कैश मिला है, कहीं यह उसकी दलाली का तो नहीं है'

■ 'कांग्रेस सरकार में बिगड़ी कानून व्यवस्था, पानी-बिजली का संकट, टूटी सड़कें, शिक्षा के क्षेत्र में बदतर हालात, पेपर लीक, कर्जमाफी नहीं होने से किसान प्रताड़ित, ऐसे हालात प्रदेश के बने हुये हैं'

शासन में जीप घोटाला और फिर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सरकार में बोफोर्स घोटाला हुआ था। कहावत और चर्चा यहां तक थी कि राजस्थान की जनता के पैसे से नेहरू-गांधी परिवार के रसोई चलते हैं।

अशोक गहलोत सरकार ने जो महिलाओं को निशुल्क मोबाइल देने की बात कही थी, लेकिन सालभर बाद भी वह मोबाइल महिलाओं को दिये नहीं गये, ऐसे में सचिवालय की अलमारी में जो करोड़ों का कैश मिला है राज्य सरकार जो महिलाओं को निशुल्क मोबाइल वितरण करने की बात कह रही है, कहीं यह कैश उसकी दलाली का तो नहीं है। हमने केन्द्रीय जांच एजेंसी से भी इस मामले की जांच कराने की मांग की है। प्रदेश सरकार की मुफ्त मोबाइल वितरण की स्कीम से इस भ्रष्टाचार को जोड़कर देखा जाना चाहिए, उन्हें अंदेशा है कि पहले ठंडे बस्ते में जा चुकी इस योजना को फिर से सक्रिय करने की कवायद के बीच ये पैसा कहां से आया है?

मीडिया के सवाल के जवाब में कांग्रेस के अंतर्कलह पर उन्होंने कहा कि, कांग्रेस में आलाकमान कमजोर है, इसलिए वहां नेताओं के अंतर्कलह और झगड़ा शांत नहीं हो रहा, भाजपा में केंद्रीय नेतृत्व मजबूत है, यहां मुख्यमंत्री के कितने भी चेहरे हों, लेकिन निर्णय केंद्रीय नेतृत्व ही करता है।

## कैदी की तबीयत खराब होने से मौत

**अजमेर,** (कासं)।अजमेर जयपुर रोड स्थित केन्द्रीय कारागृह में बंद कैदी की तबीयत खराब होने से बुधवार को मौत हो गई। जिसे जवाहर लाल नेहरू अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया, सिविल लाइन थाना पुलिस मामले में हर पहलुओं पर जांच कर रही है। बुधवार को केन्द्रीय कारागृह में वर्ष 2018 से हत्या के मामले में बंद रामगंज निवासी घनश्याम (57) पुत्र स्वर्गीय रामनाथ की तबीयत बिगड़ने पर जेएलएन हॉस्पिटल लाया गया। हॉस्पिटल पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाने के एएसआई हरिराम यादव थाने के जाब्ते के साथ हॉस्पिटल पहुंचे और घटना की जानकारी दी गई। बाद में मृतक की बॉडी को मोर्चरी में राखवया और इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई।



इस मैच में गेंदबाजी में गुजरात जितनी शानदार थी और हार्दिक अपनी कप्तानी से स्मार्ट दिखे, लखनऊ की टीम उतनी ही बुद्धिहीन रही।
- वेंकटेश प्रसाद

भारत के पूर्व क्रिकेटर वेंकटेश प्रसाद, लखनऊ सुपरजाइंट्स के बारे।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** नोवाक जोकोविच



विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच सर्पस्का ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपने हमवतन डुसान लाजोविच से हार गए। यह पिछले 11 वर्षों में पहला अवसर है जबकि जोकोविच को अपने हमवतन किसी खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा। लाजोविच ने शुक्रवार को खेले गए इस मैच में 6-4 7-6 (6) से जीत दर्ज करने के बाद कहा," यह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत है। जोकोविच मेरा अच्छा दोस्त और हमारे देश का नायक है। मैंने उसे हराने के बारे में सोचा तक नहीं था लेकिन ऐसा हो गया।"

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।



## सन्यास पर धोनी बोले- फैसले के लिए 8-9 महीने : अभी से सिरदर्द नहीं लेना चाहता

चेन्नई, 24 मई। चेन्नई सुपर किंग्स 10वीं बार फाइनल में पहुंच गई है। मंगलवार को चेपॉक में खेले गए पहले क्वालिफायर मैच में चेन्नई ने गुजरात टाइटंस को 15 रन से हरा दिया। मैच के बाद धोनी ने से रिटायरमेंट पर पूछे गए सवाल पर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इस पर फैसला लेने के लिए 8-9 महीने का वक्त है। मैच के बाद गुजरात के कप्तान हार्दिक ने भी धोनी की तारीफ की। उन्होंने कहा- हम विकेट गंवाते रहे। धोनी दूसरी ओर गेंदबाजी में बदलाव करते रहे।

कमेंटेटर हर्षा भोगले ने से पूछा था कि क्या चेन्नई के दर्शक आपको फिर यहां देखेंगे, तो धोनी बोले कि आप ये पूछना चाह रहे हैं कि क्या मैं यहां फिर खेलूंगा या नहीं? उसके बाद भोगले ने धोनी से सवाल पूछा क्या चेपॉक में अगले सीजन में खेलने के लिए लौटेंगे? धोनी ने मुस्कराते हुए जवाब दिया कि मुझे नहीं पता। मेरे पास फैसला करने के लिए 8-9 महीने हैं। अभी इसे लेकर सिरदर्द नहीं लेना चाहता।

धोनी ने कहा- चाहे मैं बतौर खिलाड़ी रहूं या किसी और रूप में उनके साथ रहूं, फिलहाल मैं ये नहीं जानता। मैं सिर्फ इतना जानता हूं कि मैं के साथ बना रहूंगा। मैं जनवरी से ही घर से बाहर हूं। मार्च में मैंने प्रैक्टिस शुरू कर दी थी। अब का मिनी ऑक्शन दिसंबर में है। अभी इसमें समय है। मैं अभी इसको लेकर नहीं सोच रहा हूं।

धोनी ने के दसवीं बार फाइनल में पहुंचने पर कहा, " बहुत बड़ा टूर्नामेंट है। पहले 8 टीमें खेलती थीं। अब 10 टीमें खेल रही हैं। ऐसे में एक और फाइनल कहना सही नहीं होगा। यह 2 महीने की कड़ी मेहनत का नतीजा है। सभी का इसमें योगदान रहा है। हां मिडिल ऑर्डर को पर्याप्त मौके नहीं मिल पाए, लेकिन हम जहां पर हैं, उससे खुश हैं। कप्तानी पर धोनी ने कहा- मैं परिस्थितियों के अनुसार फील्डिंग को बदलता रहता हूं। ऐसे में मैं साथी खिलाड़ियों के लिए कष्ट देने वाला कप्तान हो सकता हूं। पर मुझे पता है कि कब किस खिलाड़ी का कहां उपयोग करना है। मैंने वैसा ही किया। हमने कुछ गलतियां कीं। हमने 15 अतिरिक्त रन दिए। जिस तरह से हमारे पास गेंदबाजी है, वैसे में एक्स्ट्रा रन देना सही नहीं है। इस मैच में चेन्नई ने 13 वाइड बॉल फेंकीं। पथिराना ने ही 8 गेंद वाइड फेंकीं, जबकि दीपक चाहर ने 3 और तुषार देशपांडे ने दो वाइड फेंकीं। धोनी ने कहा कि गुजरात टाइटंस अच्छी टीम है। उन्होंने टारगेट का अच्छी तरह पीछा किया। बाद में बॉलिंग करना हमारे लिए फायदेमंद रहा। जडेजा ने मौके का फायदा उठाया। उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की। बल्लेबाजी में मोइन खान और जडेजा के योगदान को नहीं भूला जा सकता है।

## प्रेरक मांकड़ 3 रन बनाकर आउट, लखनऊ को लगा पहला झटका

चैन्नई, 24 मई । 5 बार की चैंपियन मुंबई इंड़ियंस ने इंड़ियन प्रीमियर लीग 2023 के एलिमिनेटर मुकाबले में लखनऊ सुपरजायंट्स को जीत के लिए 183 रन का टारगेट दिया है। जवाब में लखनऊ ने 2 ओवर में एक विकेट पर 12 रन बना लिए हैं। काइल मेयर्स और कप्तान क्रुणाल पंड्या क्रीज पर है।

प्रेरक मांकड़ 3 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आकाश मधवाल ने ऋतिक शौकीन के हाथों कैच कराया। ग्रीन-वाधेरा की पारी से मुंबई ने 182 रन बनाए। मुंबई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 182 रन बनाए। चेपॉक मैदान पर कैमरून ग्रीन ने 23 बॉल पर 41 रनों की पारी खेली, जबकि सूर्यकुमार यादव ने 33 रन बनाए। आखिरी में नेहल वाधेरा ने 12 बॉल पर 23 रन की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने 2 चौके और 2 छक्के जमाए। नवीन उल हक ने 38 रन देकर 4 विकेट चटकाए, वहीं यश ठाकुर को दो सफलताएं मिलीं।

पावरप्ले में 2 विकेट गंवाने के बाद सूर्यकुमार यादव और कैमरून ग्रीन ने 26 गेंद पर फिफ्टी पार्टनरशिप की। दोनों ने 38 बॉल पर 66 रन बनाए। सूर्या 20 बॉल में 33 रन बनाकर आउट हुए और ये साझेदारी टूटी। सूर्या के बाद कैमरून ग्रीन भी नवीन-उल-हक का शिकार हो गए। ग्रीन ने 41 रन बनाए। पावरप्ले में मुंबई का प्रदर्शन मिलाजुला रहा। टीम ने कप्तान रोहित शर्मा (11 रन) और ईशान किशन (15 रन) के विकेट गंवाने के बाद भी 6 ओवर में 62 रन बनाए। नवीन उल हक और यश ठाकुर ने लखनऊ को शुरुआती सफलताएं दिलाई।

## नीरज चोपड़ा दुनिया के नंबर वन जेवलिन थ्रोअर

नई दिल्ली, 24 मई। टोक्यो ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा दुनिया के नंबर-वन जेवलिन थ्रोअर बन गए हैं। वह देश के पहले एथलीट हैं, जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। वर्ल्ड एथलेटिक्स फेडरेशन ने सोमवार को यह रैंकिंग जारी की। नीरज 1455 अंकों के साथ नंबर वन पर काबिज हैं। उन्होंने वर्ल्ड चैंपियन ठोनाडा के एंडर्सन पीटर्स को 22 अंकों से पीछे छोड़ दिया। रैंकिंग में पड़ोसी देश पाकिस्तान के थ्रोअर अरशद नदीम पांचवें स्थान पर रहे। नदीम ने कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था। इसमें नीरज चोपड़ा चोट की वजह से भाग नहीं ले पाए थे। वहीं, भारत के रोहित यादव 15वें और डीपी मनु 17वें स्थान के साथ टॉप-20 में शामिल हैं। नीरज 30 अगस्त, 2022 से वर्ल्ड नंबर दो पर थे। पीटर्स अब तक नंबर एक जेवेलिन थ्रोअर बने हुए थे। वहीं, इस महीने 5 मई को दोहा में हुए डायमंग लीग में नीरज ने 88.67 मीटर की दूरी पर भाला फेंककर गोल्ड मेडल जीता था। उधर, वर्ल्ड नंबर वन एंडर्सन पीटर्स 85.88 मीटर फेंकर तीसरे स्थान पर रहे थें। टोक्यो ओलिंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट जाकूब बादलेच दूसरे स्थान पर थे। भारतीय भाला फेंक एथलीट एशियाई खेलों के भी मौजूदा चैंपियन हैं।

## धोनी ने रिस्क लिया, टीम पेनल्टी के बावजूद जीती

चेन्नई, 24 मई। इंडियन प्रीमियर लीग-16 की पहली फाइनलिस्ट टीम तय हो गई है। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपरकिंग्स ने मंगलवार रात क्वालिफायर-1 में डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस को 15 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली।

इस मुकाबले में कई रोचक लम्हे देखने को मिले। इनमें दूसरे ओवर में मिले जीवनदान के बाद के ओपनर ऋतुराज गायकवाड की लाजवाब पारी, पथिराना की बॉलिंग को लेकर अंपायर और धोनी की खींचतान और रवींद्र जडेजा का डेविड मिलर को बोल्ड करना शामिल हैं। शुरुआत पथिराना की बॉलिंग को लेकर हुई खींच-तान से करते हैं।

कप्तान महेंद्र सिंह मैच के दौरान अपनी यूनीक टैक्टिक्स और स्ट्रैटिजी के लिए भी जाने जाते हैं। इस मुकाबले में इन मामलों को लेकर उनकी जिद का एक उदाहरण हमें देखने को मिला। 173 रन का टारगेट चेज कर रही गुजरात की पारी के 15 ओवर समाप्त हो चुके थे। स्कोर डिफेंड कर रही के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने 16वां ओवर फेंकने के लिए मथीस पथिराना को बॉल थमा दी। जैसे पथिराना बॉलिंग करने के लिए तैयार हुए अंपायर ने उन्हें रोक दिया। बात करने पर पता था कि वे बॉलिंग करने से ठीक पहले मैदान पर नहीं थे और उन्होंने मैदान पर दोबारा बॉलिंग के लिए एलिजिबल होन लायक समय नहीं बिताया था।

नियम है कि फील्डिंग के दौरान कोई खिलाड़ी जितने समय तक मैदान से बाहर रहता है उसे ग्राउंड पर लौटने के बाद उतने ही समय तक बॉलिंग की इजाजत नहीं होती है। पथिराना 4 मिनट तक बाहर थे और धोनी इतने ही समय तक उनसे गेंदबाजी नहीं करा सकते थे। धोनी चाहते तो इस बीच किसी और गेंदबाज को बॉल थमा सकते थे लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। चार मिनट तक खेल रुका रहा। निर्धारित समय बीतने के बाद ही खेल शुरू हुआ और पथिराना ने ही बॉलिंग की। इस वजह से चेन्नई की टीम के ऊपर पेनल्टी भी लगी। का नियम है कि किसी मैच में 20 ओवर्स फेंकने की समयसीमा खत्म होने के बाद तक अगर गेंदबाजी टीम पूरे ओवर्स नहीं फेंक पाती है तो तय समय के बाद जितने ओवर बचे होते हैं उतने के लिए 30 गज के दायरे (इनर सर्किल) के बाहर 4 फील्डर ही हो सकते हैं।

## पूर्व पाकिस्तान कप्तान सलमान बट्ट ने धोनी की तारीफ की, कहा- एब्सोल्यूट जीनियस, बेहतरीन रणनीतिकार

नई दिल्ली, 24 मई। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलमान बट्ट ने चेन्नई सुपर किंग्स के इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के फाइनल में पहुंचने के बाद टीम के कप्तान एमएस धोनी की तारीफ की। बट्ट ने धोनी को टैग करते हुए ट्वीट किया, एमएस धोनी कितने जीनियस हैं। बेहतरीन रणनीतिकार। धोनी की कप्तानी वाली 2023 के फाइनल में पहुंच गई है। चेन्नई ने मंगलवार को अपने होमठाउंड चेपॉक स्टेडियम में खेले गए क्वालिफायर-1 में डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस को 15 रन से हराया। धोनी की टीम ने सबसे ज्यादा 10वीं बार फाइनल में जगह बनाई है। खिताबी मुकाबला 28 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। चेन्नई ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 172 रन बनाए। जवाब में गुजरात 20 ओवर में 157 रन पर ऑलआउट हो गई। इस जीत के हीरो ऋतुराज गायकवाड रहे। उन्होंने 44 बॉल पर 60 रन की अहम पारी खेली। सलमान ने पाकिस्तान के लिए साल 2003 में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट से अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था। वहीं साल 2010 में इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने इंटरनेशनल करियर से संन्यास ले लिया। सलमान ने पाकिस्तान के लिए खेलते हुए 33 टेस्ट मैचों में 1889 रन, 78 वनडे मैचों में 2725 रन और 24 टी-20 मैचों में 595 रन बनाए।

## जनसंख्या के हिसाब से सभी को लाभ मिले : हरीश चौधरी

- पूर्व मंत्री और विधायक चौधरी ने केंद्र सरकार की तर्ज़ पर राजस्थान में ओबीसी आरक्षण 21 से 27 फीसदी करने की मांग की
- चुनावी वर्ष में यह मांग उठाना क्या दबाव की राजनीति नही है?

**जयपुर, (का.प्र.)।** पूर्व मंत्री और बायतु विधायक हरीश चौधरी ने बुधवार को ओबीसी आयोग अध्यक्ष भंवरू खान से मुलाकात कर ओबीसी आरक्षण की सीमा बढ़ाने की मांग करने के साथ ही राजस्थान में भी जातिगत जनगणना कर सभी जातियों को उचित हक दिए जाने की मांग उठा दी है। हरीश चौधरी लंबे समय से ओबीसी आरक्षण 21 से बढ़ाकर 27 फीसदी करने की मांग करते रहे हैं। इस मांग को लेकर हुए अपनी सरकार के खिलाफ भी कई बार बयान दे चुके हैं। अब चुनाव से ठीक पहले हरीश चौधरी की ओर से जातिगत जनगणना की मांग किया जाना राजस्थान में चुनावी मुद्दा बन सकता है।

ओबीसी आयोग अध्यक्ष से मिलने के बाद विधायक हरीश चौधरी ने मीडिया से कहा कि जातिगत आधार पर राजस्थान में जनगणना हो और उन्होंने कहा कि दो साल पहले से ये मुद्दा उठाया हुआ है, हम केवल ओबीसी की बात नहीं करते, बल्कि एससी-एसटी समेत सभी जातियों की मांग कर रहे हैं। सभी को अपना-अपना हक मिलना चाहिए। पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चौधरी ने ओबीसी आरक्षण की सीमा 21 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने की मांग रखी है। इसके साथ ही चौधरी ने केंद्र सरकार से जातिगत आधार पर कराई गई जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक करने की भी मांग रखी। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना नहीं होने से कई वर्गों के हितों के साथ कुठाराघात हो रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य में जातिगत जनगणना के आंकड़ों के अनुसार जनसंख्या में हिस्सेदारी के अनुपात में आरक्षण देकर ओबीसी वर्ग को राहत दी जाए। इसको लेकर ओबीसी आयोग के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि संख्या के अनुसार तत्काल प्रभाव से ओबीसी वर्ग को आरक्षण केंद्र सरकार की तर्ज पर बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया जाए, ताकि जातिगत जनगणना के पश्चात जनसंख्या अनुपात में हिस्सेदारी सुनिश्चित हो सके।

विधानसभा चुनाव के बीच उठ रही जातिगत जनगणना और ओबीसी आरक्षण की सीमा बढ़ाने की मांग पर जब हरीश चौधरी से मीडिया द्वारा पूछा गया कि क्या चुनाव के माहौल में सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश हो रही है, तो उन्होंने कहा कि ओबीसी आरक्षण संघर्ष समिति दो साल से यह काम कर रही है। इसे चुनावी मुद्दे के रूप में नहीं देखना चाहिए। हमारी केंद्र और राज्य, दोनों सरकारों से मांग है कि ओबीसी आरक्षण का दायरा बढ़ाया जाए।

## कंप्यूटर टेस्ट में शामिल करने के आदेश

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कनिष्ठ न्यायिक सहायक भर्ती-2022 में सामान्य वर्ग की कट ऑफ से अधिक अंक लाने वाले आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को राहत दी है। अदालत ने कहा है कि आरक्षित वर्ग के जिन याचिकाकर्ता अभ्यर्थियों ने आयु सीमा और योग्यता में छूट का लाभ नहीं लिया है, उन्हें कंप्यूटर टेस्ट में शामिल किया जाए। एक्टिंग सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस अनिल उपमन की खंडपीठ ने यह आदेश पंकज व अन्य की याचिका पर दिए। अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि हाईकोर्ट प्रशासन ने कनिष्ठ न्यायिक सहायक के 1985 पदों के लिए वर्ष 2022 में भर्ती निकाली। परिणाम में वर्ग वार कट ऑफ में सामान्य वर्ग की कट ऑफ 196.34, ओबीसी वर्ग की 230.44, एससी वर्ग की कट ऑफ 202.43 और एमबीसी वर्ग की कट ऑफ 203.35 सहित आर्थिक पिछड़ा वर्ग की कट ऑफ 224.53 रखी गई।

## प्रदेश में 11 नए करोना संक्रमित मिले

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** प्रदेश में बुधवार को करोना संक्रमण के 11 नए मामले सामने आए हैं। वहीं इस दौरान 31 मरीज ठीक हुए हैं। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना से एक मरीज की मौत हो गई है।

प्रदेश में बुधवार को पांच जिलों में 11 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले मंगलवार को 8 रोगी पाए गए थे। राज्य में आज सबसे ज्यादा 4 नए संक्रमित बीकानेर में मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर, नागौर व पाली में 2-2 तथा उदयपुर में एक नया संक्रमित मिला है। वहीं राजधानी जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में संक्रमण का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है। इस बीच राज्य में 2894 कोविड जांच की गई है।

प्रदेश में बुधवार को 31 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 99 रह गए हैं। इनमें 27 मरीजों का इलाज जयपुर में चल रहा है। इसके अलावा उदयपुर में 18 और बीकानेर में 15 मामले बचे हैं। प्रदेश में पिछले कई दिन बाद बुधवार को करोना से बीकानेर में एक संक्रमित [illegible] मौत हो गई है।

## राठौड़ में थोड़ी भी नैतिकता है, तो तत्काल इस्तीफा दें : डोटासरा

**जयपुर, (का.प्र.)।** योजना भवन के बेसमेंट में मिली करोड़ों की नकदी और सोने को लेकर पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के आरोपों पर पलटवार किया है। साथ ही डोटासरा ने केंद्र सरकार और राज्यों की भर्तियों में पेपर लीक मामले में कहा कि मोदी सरकार क्या चुनाव लड़ने के लिये पैदा हुई है। पेपर लीक के खिलाफ आज तक कानून क्यों नहीं बनाया।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए योजना भवन में मिले भ्रष्टाचार के धन के बारे में बीजेपी नेताओं के आरोपों पर डोटासरा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ में थोड़ी बहुत भी नैतिकता है, तो उन्हें तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। बीजेपी मुख्यालय में सीपी जोशी ने वसुंधरा राजे की सरकार पर सीधा सीधा आरोप लगाया है कि ये भ्रष्टाचार में डूबे हुए थे। फिर राठौड़ कैसे बच सकते हैं? राठौड़ वसुंधरा सरकार में मंत्री थे, वे बच कैसे सकते हैं?

डोटासरा ने कहा कि बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि 2013 से ही खेला चल रहा है, उस समय बीजेपी की सरकार थी।

## जेडीए के लिपिक की गलती, भुगत रहे 571 पत्रकार

**जयपुर।** जेडीए के लिपिक की गलती की सजा भुगत रहे पिंकसिटी प्रेस एनक्लेव, नायला पत्रकार नगर के 571 आवंटियों ने बुधवार को जेडीसी डॉ. जोगाराम से मुलाकात की और गलती का शीघ्र सुधार कर आवंटित प्लॉटों के पट्टे जारी करने की मांग की। आवंटियों ने जोगाराम को लिपिक की गलती के प्रमाण भी दिए।

चलो नायला संगठन के आव्हान पर बुधवार दोपहर 3 बजे दर्जनों आवंटी अचानक जेडीए में जेडीसी कार्यालय के बाहर जमा हो गए।

## क्या हिन्दुओं के उत्सव सब प्रतिबंधित हो गए हैं? : शेखावत

**जयपुर।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कामां में बुधवार को भगवान श्री परशुराम जी की शोभायात्रा पर असामाजिक तत्वों की पत्थरबाजी को लेकर राजस्थान सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस के बनाए माहौल का एक और नफरत से भरा चित्र है।

शेखावत ने सवाल पूछा कि क्या चाहते हैं गहलोतजी कि उनके खास वोट बैंक के अलावा सभी सनातनी राजस्थान छोड़कर चले जाएं? क्या हिन्दुओं के गर्व की मरूभूमि में हिंदुओं की परंपरा, उत्सव सब प्रतिबंधित हो गए हैं?

वहीं, जोधपुर में पुलिस पर बजरी माफिया के हमले पर शेखावत ने कहा कि एसीपी पर जानलेवा हमला बताता है कि बजरी माफिया को पुलिस अपने सामने कमजोर लगती है। उसे पुलिस से डर लगना चाहिए, उल्टे वो पुलिस को दहशत में डालना चाहता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पूरे बल के साथ हफ्तेभर ताबड़तोड़ कार्रवाई होने दीजिए, बजरी माफिया वाले खुद थाने आकर गिरफ्तारी देंगे। परेशानी है कि सरकार सेट है।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



**खोया पाया**

मेरा मकान संख्या 81/51 पटेल मार्ग, मानसरोवर, जयपुर का मूल Handing Over Possession Letter कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें- शोभा अग्रवाल-9413337719

मेरा भूखंड संख्या बी-253 योजना विधानसभा नगर संयुक्त गृह निर्माण सहकारी समिति का पट्टा साइट प्लान रसीद आदि गुम हो गए हैं सूचित करें जगदीश प्रसाद बुनकर-8890869928

मेरे स्वर्गीय पति महेन्द्रसिंह पुत्र गजेन्द्र सिंह के नाम से जारीप्लॉट संख्या-9, विजय नगर, आगरा रोड, पालडी मीणा, जयपुर के मूल दस्तावेज पट्टा साइट प्लान, अलॉटमेंट लेटर व अन्य दस्तावेज गुम हो गए है। सूचित करें। संतोष कंवर मो.6377735887



**नाम परिवर्तन**

मैं विश्व प्रताप सिंह शेखावत पुत्र श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत पता-75-ए, मानहाऊस, जगदम्बा कॉलोनी, एन.पी.एस. मार्ग, वैशाली नगर जयपुर राज. मेरे कुछ दस्तावेजो में मेरा नाम विश्व प्रताप सिंह दर्ज है। जो कि गलत है। मेरा सही नाम विश्व प्रताप सिंह शेखावत है अतः भविष्य में मुझे विश्व प्रताप सिंह शेखावत के नाम से जाना पहचाना जावें।

मैं मीना परवानी पुत्री स्वर्गीय श्री जेठानंद परवानी निवासी बी-90 बसंत बहार कॉलोनी, गोपालपुरा मोड, टोंक रोड, जयपुर, मैंने दिनांक 30 अप्रैल 2002 को नरेश कुमार पुत्र स्व. दयाल दास परमानंदानी के साथ विवाह के बाद मेरा नाम भाविका कर दिया है।

मैं शीला परवानी पुत्री स्वर्गीय श्री जेठानंद परवानी निवासी बी-90 बसंत बहार कॉलोनी, गोपालपुरा मोड, टोंक रोड, जयपुर मैंने दिनांक 10.12.1994 को प्रकाश केवलरमानी पुत्र स्व. नारायण दास केवलरमानी, भीलवाडा के साथ विवाह के बाद मेरा नाम खुशबू केवलरमानी कर दिया है।

मैं नीता परवानी पुत्री स्वर्गीय श्री जेठानंद परवानी, निवासी बी-90 बसंत बहार कॉलोनी, गोपालपुरा मोड, टोंक रोड, जयपुर मैंने 1 मई 2002 को सुरेश सेवलानी पुत्र स्वर्गीय श्री गोविन्द राम सेवलानी, इंदौर के साथ विवाह के बाद मेरा नाम रिचा सेवलानी कर दिया है।

मैंने अपना नाम जे.के. अग्रवाल से बदलकर जसवंत कुमार अग्रवाल पुत्र बीरबल प्रसाद अग्रवाल रख लिया है भविष्य में मुझेइसी नाम से जाना जाए। पता-बी-26, नंदपुरी कॉलोनी, बाईस गोदाम, हवा सड़क, जयपुर



**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री प्राणेश्वर प्रसाद शर्मा ने अपनी पत्नी प्रेरणा शर्मा पुत्री स्व. परमानंद गर्ग एवं मेरे पुत्र दीपक शर्मा जैमिनी शर्मा तथा पुत्रवधू सपना शर्मा, मोनिका शर्मा जो कि न तो मेरे अभिभाष्य की देखभाल कर रहे है न ही मेरे अभिभाष्य के कहने में है इनके संव्यवहार एवं कार्यो से मेरे अभिभाष्य की सामाजिक छवि तार तार हो गयी है, इन सभी को मेरे अभिभाष्य की स्वअर्जित आय से अर्जित मेरे अभिभाष्य केस्वामित्व व कब्जे की सम्पत्ति प्लाट नं. 07, प्रिम बुड्स कॉलोनी, दयालपुरा, वाटिका रोड जयपुर से बेदखल कर दिया गया है। इनसे कोई भी व्यक्ति मेरे अभिभाष्य के नाम एवं उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई व्यवहार/लेनदेन नहीं करें अन्यथा स्वयं जिम्मेदार होंगे
राहुल खण्डेलवाल, एडवोकेट, मो. 9799065588

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांकः 2274 जाहिर आम-सूचना दि.:19.05.2023
राजस्थान आवासन मण्डल की मुख्यमंत्री जन आवास योजना, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर में वरियता क्रमांक P-15/G-IV/EWS/ORS/SEC-03/2020 मुख्यमंत्री जन आवास योजना, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का आवंटन श्री नरेश कुमार पुत्र श्री संतराम को किया जाकर आरक्षण पत्र 1970 दिनांक 18.06.2021 के जारी किया गया। श्री नरेश कुमार की मृत्यु दिनांक 12.11.2020 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती पूजा वर्मा पत्नी श्री नरेश कुमार द्वारा उक्त पंजीकरण /आवंटन को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त पंजीकरण/आवंटन के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्रीमती पूजा वर्मा पत्नी श्री नरेश कुमार का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

**आम सूचना**
यह कि मेरे अभिभाष्य रमन कुमार पुत्र रामनारायण नि. 22 जेम्स विहार, सांगानेर व रामवतार शर्मा पुत्र कैलाश चन्द नि. अचरावाला, सांगानेर के मध्य प्लाट संख्या 31, 32,33 मालपानी विहार, रमल्या के बाबत निष्पादित इकरारनामा 28.01.2023 निरस्त हो चुका है। इसके आधार पर कोई कार्यवाही नहीं करें। अन्यथा स्वयं की जिम्मेदारी होगी।
एस.एन. चौधरी, एडवोकेट
मो. 9829713281

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**शुद्धि-पत्र**
इस कार्यालय द्वारा ज्ञापित खुली निविदा सूचना संख्या SNT-JP-08-2023-24 (NIT 15.05.2023) जो की दिनांक 07.06.2023 को खोली जानी है में निम्नलिखित संशोधन किये जाते हैं। **कार्य का नाम:** "जयपुर मंडल तथा NWR मुख्यालय ऑफिस में पुराने टेलीफोन एक्सचेंज को नए आईपी बेस् एक्सचेंज से प्रतिस्थापन का कार्य" **क्र. संख्या: 1. पूर्व में जारी विज्ञप्ति (NIT-15.05.23):** टेंडर डॉक्यूमेंट। **संशोधित विज्ञप्तिः** उत्पपरिवर्तित टेंडर डॉक्यूमेंट। **विवरण:** पार्ट 4 मे स्कोप ऑफ़ वर्क में नया पॉइंट (xx) & (xxi) एवं NS-1 में 11th पॉइंट जोड़कर टेंडर डॉक्यूमेंट अपलोड किया गया है।अन्य शर्ते यथावत रहेंगी।
मंडल रेल प्रबंधक
एस एन्ड टी जयपुर
553-AK/23

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिकप्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 140/2023
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री दीपक कुमार जांगीड पुत्र श्री मोहनलाल जांगीड निवासी ग्राम घाटा, पोस्ट बेनाडा, तहसील बस्सी जिला जयपुर राजस्थान सार्वजनिकप्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत मंदिर श्री रघुनाथ जी ताडकेश्वर महाकाल धाम ट्रस्ट, ग्रामघाटा, पोस्ट बेनाडा, तसील बस्सी जिला जयपुर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 24.05.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 03.08.2023
रतनलाल योगी (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर
मोहर अदालत

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 85/23
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
नाम प्रार्थी दिवाकर रावल पुत्र स्व. रामनाथ शर्मा जाति ब्राह्मण विवाद स्थान SBI Bank Branch Brahmpri Jaipur
(लोकर)
मृतक श्रीमती स्व. कमलेश रावल, लोकर नम्बर 20 SDV A/c No. 70100109219 की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 26.05.2023
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व. श्रीमति कमलेश रावल/पुत्री स्व. सोहन दत्त रावल पत्नि स्व. रामनाथ शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी 50-गायत्री नगर-बीमहारानी फार्म दुर्गापुरा जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 26 माह 05 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 24 माह 05 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा से-शरिस्तेदार
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या-10 जयपुर महानगर प्रथम, मुख्यालय सांगानेर
मोहर अदालत

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक-4
न्यायालय महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-1 जयपुर महानगर द्वितीय
कुतबुद्दीन विरूद्ध गुल मोहम्मद
वाद/प्रार्थना पत्र - रेस्टोरेशन
प्रार्थना-पत्र संख्या- 552 सन् 12
नाम श्री गोविन्द गृह निर्माण सहकारी समिति लि0 पता गोविन्द नगर पूर्व नेहरू सेवा सदन के पास आमेर रोड, जरिये सचिव ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि प्रार्थी......
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 01 माह 06 सन् 2023 को 7.30 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज दिनांक 20 माह 05 सन् 23 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
अपर सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-1 जयपुर महानगर द्वितीय
मोहर अदालत

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
**ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल/18/06, 07, 08 /2023.-24 / डब्ल्यू 6/ टीएफ दिनांक : 23.05.2023**
मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली) जयपुर द्वारा, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। **क्र सं.:1. एनआईटी संख्या : ईएल/जेपी/06/2023-24. कार्य का नाम:** Jaipur Division: Provision of IOT devices for monitoring & control of electrical general assets like pump, platform 30-70% lighting, street light, lifts, Escalators, Substation etc. **अनुमानित लागत:** रू. 5536218. **बयाना राशि:** रु. 110700/-. **निविदा खोलने की तिथि :** 16.06.2023. **क्र सं.:2. एनआईटी संख्या : ईएल/जेपी/07/2023-24. कार्य का नाम:** Jaipur Division: Electrical work in connection with Replacement of RRA clamp, Isolator Jumper and AT cabling to improve reliability of traction assets. **अनुमानित लागत:** रू. 559474. **बयाना राशि:** रु. 11200/-. **निविदा खोलने की तिथि :** 16.06.2023. **क्र सं.:3. एनआईटी संख्या : ईएल/जेपी/08/2023-24. कार्य का नाम:** Jaipur-Electrical work in connection with Repair / Renovation of Staff qtrs. at Ganpati nagar, Loco colony, Kalwar scheme in connection of RLDA. **अनुमानित लागत:** रू. 3605257. **बयाना राशि:** रु. 72100/-. **निविदा खोलने की तिथि :** 16.06.2023. **नोट : ई-निविदा की अतिमतिथि एवं समय :** निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे तक। **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे के बाद। **सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइटका पता : https://www.ireps.gov.in.**
554-AK/23
हमें /NWRailways पर फॉलो करें

## संक्षिप्त

### मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** राजस्थान पेंशनर्स मंच, उपशाखा चौमूं ने उपजिला अस्पताल के स्थान को यथास्थान रखवाने बाबत मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी चौमूं, राजेश जाखड को मंच के अध्यक्ष राधेश्याम यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि राजस्थान विधानसभा बजट के दौरान चौमूंवासियों को उप जिला अस्पताल की सौगत दी गई है। उप जिला अस्पताल के लिए वीर हनुमान मार्ग पर संस्कृत स्कूल के पास वाली जगह चिन्हित की गई है, जो करीब दो किमी. दूर है। इससे आमजन को शहर से इतनी दूर जाने में असुविधा का सामना करना पड़ेगा। वृद्धावस्था में पेंशनर्स को आने जाने में शारीरिक, मानसिक और आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### नई कार्यकारिणी का गठन

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की बुधवार को आयोजित बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लेते हुए नए सत्र के लिए क्लब के लायन सीताराम सैनी को अध्यक्ष, सागरमल हलवाई को सचिव, ट्रेवत सिंह शेखावत को कोषाध्यक्ष, फर्स्ट वाइस प्रेसिडेंट डॉक्टर मंगल यादव को बनाया गया है। इस मौके पर लायन डॉक्टर महेंद्र प्रताप तिवारी, डॉ सुरेंद्र सिंह शेखावत, बनवारी लाल कुमावत, बजरंग लाल कुमावत, प्रकाश चंद शर्मा, ललित कुमार सैनी, डॉ विनय खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।

### अभ्यर्थियों ने परचम लहराया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** आर्मी जीडी परीक्षा परिणाम में विनायक क्लासेज श्रीमाधोपुर के 35 से अधिक अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की है। निदेशक संयोग भावरिया ने बताया विनायक हॉस्टल के सात अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की है साथ ही विनायक क्लासेज के नियमित बच्चों में 28 से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस अवसर पर सफल अभ्यर्थियों को माल्यार्पण कर लड्डू खिलाए व फिजिकल एवं मेडिकल के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी गई ।

# सांसद ने पुल और सड़कों के निर्माण में घटिया सामग्री लगाने पर नाराज़गी जताई

**टोंक, (निसं)।** सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने बुधवार को निर्माणाधीन गहलोद पुलिया और शहर में चल रहे सड़कों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

बनास नदी के गहलोद घाट पर 135 करोड़ रूपये की लागत से बन रहे हाई-लेवल ब्रिज का आकस्मिक निरीक्षण किया। सांसद ने इस मौके पर पुल के लिए बने हुए पिलर तथा उनकी पाइलिंग के कार्यों व शटरिंग का गहनता के साथ निर्माण कार्यो में हो रही

■ घपले की आशंका जता अधिकारियों को लताड़ पिलाई

अनियमितताओं को इंगित किया तथा मौके पर मौजूद सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता आरके सिंह व अधिशाषी अभियंता दीन मोहम्मद से निर्माण कार्यों में पाई गई कमियों एवं घटिया निर्माण सामग्री के बारे में जानकारी लेने पर उनके द्वारा दिए गये गैर-जिम्मेदाराना जवाब से नाराज सांसद ने उन्हें फटकार लगाते हुए कहा कि या तो आप लोग समय-समय पर निर्माण कार्यों का आकर निरीक्षण नहीं करते या आपकी ठेकेदार के साथ मिलीभगत है।

उन्होंने बने हुए पिलर पर घटिया निर्माण के प्रमाण भी अधिकारियों को बताए, जिन्हें अधिकारियों ने भी स्वीकार किया। सांसद ने अधीक्षण अभियंता आरके सिंह को पुरानी शटरिंग को हटाने एवं नई शटरिंग लगाने तक काम को बंद करने के निर्देश दिये। तत्पश्चात सांसद ने सिविल लाईन्स रोड़ पर मामा भांजा की मस्जिद के आगे सड़क के दोनों ओर इंटर-लॉकिंग टाईलस् के चल रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। जहां सांसद ने खुद फावड़ा चलाकर दिखाया कि पूर्व में बनी कच्ची सड़क पर सीधे ही बिना रोड़ रोलिंग किये गिट्टी पर टाईल लगाने का काम चल रहा है, परिणामस्वरुप अभी से टाईलें उखडऩे व टूटने लगी है। इस पर मौके पर मौजूद अधिकारी सांसद को कोई जवाब नही दे पाए। इस अवसर पर सांसद जौनापुरिया के साथ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की सदस्या लक्ष्मी जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश चन्देल, जिला उपाध्यक्ष बेणी प्रसाद जैन, जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया, विष्णु शर्मा, दिशा कमेटी सदस्य ओमप्रकाश गुप्ता, किसान संघ अध्यक्ष पोखर लाल जाट, वरिष्ट नेता बद्री लाल विजय (काका), पार्षद मुकेश सैनी आदि उपस्थित थे।



सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने बुधवार को निर्माणाधीन गहलोद पुलिया और शहर में चल रहे सड़कों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

## मदरसा पैरा टीचर्स को शिक्षा अनुदेशक बनाने की मांग

**निवाई, (निसं)।** मदरसा कंप्यूटर शिक्षा सहयोगी संघ ने मदरसा पैरा टीचर्स को शिक्षा अनुदेशक बनाने एवं 16 हजार 900 रूपए मानदेय दिलवाने की मांग को लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त विभाग जयपुर को ज्ञापन सौंपा हैं।

शिक्षा सहयोगी इमरान, अब्दुल नजफ, नाजिया, इरफान एवं दानिश ने बताया कि अल्पसंख्यक मामलात विभाग द्वारा वित्त विभाग से पूर्व मुख्यमंत्री से स्वीकृत फाइल में मदरसों में कार्यरत सभी 5 हजार 656 मदरसा पैरा टीचर्स बीईडी, बीएसटीसी एवं डीईएलईडी की योग्यता प्राप्त हैं जिनको 16 हजार 900 रुपए मानदेय देते हुए नवीन सुविधा पर समस्त मदरसा कंप्यूटर शिक्षा सहयोगियों को शिक्षा अनुदेशक बनाने की स्वीकृति प्राप्त हुई थी।

लेकिन मदरसा बोर्ड ने 250 योग्यताधारी कंप्यूटर टीचर्स को अयोग्य घोषित करके कहा कि मदरसा पैरा टीचर्स को शिक्षा अनुदेशक नहीं बनाया जा सकता है। क्योंकि वह कंप्यूटर पैरा टीचर्स हैं उर्दू पैरा टीचर्स नहीं है।

जबकि सभी मदरसा पैरा टीचर्स संविदा पर शिक्षण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मदरसा बोर्ड के इस आपत्तिजनक फैसले से राज्यभर के 250 प्रशिक्षित मदरसा पैरा टीचर्स में भयंकर आक्रोश व्याप्त है।

## भजन लाल का स्वागत किया

**अलवर, (निसं)।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री भजन लाल अलवर में भाजपा की बैठक लेने मालाखेडा आए, जिनका टोल नाके पर अलवर ग्रामीण से भाजपा के प्रबल दावेदार मूलचंद डीगवाल ने अपने समर्थकों के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। डीगवाल ने बताया कि विधानसभा भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक मालाखेडा में जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता की अध्यक्षता में रखी गई। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री भजन लाल शर्मा ने शिरकत की। बैठक में अपने विचार रखे आने वाले विधानसभा में चुनाव पर चर्चा की राजस्थान में 200 सीटों में से 180 भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में रहेंगी राजस्थान की जनता ने मन बना लिया है। आए दिन कोई ना कोई घटना होती रहती है कांग्रेस सरकार ने झूठ बोलकर सरकार बनाई थी किसान का कर्जा माफी करेंगे बेरोजगारों को रोजगार देंगे उद्योग लगाएंगे परंतु किसी पर भी खरी नहीं उतरी।

# आगरा फोर्ट अजमेर सुपरफास्ट ट्रेन का बांदीकूई स्टेशन पर ठहराव शुरू

**दौसा, (निसं)।** जिले के बांदीकुई उपखंड मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन पर आगरा फोर्ट अजमेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए सांसद जसकौर मीणा ने कहा कि ट्रेन के बांदीकुई रेलवे स्टेशन पर ठहराव से एक तरफ जहां बांदीकुई वासियों की बहुप्रतीक्षित मांग तो पूरी हुई है साथ ही यात्रियों को लाभ मिलेगा।

बांदीकुई रेलवे स्टेशन पर अजमेर आगरा फोर्ट अजमेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की लंबे समय से जो मांग स्थानीय लोगों व यात्रियों द्वारा की जा रही थी उसे बुधवार को सफल हुई है। बांदीकुई रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 22987व 22988 अजमेर आगरा फोर्ट अजमेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन के ठहराव से अब यहां से अजमेर और आगरा जाने वाले यात्रियों व श्रमिकों को अपनी यात्रा करने में बेहद आसानी होगी।

वहीं कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सांसद व रेलवे अधिकारियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान एडीआरएम मनीष गोयल, डीसीएम डॉ. सीमा विश्नोई स्टेशन अधीक्षक उमेश शर्मा, पूर्व मंत्री भूपेंद्र सैनी बांदीकुई विधायक जीआर खटाणा चेयरमैन इंदिरा बैरवा भारतीय जनता पार्टी दौसा के पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यनारायण साहरा, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष दोलतराम मीना जिला मंत्री डॉ. सोमेश विजय बांदीकुई शहर मंडल अध्यक्ष मनोज बसवा मंडल अध्यक्ष महिपाल सहित रेलवे के अधिकारी व भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

■ बांदीकुई की बहुप्रतीक्षित मांग हुई पूरी, यात्रियों को मिलेगा लाभ : जसकौर



बांदीकूई रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के ठहराव के बाद सांसद जसकौर मीणा ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया।

## सार-समाचार

### प्रतिभाओं का स्वागत किया



**पावटा, (निसं)।** 12वीं विज्ञान संकाय में राम शर्मा पुत्र सुनील बोहरा निवासी पावटा 94.20 प्रतिशत, आकांक्षा पुत्री राजू पटेल 92 प्रतिशत, लखन मिश्रा पुत्र मोंटू मिश्रा 88.60 प्रतिशत, जिया शर्मा पुत्री रूपेश शर्मा द्वारा 87.20 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का व विद्यालय परिवार की तरफ से आये शिक्षक सद्दाम नागौरी का पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा व नगर ब्राह्मण महासभा के संयुक्त तत्वावधान में जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने मिठाई खिलाकर बधाई व शुभकामनाएं देकर भव्य स्वागत किया। वहीं सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने अपना अपना निर्धारित लक्ष्य के बारे में बताया। इस दौरान पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा, पावटा नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश गौड, सुरेश हरितवाल, कोषाध्यक्ष विकास शर्मा, राधेश्याम बोहरा, शिक्षक दुर्गादत्त भारद्वाज, दिनेश शर्मा, सुरेश शर्मा, पूर्व उप सरपंच गजानंद बोहरा, वीरेंद्र पुजारी, उपेंद्र भारद्वाज, दीपक भारद्वाज, नरेंद्र गौड, सांवरमल बोहरा, मोंटू मिश्रा, जितेंद्र शर्मा, अमन मिश्रा, हिमांशु शर्मा, सुभाष टीलावत, अमित बटवाल, अमित शर्मा, सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सर्वाधिक अंक लाने पर स्कूटी दी



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के जालपाली में स्थित राजस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल में श्रीमाधोपुर सहित आसपास के गांव में प्रतिभावान छात्रों का विजय जुलूस निकाला गया। संस्था निदेशक भजनलाल बिजारणिया ने बताया कि 12 वीं विज्ञान वर्ग में छात्रा सोनिका सामोता पुत्री श्रवण कुमार सामोता के 97.40 प्रतिशत अंक लाकर राज्य स्तर पर 9 वी रैंक हासिल की । वहीं राजकुमार शर्मा पुत्र गजानंद शर्मा श्रीमाधोपुर ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विजय जुलूस का श्रीमाधोपुर कस्बे सहित आस-पास के गांवों में जगह जगह माला पहना कर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। सरपंच फूली देवी व सरपंच प्रतिनिधि रामदेव रूलानिया, श्रवण सामोता के नेतृत्व में कल्याणपुरा डेरावाली ढाणी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था निदेशक भजनलाल बिजारणिया, संरक्षक घीसालाल व प्रधानाचार्य तेजपाल बिजारणिया का माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान संस्था निदेशक, संरक्षण व प्रधानाचार्य ने सोनिका सामोता को स्कूटी व राजकुमार शर्मा को 11 हजार रुपए एवं चंचल निठारवाल को 51सौ रुपए पुरस्कार स्वरूप भेंट किया गया।

### नाबालिग लड़का-लड़की ट्रेन में मिले



**जयपुर, (निसं)।** ट्रेन नंबर 09523 में जयपुर से दिल्ली सराय रोहिला के बीच ड्यूटी के दौरान गौरव फौजदार डीवाई.सीटीआई/ जयपुर और करण सिंह टीटीई/जयपुर को एक नाबालिक लड़का और एक नाबालिक लड़की बिना टिकट यात्रा करते हुए मिले, काफी देर पूछताछ के बाद उन दोनों ने बताया कि वो दोनों घर से बिना बताए ही निकल कर आये हैं। जिसकी सूचना तुरन्त कमर्शियल कन्ट्रोल को दी गयी। सूचना के बाद दोनों को ऑन ड्यूटी दिल्ली सराय रोहिल्ला अशोक कुमार एएसआई आरपीएफ को सुपर्द किया गया। जिस से नाबालिक लड़की अपने मां और पिता से मिल सके।

### 63 परिवारों को पट्टे जारी किये

**दूदू, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत गैजी में आयोजित महंगाई राहत शिविर में सरपंच रूकमा देवी गुर्जर द्वारा 63 परिवारों को भूखण्ड के पट्टे जारी किये गये। उपखण्ड अधिकारी भूपेन्द्र यादव ने बताया कि इस दौरान विभिन्न सरकारी दस योजनाओं में परिवारों का पंजीकरण किया गया। राजस्व प्रकरणों में 189 नामान्तरण, 27 तकासे, 124 शुद्धिकरण, 7 सीमा ज्ञान के प्रकरण निपटाये गये व गोपीपुरा गांव के पास जिला कार्यालय के लिए भूमि आवटन का प्रस्ताव तैयार किया गया। इस दौरान तसहीलदार कमलेश गौतम, ग्राम विकास अधिकारी लाल मोहम्मद व समाज सैवी मेवाराम गुर्जर एवं सभी विभागो के अधिकारी मौजुद रहे।

### जिनालयों में श्रुतपंचमी का पर्व मनाया

**फागी, (निसं)।** कस्बे के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर ,पारसनाथ जैन मंदिर , चंद्रप्रभु नसिया, तथा त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर सहित परिक्षेत्र के चकवाड़ा, चोरू, नारेड़ा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेड़ा, लदाना, के जिनालयों में जैन समाज ने श्रुत पंचमी का पर्व मनाया। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने बताया कि श्रुत पंचमी का दिन ज्ञान की आराधना का महापर्व है, इस दिन श्रावक मां जिनवाणी की पूजा अर्चना करते हैं, पावन पर्व श्रुत पंचमी के दिन मंदिरों एवं घरों में रखें हुए पुराने ग्रंथों की साफ-सफाई कर भक्ति भाव से उनकी पूजा करते हैं।

### विवाहिता की संदिग्ध मौत

**मालपुरा, (निसं)।** लाम्बाहरिसिंह थानान्तर्गत गुलगांव निवासी एक विवाहिता की उपचार के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। थानाधिकारी भागीरथ सिंह ने बताया कि गुलगांव निवासी विवाहिता मनराज बैरवा मंगलवार की रात्री को अचानक अचेत हो गई। जिसे परिजनों ने मालपुरा अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया। जहां दौराने उपचार विवाहिता की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन से मिली सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में ले पीहर पक्ष को अस्पताल बुलाया। दोनों पक्षों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंपा गया।

### सूने मकान से आभूषण चोरी

**रामगढ़ पचवारा/ लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय की समीपवर्ती ग्राम पंचायत डीडवाना खोहरा मोहल्ला में बीती रात एक सरकारी बाबू के सूने पड़े मकान में चोरों द्वारा सेंधमारी कर करीब डेढ़ लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के आभूषण पार किये गये। इस चोरी के मामले को लेकर धौलपुर जिले में पंचायत समिति राजाखेड़ा में पदस्थ कनिष्ठ सहायक विष्णु सोनी ने एक रिपोर्ट लालसोट थाने में देते हुए बताया कि वह उसके गांव डीडवाना से 13 मई को सरकारी नौकरी के लिए राजाखेड़ा चला गया था। जहां 23 मई को जब गांव आया तो उसने देखा कि उसके कमरे के ताले टूटे हुए एवं कमरे में दो गोदरेज की जो आलामारी रखी हुई थी पूरी तरह टूटी हुई अवस्था में पड़ी हुई थी।

### 33 यूनिट रक्त एकत्रित

**कोटपूतली, (निसं)।** जयपुर ग्रामीण के भाजपा नेता व निम्स विश्वविधालय के निदेशक डॉ. पंकज सिंह के जन्मदिवस पर कस्बा स्थित जीवनदाता ब्लड बैंक में युवा नेता जयसिंह पायला, अंकित नून व गुड्डू शर्मा द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढकर भाग लेते हुए कुल 33 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान किया।

# पानी की व्यवस्था को लेकर पूर्व विधायक एस.डी.एम. से मिले

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** शहर में बिगड़ी पेयजल व्यवस्था को लेकर पूर्व विधायक रामहेत यादव ने सरकार और अधिकारियों को दोषी ठहराया है। यादव ने चेतावनी दी है कि शहर की पानी की व्यवस्था को जल्द ठीक नहीं किया गया तो भाजपा बड़ा आंदोलन करेगी जिसके लिए जिम्मेदार प्रशासन होगा।

पूर्व विधायक ने पानी की समस्या को लेकर पार्षदों के साथ एसडीएम गंगाधर मीणा से भी मुलाकात की है। दूसरी तरफ विधायक दीपचंद खैरिया एसडीएम गंगाधर मीणा ने पेयजल समस्या को लेकर चेयरमैन पार्षदों की बैठक ली और पार्षदों के सुझाव लेकर अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिए। पूर्व विधायक रामहेत यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस के लोग पानी पर राजनीति कर रहे हैं यह ठीक बात नहीं है राज हमारा भी था, एमएलए मैं भी रहा हूं। पूर्व विधायक यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा जो सरकार पानी बिजली लोगों को नहीं दे सकती है वह सरकार महंगाई राहत कैंप लगा रही है। बिजली में 100 यूनिट फ्री देने के नाम पर सरकार उनसे बिल में उससे भी अधिक फ्यूल सरचार्ज वसूल रही है। यादव ने कहा सरकार राहत कैंप के नाम पर केवल केवल कांग्रेस का प्रचार कर रही है।

■ व्यवस्था नहीं सुधरी तो आंदोलन की चेतावनी दी

किशनगढ़ बास में करीब 30 करोड़ की पेयजल योजना भाजपा सरकार में शुरू की गई। साढ़े 4 साल के कांग्रेस राज में सरकार और अधिकारियों की अनदेखी के कारण हालात यह बन चुकें हैं कि जो पानी दो मंजिल ऊपर तक बिना बिजली मोटर के लगाए पहुंचता था वह आज बिजली से मोटर लगा कर भी नहीं पहुंच पा रहा है। शहर में आधे से ज्यादा से बोरिंग सूख चुके हैं अगर सरकार समय-समय पर उनके स्थान पर नए बोरिंग व लाइनों में जमा फ्लोराइड की सफाई कराती रहती तो आज पानी की दिक्कत नहीं होती।

वार्ड 6 के पार्षद मनीष लखयाणी ने बताया कि पूर्व विधायक रामहेत यादव ने वार्ड वासियों की पानी की समस्या को सुना। वार्ड के लोगों ने बताया कि रात रात भर जागने के बाद भी पानी नहीं मिल पा रहा है। अधिकारियों से बात करते हैं तो एक ही जवाब मिलता है की बोरिंग सूख गए हैं पानी नहीं है। इस दौरान चेयरमैन तारामणि सतीश सिंघल पार्षद मीनाक्षी मनोज मित्तल तेज सिंह सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

## झूठी सूचना पर पिता-पुत्र गिरफ्तार

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** दोपहर करीब 11 बजे जिला पुलिस कंट्रोल रूम भिवाड़ी से गांव सरबिन्दपुरा से तलवाड़ थाना बहरोड़ सदर क्षेत्र में फायरिंग की सूचना पर वृत्ताधिकारी आनंद राव के थाना प्रभारी जयपाल एसआई जाब्ते सहित मौके पर पहुंचे। सूचना देने वाले योगेश पुत्र सुभाष चंद निवासी सरबिन्दपुरा तथा सुभाष चंद पुत्र मनोहर लाल जो गांव में ही मौजूद मिले घटना की जानकारी की तो योगेश और उसके पिता द्वारा औरतों की आपस में खेली में पानी भरने की बात को लेकर झगड़ा होने से उनके पुत्र पवन घर पर आया जिससे उसको थप्पड़ मार कर भगा दिया बताया। जबकि किसी प्रकार की कोई फायरिंग जैसी घटना तक नहीं हुई। जो घरेलू मामला होने से 100 नंबर की झूठी सूचना दी। जिसके चलते पुलिस को गुमराह करने पर सुभाष चंद पुत्र मनोहर लाल एवं योगेश पुत्र सुभाष चंद को हिरासत में लेकर आईपीसी 203 के तहत झूठी सूचना पर गिरफ्तार किया।

# विधायक ने गहलोत सरकार पर निशाना साध

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा टोडारायसिंह विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने बुधवार को डाक बंगले में मीडिया से रूबरू होते हुए प्रदेश की गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधा।

विधायक चौधरी ने कहा कि राजस्थान में विकास व प्रदेश के किसान एवं युवाओं को रोजगार सहित कानून व्यवस्था जैसी मूलभूत आवश्यकताओं पर बजट खर्च करने के बजाय प्रदेश में महंगाई राहत शिविरों के नाम पर करोड़ों रूपये व्यर्थ में खर्च कर जनता के साथ छलावा कर रहे हैं। जो योजनाएं केन्द्र सरकार द्वारा जनहित में चलाई गई थी उन योजनाओं के नाम बदलकर गहलोत सरकार जनता से वाहवाही लूटने का प्रयास कर रही है। जिन योजनाओं का ऑनलाईन पंजीयन करवाने के बाद ही लाभार्थी को लाभ मिलने की बात कही जा रही है उन योजनाओं के दस्तावेज पहले ही ऑनलाईन हो चुके हैं। प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों को शिविरों में उलझा जनता को लम्बी कतारों में लगा गहलोत सरकार योजनाओं की आड में स्वयं के चुनावी प्रचार का खेल खेल रही है। विधायक ने बताया कि गहलोत सरकार की विफलताओं को उजागर करने तथा केन्द्र सरकार के 9 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने को लेकर आगामी 31 मई को अजमेर में होने वाले प्रधानमंत्री की विशाल जनसभा में मालपुरा विधानसभा क्षेत्र से 5 हजार नागरिक सभा में भाग लेंगे। जिसको लेकर वो स्वयं गांव-ढाणी में पहुंच जनसम्पर्क कर रहे हैं।

■ गहलोत सरकार महंगाई राहत कैम्पों के नाम पर छलावा कर रही हैः चौधरी

## नालों की सफाई नहीं होने पर जाम लगाया

**टोंक, (निसं)।** गांधी पार्क के सामने कई दिनों से नालों की सफाई नहीं होने तथा नालों का गंदा पानी कचरे के साथ बहकर सड़कों पर फैलने से नाराज मौहल्ले वासियों ने बुधवार सवेरे करीब एक घण्टे तक सड़क पर जाम लगाकर नगर परिषद के खिलाफ नारेबाजी की। घण्टाघर-छावनी सड़क मार्ग पर जाम के चलते वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम की सूचना पर वृत्ताधिकरी टोंक सलेह मोहम्मद, कोतवाल जितेन्द्र सिंह मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे तथा लोगों से समझाइस की। इस दौरान नगर परिषद के सभापति अली अहमद के निर्देश पर परिषद के सफाई निरीक्षक सुनील मीणा सहित सहायक अभियंता धर्मेन्द्र मीणा आदि मौके पर पहुंचे तथा लोगों से वार्ता कर नालों की जेसीबी से तुरन्त सफाई का काम शुरू करवाकर जाम हटवाया गया। उल्लेखनीय रहे कि मंगलवार को मौहल्लेवासियों ने सभापति अली अहमद से मिलकर भी इस समस्या से उन्हें अवगत करवाया था। सभापति ने बताया कि सफाई कर्मियों की हड़ताल मंगलवार की शाम को ही खत्म हुई है, बुधवार को नालों की जेसीबी से सफाई करवाकर पानी की निकास करवा दी गई है।

# सरपंच की तानाशाही से नाराज वार्ड पंचों ने धरना दिया

**नारायणपुर, (निसं)।** ग्राम पंचायत मिनिसचिवालय में बुधवार को सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी की तानाशाही को लेकर वार्ड पंच और ग्रामीणों ने धरना दिया और सरपंच के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि भवानीशंकर सैनी और वार्ड पंच आमने-सामने हो गए। उपसरपंच आकाश अग्रवाल ने सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि सन 2021 में लगे प्रशासन गांवों के संग शिविर में लोगों ने पट्टे बनवाने के लिए आवेदन किए गये थे। लेकिन आज तक ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा उन पट्टा फाइलों का निस्तारण नहीं किया गया। जबकि प्रभावशाली लोगों के पट्टे सरपंच द्वारा अपनी मनमर्जी से बना दिए जाते हैं। जिससे स्थानीय लोगों में रोष बना हुआ है। वार्ड पंच दिनेश भार्गव ने कहा कि पिछले एक साल से सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी की तानाशाही से वार्ड पंचों की महत्वता ख़त्म होती जा रही है। सरपंच द्वारा वार्ड पंचों को आय-व्यय का ब्यौरों नहीं दिया जा रहा, प्रस्ताव लिया जाता है तो उस पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती, एक्शन प्लान में चहेते वार्ड पंचों के विकास कार्य दर्ज किए जा रहे हैं। वार्ड पंचों को पाक्षिक बैठक और ग्राम सभा की कोई जानकारी नहीं दी जाती। वार्ड पंचों ने कहा कि जल्द प्रशासन द्वारा 7 दिन में कार्रवाई नहीं की गई तो सामूहिक रूप से कलेक्टर को इस्तीफा दिया जायेगा ।

इधर सरपंच मन्नी देवी ने बताया कि कुछ वार्ड अपने निजी स्वार्थ और आर्थिक हित साधने के लिए मुझ पर दवाब बनाकर नाजायज काम करवाना चाहते हैं। जबकि कैंप की पूर्व तैयारियों कोई लेकर बैठक की गई है। जिसमे 95 पट्टों के निस्तारण एवं नवीनीकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई हैं। इस मौके पर आकाश अग्रवाल, वार्ड पंच दिनेश भार्गव, सरिता कंवर, रवि सोलंकी, महावीर शर्मा, नरेंद्र सिंह शेखावत, धुडाराम यादव, सुरेश राठी, मोनू, रोहिताश, बनवारी, कैलाश, विनोद, सरदारा मीणा, बिल्लू सहित दर्जनों लोग मौजूद थे ।



मांगों को लेकर ग्रामीणों व वार्डपंचों ने मिनिसचिवालय में धरना दिया।

## विद्यार्थियों का सम्मान किया

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के शक्ति विहार कॉलोनी स्थित शिव सरस्वती स्कूल में 12 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विधार्थियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि स्वामी गणेशानंद महाराज ने विधार्थियों को मानवीय मूल्यों को अपनाने, माता-पिता व गुरुजनों का सम्मान करने व अच्छी आदतों को व्यवहारिक रूप से अपनाने पर जोर दिया। अध्यक्षता निदेशक बद्रीप्रसाद शर्मा ने की। 12 वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों में छात्रा तनु प्रिया ने विज्ञान संकाय में 95.80 प्रतिशत, जय शिखा सैनी ने 94.80, हितार्थ खांडल ने 93.80, मोहित मीणा ने 93.80, निशा सैनी ने 93.60, कंचन सैनी ने 93.60, अभय प्रजापत ने 93.40, नितिन यादव ने 92.80, किरण कंवर शेखावत ने 91.60, दिव्यांशी मित्तल ने 91, करिश्मा ने 90.20, दिवेश शर्मा ने 90.20, मोहित कुमार ने 90, नमन दिव्यकीर्ति ने 90, लक्षिता शर्मा ने 90, आंचल टांक ने 90, निधि कसाना ने 90, कार्तिक शर्मा ने 89.20, मोनिका सैनी ने 89.20, पूनम कुमारी ने 88.60, स्नेहा अग्रवाल ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विधालय व माता-पिता का नाम रोशन किया।



*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, ब्रिटिश शासन से 14 अगस्त 1947 को सत्ता हस्तांतरण की परम्परा को दोहराते हुये इस महत्वपूर्ण दिन के ऐतिहासिक एवं पवित्र प्रतीक ''सेंगोल'' अर्थात् राजदण्ड को स्वीकार करेंगे। नये संसद भवन के लोकार्पण के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी इस ऐतिहासिक परम्परा को एक बार फिर दोहरायेंगे। ऐतिहासिक ''सेंगोल'' को बाद में लोकसभाध्यक्ष के शासन के निकट स्थापित किया जायेगा। उस समय इस महान भारतीय परम्परा का निर्वाह करने के लिए ब्रिटिश वाइसरॉय खुद भारत आये थे और उन्होंने 14 अगस्त 1947 को यह पवित्र प्रतीक प्र.मंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु को सौंपा था।*

# ऐतिहासिक ''सेंगोल'' ( राजदण्ड ) को नये संसद भवन में स्थापित करेंगे प्र.मंत्री मोदी

## 14 अगस्त 1947 के दिन सत्ता हस्तांतरण करते समय प्रधानमंत्री पंडित नेहरु को ब्रिटिश वायसरॉय लॉर्ड माउन्टबेटन ने यह राजदण्ड सौंपा था

- **पंडित नेहरू ने अपने आवास पर लॉर्ड माउंटबेटन की मौजूदगी में तमिलनाडु के अधिनम से आये धार्मिक शिष्टमंडल से सेंगोल को स्वीकार किया था।**
- **गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि, सेंगोल शब्द तमिल भाषा के सेमई शब्द से बना है जिसका अर्थ नीति परायणता है। उन्होंने कहा कि, सेंगोल न्याय और नीति पर आधारित शासन के भाव से जुड़ा है।**

नई दिल्ली, 24 मई। नए संसद भवन के लोकार्पण के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, 14 अगस्त 1947 की सत्ता हस्तांतरण की परम्परा को दोहराते हुए पवित्र ''सेंगोल'' (राजदण्ड) को स्वीकार करेंगे, जिसे बाद में लोकसभाध्यक्ष के आसन के निकट स्थापित किया जाएगा।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि, आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी अनेक लोगों को इस बात की जानकारी नहीं है कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 14 अगस्त 1947 को आजादी मिलने के समय प्राचीन भारतीय परंपराओं का निर्वहन करते हुए ब्रिटिश साम्राज्य से सत्ता के हस्तांतरण के प्रतीक के रूप में पवित्र ''सेंगोल'' को स्वीकार किया गया था। उन्होंने कहा कि, ब्रिटिश सरकार ने इस विशेष अवसर और परंपरा के लिए वाइसरॉय लॉर्ड माउन्टबैटन को भारत भेजा था। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू ने अपने आवास पर लॉर्ड माउन्टबैटन की मौजूदगी में तमिलनाडु के अधिनम से आये धार्मिक शिष्टमंडल से सेंगोल को स्वीकार किया था।

शाह ने कहा कि सेंगोल भारत की प्राचीन आध्यात्मिक परंपरा से जुड़ा है और इसका संबंध आठवीं सदी के चोल साम्राज्य से है। सेंगोल शब्द तमिल भाषा के सेमई शब्द से बना है जिसका अर्थ नीति परायणता है। उन्होंने कहा कि, सेंगोल न्याय और नीति पर आधारित शासन के भाव से जुड़ा है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आगामी रविवार को जब प्रधानमंत्री नये संसद भवन का उद्घाटन करेंगे तो तमिलनाडु के 20 अधिनम के अध्यक्ष मोदी को यह सेंगोल प्रदान करेंगे।

उन्होंने कहा कि यह पवित्र सेंगोल न्यायपूर्ण शासन व्यवस्था का प्रतीक है इसलिए इसकी जगह संग्रहालय के बजाय संसद भवन होनी चाहिए।

शाह ने बताया कि, यह सेंगोल अब तक इलाहाबाद के एक संग्रहालय में रखा था। शाह ने 75 वर्ष पुरानी इस ऐतिहासिक घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सत्ता हस्तांतरण से पहले लॉर्ड माउन्टबैटन ने पंडित नेहरू से इस मौके पर किये जाने वाले विशेष समारोह के बारे में पूछा तो पंडित नेहरू ने भारत रत्न और महान स्वतंत्रता सेनानी तथा विचारक सी राजगोपालाचारी के साथ सलाह की। राजगोपालाचारी ने पंडित नेहरू को सत्ता के हस्तांतरण से संबंधित भारत की प्राचीन परंपरा सेंगोल के बारे में बताया।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि, इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए पंडित नेहरू को ब्रिटिश साम्राज्य से सत्ता के हस्तांतरण के प्रतीक के तौर पर, पूर्ण विधि विधान से यह सेंगोल प्रदान किया गया था। उन्होंने कहा कि, उस समय अंतर्राष्ट्रीय मीडिया तथा देश के मीडिया ने सेंगोल के बारे में विस्तार से समाचार प्रकाशित किये थे।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 के बाद यह सेंगोल ओझल हो गया तथा 1978 में दक्षिण के परमाचार्य ने अपने एक अनुयायी को सेंगोल के बारे में जानकारी दी थी। इसके बाद से यह इलाहाबाद के संग्रहालय में था। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इन सब बातों के बारे में जानकारी मिली तो उन्होंने इस बारे में विस्तार से अध्ययन तथा जांच कराने के बाद इस परंपरा को दोबारा जीवंत करने का निर्णय लिया।

शाह ने इस मौके पर सेंगोल से संबंधित एक वेबसाइट भी शुरू की जिस पर सेंगोल से संबंधित सभी जानकारी विस्तार से उपलब्ध है।

# 'पानी की टंकी' वाली वन भूमि का सर्वे करेगी हाई कोर्ट द्वारा गठित पांच सदस्यों की कमेटी

## न्यायालय के आदेश पर बनी यह कमेटी 3 दिन में अपनी रिपोर्ट जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित को सौंपेगी

- **इस कमेटी में जलदाय, राजस्व, वक्फ बोर्ड, वन विभाग और पी.आई.एल. दायर करने वाले प्रतिनिधि शामिल किए गए हैं।**

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 24 मई। राजधानी जयपुर के नाहरगढ़ क्षेत्र में वन भूमि पर जलदाय विभाग द्वारा अवैध तरीके से वॉटर टैंक बनाने का मामला तूल पकड़ गया है। राजस्थान हाईकोर्ट में मनोज जांगिड़ द्वारा जनहित याचिका (पी.आई.एल.) दायर की गई थी, मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट के आदेश पर इस भूमि का टाइटल जांचने के लिए पांच सदस्यों की संयुक्त जांच कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी में जलदाय, राजस्व, वक्फ बोर्ड, वन विभाग के अधिकारी और पी.आई.एल. दायर करने वाले मनोज जांगिड़ अथवा उनके प्रतिनिधि को शामिल किया गया है। यह जांच समिति विवादित भूमि का संयुक्त सर्वे करके अगले 3 दिन में अपनी रिपोर्ट जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित को सौंपेगी।

कलेक्टर द्वारा 23 मई को आदेश जारी कर गठित की गई इस कमेटी में उप वन संरक्षक जयपुर, जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता, तहसीलदार जयपुर, वक्फ बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी और पी.आई.एल. दायर करने वाले मनोज जांगिड़ अथवा उनके प्रतिनिधि को जोड़ा गया है।

कलेक्टर द्वारा जारी कार्यालय आदेश में कहा गया है कि, उपवन संरक्षक जयपुर के द्वारा अवगत कराया गया है कि, वनखंड बड़ी लाइन आमेर-54 की भूमि 21 नवंबर 1961 को विज्ञप्ति जारी कर आरक्षित वन घोषित किया था। इसके बाद राज्य सरकार ने आदेश जारी कर 2 मार्च 1972 को इस वनखंड भूमि में से कुछ खसरों की भूमि को नगर विकास न्याय को स्थानांतरित कर दिया था, लेकिन वन विभाग के पास उक्त भूमि का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। वर्तमान में जलदाय विभाग द्वारा जिस भूमि पर पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा है, वह वन भूमि है। ऐसे में इन पांच सदस्यों की जांच समिति उक्त भूमि का सर्वे कर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

ज्ञात रहे कि गत 19 मई को राजस्थान हाई कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई हुई थी। कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव और न्यायाधीश अनिल कुमार उपमन ने मनोज कुमार ने वन विभाग, जलदाय विभाग तथा वक्फ बोर्ड के अफसरों व प्रतिनिधियों को निर्देश दिया था कि, अगली तारीख तक इस भूमि के सही निर्धारण के साथ बनाए गए नक्शे समेत जवाब अदालत में पेश करें। अदालत ने इस मामले की अगली तारीख 30 मई तय की है।

## अडानी ग्रुप की वियतनाम में 3 बिलियन डॉलर के निवेश की योजना

नई दिल्ली, 24 मई। उद्योगपति गौतम अडानी समूह वियतनाम में पोर्ट और रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स में 3 बिलियन डॉलर तक निवेश करने की संभावना तलाश रहा है। वियतनाम सरकार ने एक बयान में यह जानकारी दी है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब अडानी पोर्ट्स के सीईओ करण अडानी और वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह ने मुलाकात की है। मुलाकात के बाद वियतनाम के प्रधानमंत्री ने भी अडानी समूह के निवेश के संकेत दिए।

इस मुलाकात के बाद करण अडानी ने कहा कि भारत की बड़ी कंपनियों के लिए यह देश अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण करने को तैयार है। वियतनाम के प्रधानमंत्री ने अडानी समूह का देश में स्वागत किया है। ऐसा माना जा रहा है कि वियतनाम में अडानी समूह लंबी अवधि में 10 बिलियन तक निवेश कर सकता है।

इस बीच, बुधवार को अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी पोर्ट्स का शेयर 2.13 प्रतिशत तक गिर गया। ग्रुप की सात कंपनियों के शेयर बुधवार को नुकसान में बंद हुए।

# कैलाश सत्यार्थी ने 41 बाल मजदूर मुक्त कराये

## ये बच्चे आजाद मार्केद (दिल्ली) की फैक्टरियों में पिछले काफी समय से बाल मजदूरी कर रहे थे

- **पिछले हफ्ते बीबीए, दिल्ली कैंट के एसडीएम, श्रम विभाग और पुलिस की साझा कार्रवाई में नारायणा से 14 बच्चों को मुक्त कराया गया था। इसमें ज्यादातर की सेहत खराब थी**

नयी दिल्ली, 24 मई (वार्ता)। देश में बच्चों के हित और उनके अधिकारों के लिए काम करने वाली नोबल पुरूस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी की संस्था बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) के प्रयासों और पुलिस की मदद से राजधानी दिल्ली के आजाद मार्केट में कई फैक्ट्रियों में काम करने वाले 41 बाल मजदूरों को आजाद कराया गया है।

बच्चों के दुर्व्यापार और बाल मजदूरी की खतरनाक समस्या पर बीबीए के निदेशक मनीष शर्मा ने कहा, यह पूरे समाज के लिए चिंता की बात है कि आजादी के दशकों बाद भी हम अपने बच्चों को बाल मजदूरी के कोढ़ से मुक्त नहीं करा पाए हैं। खिलौनों से खेलने की उम्र में बच्चों को खिलौना बनाते हुए देखना हम सभी को शर्मसार करने वाली बात है।

इस कार्रवाई के बाद आजाद मार्केट के राम बाग रोड पर स्थित दर्जन भर फैक्ट्रियों को सील कर दिया गया और इनके मालिकों के खिलाफ बाड़ा हिंदू राव थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। छुड़ाए गए बच्चे बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड के हैं।

छुड़ाए जाने के बाद मुख्य जिला स्वास्थ्य अधिकारी (मध्य दिल्ली) ने इन सभी बच्चों की चिकित्सा जांच की। इसके बाद इन बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें एक आश्रय गृह भेज दिया गया।

इस कार्रवाई का नेतृत्व कर रहे कोतवाली, दरियागंज के एसडीएम अरविंद राणा ने आदेश में कहा कि इन फैक्ट्री मालिकों ने बाल एवं किशोर श्रम कानून, बाल न्याय कानून और बंधुआ मजदूरी उन्मूलन कानून के प्रावधानों का उल्लंघन किया है। एसडीएम के आदेश पर पुलिस ने फैक्ट्री मालिकों के खिलाफ बंधुआ मजदूरी कानून, बाल श्रम कानून, बाल न्याय कानून और ट्रैफिकिंग एक्ट के प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज की ली है। राष्ट्रीय राजधानी में पिछले दस दिन में बच्चों को बाल मजदूरी से मुक्त कराने की बीबीए की यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। पिछले हफ्ते बीबीए, दिल्ली कैंट के एसडीएम, श्रम विभाग और पुलिस की साझा कार्रवाई में नारायणा से 14 बच्चों को मुक्त कराया गया था। इसमें ज्यादातर की सेहत खराब थी और उनके हाथ-पांव पर जले के निशान थे।

## पार्सल नहीं पहुंचा,...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

परिवाद दायर करने की तारीख से नौ फीसदी ब्याज सहित लौटाने को कहा है। आयोग के अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीणा व सदस्य श्रीचंद तेतरवाल ने यह आदेश नागर मल शर्मा के परिवाद पर दिया। परिवाद में कहा गया कि 9 मार्च 2022 को परिवादी ने उमर टेक्सटाइल्स से 9,450 रुपए की साडी खरीदी और उसे पानीपत पहुंचाने के लिए विपक्षी कार्गो के जरिए बुकिंग करवाई। कई दिनों तक पार्सल नहीं पहुंचा तो उसने कार्गो कम्पनी से बातचीत की, लेकिन कम्पनी टालमटोल करती रही। परिवादी ने पार्सल वापस मांगा तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया और उसके साथ अभ्रदता की गई। परिवादी ने उपभोक्ता अदालत में चुनौती देते हुए पार्सल की राशि हर्जाने सहित दिलवाए जाने का आग्रह किया। आयोग ने विपक्षी को नोटिस दिया, लेकिन ना तो उसने कोई जवाब दिया और ना ही उसकी ओर से कोई उपस्थित हुआ, जिस पर आयोग ने दस्तावेज व साक्ष्यों पर विपक्षी कार्गो कंपनी को पार्सल की राशि लौटाने का निर्देश देते हुए उस पर 25 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है।

# 'प्रजातंत्र की आत्मा, खींच कर, संसद...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

का उद्घाटन स्वयं करेंगे, हमारे लोकतंत्र का न केवल घोर अपमान, बल्कि इस पर सीधा हमला है तथा (यह स्थिति) इसके अनुरुप प्रतिक्रिया की माँग करती है।''

विपक्षी दलों ने कहा है कि भारत का संविधान अनुच्छेद 79 में कहता है कि ''संघ के लिये एक संसद होगी, जिसमें राष्ट्रपति तथा दो सदन होंगे जो क्रमश: काउंसिल ऑफ स्टेट्स (राज्यसभा) तथा हाउस ऑफ द पीपुल (लोकसभा) के नाम से जाने जायेंगे।''

वक्तव्य कहता है, ''राष्ट्रपति न केवल भारत के ''हैड ऑफ द स्टेट'' हैं, बल्कि संसद का अभिन्न अंग हैं। वे संसद को आहूत करते हैं, सत्रावसान करते हैं तथा संबोधित करते हैं। संसद के अधिनियम के लागू होने के लिये उनकी मंजूरी जरूरी होती है। संक्षेप में, संसद का काम-काज राष्ट्रपति के बिना नहीं हो सकता। फिर भी, प्रधानमंत्री ने उनके बिना नये संसद भवन का उद्घाटन करने का निर्णय ले लिया है। यह मर्यादाहीन कृत्य राष्ट्रपति के उच्च पद का अपमान तथा संविधान की भावना का उल्लंघन करने वाला है। यह समावेश की भावना जिसने राष्ट्र को अपनी पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति का जश्न मनाते देखा था, की जड़ काटना है।''

बयान में आगे कहा गया है कि ''अलोकतांत्रिक कृत्य प्रधानमंत्री के लिये नये नहीं है, जिन्होंने संसद को बड़ी निष्ठुरता के साथ खोखला कर दिया है।''

विपक्षी दलों ने कहा है कि संसद के विपक्षी सदस्यों ने जब भारत की जनता के मुद्दे उठाये तो उन्हें डिस्क्वालिफाइड, निलम्बित तथा खामोश कर दिया गया है।

इन दलों ने कहा, ''सत्ता पक्ष के सांसदों ने संसद विधेयक, जिनमें तीन कृषि विधेयक भी शामिल हैं, तकरीबन बिना बहस के पारित कर दिये गये हैं तथा ससंदीय कमेटियाँ, व्यवहारिक स्तर पर समाप्त कर दी गई हैं। नया संसद भवन, सर्दियों में एक बार होने वाली महामारी के दौरान, बहुत बड़ी धनराशि खर्च करके बनवाया गया तथा इसके लिये भारत की जनता, अर्थात् सांसदों से विचार-विमर्श तक नहीं किया गया, जिनके वास्ते यह बनवाया गया है।''

विपक्षी दलों ने यह टिप्पणी करते हुये कि संसद से लोकतंत्र की आत्मा चूस ली गई है, कहा, ''इस प्रकार इस नये भवन का कोई महत्व नहीं है। हम इस स्वैच्छाचारी प्रधानमंत्री तथा उसकी सरकार के खिलाफ पूरे मन एवं दृढ़ता से लड़ते रहेंगे तथा अपना संदेश सीधे भारत की जनता तक पहुँचायेंगे।''

टी.एम.सी., आप तथा सी.पी.आई ने बहिष्कार की घोषणा मंगलवार को ही कर दी थी। चार पार्टियों- ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की बी.जे.डी., तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव की बी.आर.एस., आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाय.एस. जगमोहन रेड्डी की वाय.एस.आर.सी.पी. तथा उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की बसपा ने शेष विपक्ष के साथ शामिल नहीं होने का निर्णय लिया है। ये चारों ही दल, एन.डी.ए. शासनकाल में केन्द्र सरकार को सहयोग प्रदान करते आ रहे हैं। उनका यह निर्णय अपेक्षित ही था।

वक्तव्य में कहा गया है कि किस प्रकार से मोदी सरकार, 2014 में सत्ता में आने के बाद से ही, सोचे-समझे तरीके से लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमज़ोर करती आ रही है तथा उनकी जड़ें खोदती आ रही है तथा साफ तौर पर लोकतंत्र के संसदीय स्वरूप में विपक्ष की भूमिका को नकारती आ रही है।

## उद्धव ने...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ठाकरे ने केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ संयुक्त प्रैस कॉन्फ्रैंस की और कहा कि हम सब देश और लोकतंत्र को बचाने के लिए एक साथ आए हैं। मुझे लगता है कि हमें ''विपक्षी दल'' नहीं कहना चाहिए। असल में उन्हें (भाजपा) विपक्षी कहना चाहिए, क्योंकि वे लोकतंत्र संविधान के खिलाफ हैं।

# हीट वेव का दौर खत्म, अगले 2-3 दिन होगी देश में झमाझम बारिश

- **इंडियन मीटिरियॉलजिकल डिपार्टमैंट (आई.एम.डी.) ने नये पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव आने की भविष्यवाणी की**

नई दिल्ली, 24 मई। इंडियन मीटिरियोलजिकल डिपार्टमैंट (आई.एम.डी.) ने एक बड़ी खुशखबरी दी है और बताया कि पूरे भारत में लू का प्रकोप समाप्त हो गया है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2-3 दिनों तक दिल्ली-एन.सी.आर. समेत देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है। पहले ही आई.एम.डी. ने पहले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 24 मई से 27 मई तक गर्मी से राहत मिलने की संभावना जताई थी। बिहार-राजस्थान, दक्षिणी भारत के कई इलाकों में हुई तेज आंधी के साथ बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं बेंगलुरु में बारिश से तबाही भी मची है।

आईएमडी के मौसम वैज्ञानिक आरके जेनामणि ने बताया है कि पूरे भारत में आज लू का प्रकोप समाप्त हो गया है। आज से तापमान में कमी आएगी और बादल छाए रहेंगे। हमने राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और चंडीगढ़ में ओलावृष्टि, आंधी और बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अगले 2-3 दिनों तक पहाड़ी इलाकों में भारी बारिश की संभावना है। पूर्वी भारत में भी तूफान के आसार हैं।

## 'हमको जे.डी.ए....

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जे.डी.ए. के अधिकारियों से सवाल पूछ सकती है कि क्यों उनकी कॉलोनी के नियमन के लिए कैंप नहीं लगाया गया जबकि उनकी कॉलोनी में सभी मापदण्डों एवं नियमों का पालन किया गया है।''

उन्होंने बताया कि जे.डी.ए. ने उनके जैसी कई कॉलोनियों का नियमन किया है परन्तु उनकी कॉलोनी के निवासियों को वंचित रखा है, ''इसका क्या कारण है। आप जे.डी.ए. से ही पूछें, तो सब दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा।''

उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में पृथ्वीराज नगर में बिजली चोरी इसलिए ही हो रही है क्योंकि जे.डी.ए. ने पट्टा जारी नहीं करके लोगों के समक्ष कोई अन्य विकल्प नहीं छोड़ा है।

बहस के दौरान सरकार और डिस्कॉम की तरफ से पैरवी कर रहे वकीलों की ओर इस तथ्य को भी नकारा नहीं गया कि राज्य सरकार ने पृथ्वीराज नगर क्षेत्र में सभी लोगों को बिजली कनेक्शन आवंटित करने का फैसला इसलिए लिया है क्योंकि सरकार अब ''इलेक्शन मोड'' में है।

अदालत ने सभी तथ्यों को सुनने के बाद फैसला सुनाने के लिए इस मामले को सूचीबद्ध किया है।

## रेल वैगन...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है, ने भी अपने रायबरेली प्लांट, जो आईआर की उत्पादन इकाई है, में पहियों का निर्माण शुरू कर दिया है। आई आर के सूत्रों ने कहा ''2300 करोड़ रु0 की लागत से स्थापित इस प्लान्ट में 100,000 पहिये प्रतिवर्ष बनाने की क्षमता है लेकिन उत्पादन काफी कम रहा है तथा उत्पादन लागत बहुत ज्यादा आई है क्योंकि आर आई एन एल इंजीनियर इसके उतने ज्यादा विशेषज्ञ नहीं थे। पिछले वर्षों में, आई आर की कोशिश रही कि प्राइवेट निवेशक आर आई एन एल का अधिग्रहण कर लें, लेकिन आई आर को इसमें कामयाबी नहीं मिली। रेल मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा है, ''जहाँ रामकृष्ण-टीटागढ़ प्लान्ट को उत्पादन शुरू करने में दो वर्ष लगेंगे, वहीं आर आई एन एल प्लान्ट की उत्पादन क्षमता पहले दिन से ही बढ़ जायेगी। सरकार, प्राइवेट निवेशकों को आकर्षित करने के लिये, सब्सिडी के रूप में ''लाइबिलिटी गैप फन्डिंग'' की पेशकश कर सकती थी। दुर्भाग्यवश, ऐसा नहीं किया गया।''

# ई.डी. ने सांसद संजय सिंह के दो सहयोगियों के खिलाफ छापे मारे

## संजय सिंह ने छापों के संदर्भ में दावा किया कि, ई.डी. ने कोना-कोना छान मारा, लेकिन कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला

- **संजय सिंह ने ई.डी. के छापों को राजनीति से प्रेरित कार्रवाई बताया और कहा कि, मेरे दोस्तों और सहयोगियों को बेवजह परेशान किया जा रहा है।**

नयी दिल्ली, 24 मई (वार्ता)। आम आदमी पार्टी (आप) नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बुधवार को आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित दिल्ली शराब नीति मामले में उनके दो सहयोगियों के परिसरों की तलाशी ली।

सिंह ने ट्वीट किया, मैं मोदी की तानाशाही के खिलाफ लड़ रहा हूं। ईडी की फर्जी जांच का पर्दाफाश पूरे देश के सामने हुआ। ईडी ने मानी अपनी गलती जब कुछ नहीं मिला तो आज उसने ने मेरे साथियों अजीत त्यागी और सर्वेश मिश्रा के घर पर छापा मारा।

सर्वेश के पिता कैंसर से पीड़ित हैं। यह अत्याचार की पराकाष्ठा है। आप कितना भी अत्याचार करें। लड़ाई जारी रहेगी।

आप नेता ने अपने ट्विटर हैंडल पर पोस्ट वीडियो संदेश में ईडी के छापे को लेकर केंद्र पर कटाक्ष किया और आरोप लगाया, सरकार ईडी का दुरुपयोग कर रही है। हम ईडी के दुरुपयोग का पर्दाफाश करेंगे। लड़ाई जारी रहेगी।

आम आदमी पार्टी (आप) ने राज्यसभा सांसद संजय के सहयोगियों के घर ईडी की छापेमारी को बुधवार को राजनीति से प्रेरित करार दिया।

'आप' के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, पिछले करीब एक साल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद-प्रवक्ता टीवी डिबेट्स में खुलकर 'आप' लोगों का नाम लेकर कहते हैं कि अब इनको गिरफ्तार करेंगे और ईडी-सीबीआई का छापा पड़ेगा। पूरी दिल्ली में भाजपा एक तय तरीके से 'आप' नेताओं के बारे में खबरें फैलाती है कि आज इससे गिरफ्तार करेंगे।

भारद्वाज ने कहा, जिस तरह संजय सिंह का पूरा प्रकरण सामने आया, अगर कोई और देश होता या फिर केंद्र सरकार में किसी और पार्टी की सरकार होती तो उसके लिए बेहद शर्मिंदगी की बात थी। संजय सिंह ने जिस तरह से संसद में अडानी मामले में खुलकर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री से सवाल पूछे, उसके बाद भाजपा वाले कहने लगे कि अब अगला नंबर संजय सिंह का लगेगा। संजय सिंह का नाम चार्जशीट के अंदर डाला गया।

संजय सिंह ने ईडी को लीगल नोटिस दिया। उस लीगल नोटिस से घबराकर ईडी का लिखित जवाब आया कि उन्होंने गलती से संजय सिंह नाम डाल दिया, जोकि बहुत हैरानी की बात है।

## बैंकों में कैश की कमी

नई दिल्ली, 24 मई। देश की कुछ बैंक शाखाओं में 2,000 रुपये के नोट बदलने की प्रक्रिया बुधवार को कैश की कमी के कारण अस्थायी तौर पर रोकनी पड़ी। इससे लोगों को कुछ समय तक इंतजार करना पड़ा। बैंकों से जुड़े सूत्रों ने बताया कि कुछ शाखाओं में 2,000 रुपये के नोट के बदले दिए जाने वाले कम मूल्य के नोट कम पड़ गए। हालांकि कुछ समय बाद करेंसी चेस्ट से नोट आ जाने के बाद लोगों को राहत मिल गई।

विभिन्न बैंकों के शीर्ष अधिकारियों ने दावा किया कि शाखाओं में कम मूल्य के नोट की कमी से जुड़ी बड़ी शिकायतें नहीं सामने आई हैं। इसके साथ ही शाखाओं में भीड़ की भी स्थिति नहीं देखने को मिली है। केनरा बैंक के मुख्य महाप्रबंधक भवेंद्र कुमार ने कहा, ''हम दिल्ली सर्किल में अपनी सभी शाखाओं को 500, 200 और 100 रुपये मूल्य के नोट लगातार पहुंचा रहे हैं ताकि 2,000 रुपये के नोट बदले जा सकें।

## 'नैक्सा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

निवेश रकम को दोगुना करने और हर सप्ताह खाते में राशि जमा करने का कहकर लोगों को झांसे में लिया। वहीं हजारों पीड़ितों से करीब 2700 करोड़ रुपए ठगने के बाद आरोपी अंडरग्राउंड हो गए और विदेश जाने की योजना बनाने लगे। लेकिन लुक आउट सर्कुलर जारी होने के चलते वे भारत के बाहर नहीं जा सके। ऐसे में वे राजस्थान के साथ-साथ गुजरात, हरियाणा और दिल्ली सहित अन्य राज्यों में फरारी काटने लगे। आखिर में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908